×		०		२		०		३		४	

"अभोग अन्तरानुसार"

राग रामकली : परिचय

रामकली भैरव थाट का एक प्राचीन राग है। हवेली संगीत परम्परामें प्रातःकालीन सेवा के प्रारंभ में भैरव और रामकली ये दोनों राग अधिकतर गाये जाते हैं। आजकल इस राग में दोनों मध्यम और दोनों निषाद का प्रयोग किया जाता है, किन्तु अष्टछाप परम्परा की प्राचीन रामकली में भैरव के समान स्वर होते हुए भी भिन्न स्वरूप स्पष्ट होता है। भैरव में मन्द्र और मध्य सप्तक का अधिक चलन है। ऋषभ का विशिष्ट आन्दोलन एवं धैवत का बादित्व और ऋषभ आन्दोलन रहित है। इस प्रकार का उल्लेख पं. भातखंडेजी ने भी अपनी क्रमिक पुस्तक चतुर्थ में रामकली के विवरण में किया है। तदुपरान्त संगीतशास्त्र की तृतीय पुस्तक में भी निम्नानुसार उल्लेख मिलता है—" यह राग रामकली

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

एक सरल परन्तु उलझन में डाल देने वाला स्वरूप सम्पूर्ण रामकली है।" रामकली में सा, म, प, स्वरों का प्राबल्य खास तौर से ध्यान खींचने वाला है। कभी यह राग भैरव के पहले और कभी पीछे गाया जाता है।

आजकल कुछ कीर्तनकार दोनों मध्यम, दोनों निषाद के प्रयोग वाली रामकली में कुछ पद गाने का प्रायत्न कर रहे हैं। यह कृत्य प्राचीन परम्परा से सुसंगत नहीं है। अंतिम ५० वर्षों से ही यह कुछ कीर्तनकारो पर आधुनिक रामकली की छाया का असर कारणभूत होना संभवित है।

रामकली में पुष्टिमार्गीय सेवा को नित्य के, बधाई के और उत्सवों के पद प्राप्त होते हैं, जिनके मंगला दर्शन के पूर्व सेवा-समय, मंगला के दर्शन के समय और तत्पश्चात् के अवसर में बारहों महीने गाने की प्रथा है।

रामकली का थाट भैरव, जाति सम्पूर्ण, वादी पंचम, संवादी ऋषभ है। स्वर रे, ध कोमल, शेष शुद्ध है। क्वचित् विवादी के नाते से निषाद कोमल का अल्प प्रयोग किया जा सकता है। रामकली का गान-समय दिनका प्रथम प्रहर है।

आरोहावरोह :-साग, मप, ध, निसां/सांनिध, प, म, ग रे सा

पकड :- धप, मप, गमप, म, रे सा

पकड (प्रकार-२) ध प, मप, धनि धपग, म, रे सा

स्वर-विस्तार :- साग, मप, पध, प, पग, म, ध, प, ग, मप, गमप, रे सा। प प ध, धसां, निसां, ध, धसां, निसां, रेंसां, निसां, ध, प, ग, मप, पध, सां, ध, निधप, मप, म, गम, रे, गमप, मरे, सा।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग रामकली—ताल चौताल

देखो—देखोरी नागर नट निर्तत कालिंदीतट,
गोपिन के मध्य राजें मुकुट की लटक ॥
काछिनी किंकिनी कटि पीतांवर की चटक,
कुंडल किरन रवि रथ की अटक ॥१॥
ततथेई तत्ताथेई सब्द सकल घट,
उरप तिरप लेत पग की पटक ॥
रास में श्री राधे—राधे मुरली में येही रट,
'नंददास' गाये तहाँ निपट निकट ॥२॥

स्थायी

प	गम	ध
दे	—	खो

ध॒	—	ध॒	प	—	प	म	—	रे॒	म	रे॒	सा
दे	—	खो	री	—	ना	ग	—	र	न	—	ट
×		०		२		०		३		४	
नि़	सा	ग	म	—	प	ग	म	रे॒	रे॒	सा	—
नि	—	र्तं	त	—	का	लिं	—	न्दी	त	ट	—
×		०		२		०		३		४	
रे॒	—	सा	म	—	गम	प	—	प	ध॒	—	पध॒
गो	—	पि	न	—	के—	म	—	ध्य	रा	—	जें
×		०		२		०		३		४	

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सां	सां	रे	सां	ध	ध	ध	प	—	प	गम	प
झु	कु	ट	की	—	ल	ट	क	—	दे	—	ख
×		०		२		०		३		४	

अंतरा

प	—	प	ध	—	ध	सां	सां	—	नि	सां	—
का	—	छि	नी	—	किं	कि	नी	—	क	टि	—
×		०		२		०		३		४	
ध	ध	—	सां	—	सां	रें	सां	—	नि	सां	सां
पी	तां	—	व	—	र	की	—	—	च	ट	क
×		०		२		०		३		४	
रें	—	रें	गं	मं	रें	रें	सां	—	ध	—	प
कुं	—	ड	ल	—	कि	र	न	—	र	—	वि
×		०		२		०		३		४	
सां	सां	—	ध	—	ध	प	प	—	म	गम	प
र	थ	—	की	—	अ	ट	क	—	दे	—	खो
×		०		२		०		३		४	

संचारी

सां	सां	—	ध	—	प	ध	ध	—	प	—	प
ता	त	—	थे	—	ई	त	त्ता	—	थे	—	ई
×		०		२		०		३		४	

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ध॒	–	–	सां	–	सां	ध॒	ध॒	–	प	–	प
स	–	–	ब्द	–	स	क	ल	–	ध	–	ट
×		०		२		०		३		४	
म	मग	रे॒	रे॒	ग	प	म	ग	म	रे॒	–	सा
उ	र	–	प	–	ति	र	प	–	ले	–	त
×		०		२		०		३		४	
नि़	सा	–	ग	म	प	ध॒	–	–	प	–	–
प	ग	–	की	–	प	ट	–	–	कृ	–	–
×		०		२		०		३		४	

"आभोग" अंतरानुसार

राग रामकली–ताल चंपक यानि अर्धआडाचौताल

पालनें गोविंद झूलो पालनें गोविंद ॥
दधि मथों नवनीत काढ़ों, तुमकों आनंदकंद ॥१॥

कंठ कठुला ललित लटकन, भ्रकुटि मनके फंद ॥
निरखि छबि छिन–छिन झुलाऊँ, गाऊँ लीला छंद ॥२॥

द्वै दूधकी दतियाँ सुख की निधियाँ, हसत जव कुछ मंद ॥
'चत्रभुज'प्रभु जननी बलि, गिरिधरन गोकुलचंद ॥३॥

स्थायी

सां – सां	ध॒ –	प ध	सां – सां	ध॒ प	गम म
पा ऽ ल	नें ऽ	गो ऽ	विं ऽ द	झू ऽ	लोऽ ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

× २	३	४	× २	३	४
ध – ध	प –	गम पम	ग रे सा	ग म	ध –
पा ऽ ल	नँ ऽ	गोऽ ऽऽ	वि ऽ द	झू ऽ	लोऽ ऽ
× २	३	४	× २	३	४

अंतरा

ध प ध	सां –	सां सां	सांरें गंमं मं	रें –	सां –
द धि म	थौं ऽ	न व	नीऽ ऽऽ त	का ऽ	ढौं ऽ
× २	३	४	× २	३	४
सां नि सां	ध प	प ध	सां – सां	ध प	ग म
तु म कों	आ ऽ	नँ द	कं ऽ द	झू ऽ	लो ऽ
× २	३	४	× २	३	४

संचारी

सां – सां	ध प	ग म	ध ध प	ग म	प ध
कं ऽ ठ	क ठु	ला ऽ	ल लि त	ल ट	क न
× २	३	४	× २	३	४
ध प मप	म रे	सा –	सारे गम पध	प –	– –
भ्रृ कु टिऽ	म न	के ऽ	फंऽ ऽऽ ऽऽ	द ऽ	ऽ ऽ
× २	३	४	× २	३	४

'आभोग' अंतरानुसार

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग रामकली—ताल चर्चरा

(प्राचीन अंग)

नंद को लाल ब्रज पालनें झूलें ॥
अलक अलकावली तिलक गोरोचना,
चरण अंगुष्ठ मुख किलकि फूलें ॥१॥
नैन अंजन रेख मेख अभिराम सुठ,
कंठ केहरि किंकिनी कटि मूलें ॥
'नंददास' नि नाथ, नंद नंदन कुंवर,
निरखि नागरि देह गेह भूलें ॥२॥

स्थायी

सा	–	ग	ग	म	प	–	प	प	ध॒
नं	ऽ	द	को	ऽ	ला	ऽ	ल	ब्र	ज
×			२		०		३		
सां	–	रें॒	सां	–	ध॒	–	प	ग	म
पा	ऽ	ल	नें	ऽ	झू	ऽ	लें	ऽ	ऽ
×			२		०		३		
ध॒	–	ध॒	म	प	प	–	प	ग	म
नं	ऽ	द	को	ऽ	ला	ऽ	ल	ब्र	ज
×			२		०		३		
ग	रे॒	रे॒	ग	प	म	ग	म	रे॒	सा
पा	ऽ	ल	नें	ऽ	झू	ऽ	लें	ऽ	ऽ
×			२		०		३		

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अंतरा

प	प	प	प	ध	नि	सां	सां	सां	—
अ	ल	क	अ	ल	का	ऽ	व	ली	ऽ
×			२		०		३		
सां	रें	गं	मं	—	गं	रें	रें	सां	—
ति	ल	क	गो	ऽ	रो	ऽ	च	ना	ऽ
×			२		०		३		
रें	सां	नि	ध	—	प	—	प	ग	म
च	र	ण	अं	ऽ	गु	ऽ	ष्ट	मु	ख
×			२		०		३		
प	ध	नि	सां	—	ध	प	म	ग	म
कि	ल	क	फू	ऽ	लें	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×			२		०		३		

संचारी

म	—	म	ग	म	प	प	प	—	प
नै	ऽ	न	अं	ऽ	ज	न	रे	ऽ	ख
×			२		०		३		
ध	—	ध	नि	सां	ध	—	ध	प	प
भे	ऽ	ख	अ	भि	रा	ऽ	म:	सु	ठ
×			२		०		३		
सां	—	सां	ध	—	ध	प	म	—	म
कं	ऽ	ठ	के	ऽ	ह	रि	किं	ऽ	कि
×			२		०		३		

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ग	रे	ग	गम	प	ग	म	रे	सा	—
नी	ऽ	क	टीऽ	ऽ	मू	ऽ	लें	ऽ	ऽ
×			२		०		३		

'आभोग' अंतरानुसार

राग रामकली प्रचलित प्रकार—ताल धमार

हरिजस गावत चलीं ब्रजसुंदरी, नदी जमुनाके तीर ।
लोचन लोल बांह जोरी कर, स्रवनन झलकत बीर ॥१॥
वेनी सिथिल चारु कांधे पर, कटिपट अंबर लाल ।
हाथन लिये फूलन की डलियाँ, उर मुक्तामनि—माल ॥२॥
जलप्रवेस करि मज्जन लागी, प्रथम हेम के मास ।
जासो प्रीतम होय नंदसुत, ब्रत ठान्यो इहि आस ॥३॥
तवहीं चीर हरे नंदनंदन, चढे कदम की डारि ।
'परमानंद'प्रभु वर देवेकों उद्यम कियो हे मुरारि ॥४॥

स्थायी

ग	म	पम	प	ध	ध	प	मम	मरे	गम	प	मग	मग	
ह	रि	जऽ	स	गा	व	त	चऽ	लीऽ	ब्रऽ	ज	सुंऽ	ऽ	द्
३				×					२		०		
रे	सा	नि	सा	ग	म	—	प	ध	नि	ध	प	म	प
री	ऽ	न	दी	ज	मु	ऽ	ना	ऽ	के	ऽ	ती	ऽ	र
३				×					२		०		

अंतरा

पध	प	ध	नि	सां	सां	सां	रें	रें	सांरें	गं	मं	रें	सां
लोऽ	च	न	लो	ऽ	ल	बां	ऽ	ह	जोऽ	री	ऽ	क	र
×					२					३			

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सांनि	ध	पम	प	ध	नि		ध	प	मं	प	गम	म	गम	प
स्रव	न	नऽ	झ	ल	क		त	बा	ऽ	र	ह	रि	जऽ	स
×					२									

संचारी

सां	—	नि	ध	ध	प	गम	ध	पध	प	गम	पध		प	प
बे	ऽ	नी	सि	थि	ल	चाऽ	ऽ	रुऽ	कां	धेऽ	ऽऽ		प	र
×					२					३				

मग	म	म	ग	रे	सा	सा	सारे	गम	पध	प	मं		प	—
कटि	प	ट	अं	ऽ	ब	र	लाऽ	ऽऽ	ऽऽ	ल	ऽ		ऽ	ऽ
×										३				

'आभोग' अंतरानुसार
राग बिभास : संक्षिप्त परिचय

विभास राग प्राचीन एवं प्रचलित राग है। 'विभास' शब्द प्रकाशवाचक है, क्योंकि सूर्य का नाम विभावसु है। अतः इस राग का गान-समय प्रातः-काल होना सुसंगत एवं सर्वमान्य है। विभिन्न मतों के अनुसार विभास के चार स्वरूप दृष्टिगोचर होते हैं—१. विलावल, २. भैरव, ३. मारवा तथा ४. पूर्वी थाटोत्पन्न। उक्त प्रकारों में पूर्वी तथा मारवा थाटोत्पन्न विभास का प्रचार अल्प प्रमाण में होने से ये दोनों प्रकार अप्रचलित से हो गये हैं। आज 'भैरव' थाट का विभास विशेष-रूप से प्रचार में है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

भैरव, पूर्वी तथा मारवा थाटोत्पन्न विभास का वर्णन पं. भातखंडे-जी ने अपने ग्रंथ में किया है । भैरव थाट के विकास का उल्लेख अन्य आधुनिक पंडितों ने भी किया है, परन्तु विलावल थाटोत्पन्न विभास वर्षों तक पुष्टिमार्गीय मंदिरों की चार दीवारों तक ही सीमित रहा । फलतः कुछ हिन्दी गायक-वादकों में ही इसका प्रयोग पाया जाता है । मुसलमान गायक भी विलावल थाट के विभास से बिन-वाकेफ नहीं रहे होंगे, किन्तु औरंगजैव के पश्चात् राज्याश्रित गायक—वादकों में इस राग से मिलते-झुलते 'देशकार' नामक रागका काफी प्रचार हो चुका था। ज्यों—ज्यों देशकार का प्रचार और प्रसार बढ़ता गया त्यों—त्यों इस विभास का प्रचार कम होता गया और दोनों रागों का स्वरूप एक—जैसा होने के कारण कुछ लोग विभास को ही देशकार के नाम से जानने लगे । स्वयं पं. भातखंडेजी ने 'भातखंडे संगीत-शास्त्र' भाग-२ के पृष्ठ-१ पर लिखा है—'मैंने एक बार एक प्रसिद्ध गायक के सामने बिभास गाया था । उसने उसको 'देशकार' कहा, यह मुझे स्मरण में है।' इस प्रकार विभास को देशकार समझने वालों की संख्या बढ़ जाने से इस प्राचीन विभास का स्थान देशकार ने ले लिया । ऐसी स्थिति में अष्टछाप—परंपरा के विभास की चर्चा करना मैंने अपना कर्त्तव्य समझा है।

विलावल थाट का यह प्राचीन विभास विशेषतः अष्टछाप की परंपरा में ही दृष्टिगत होता है । विगत लगभग पांचसो वर्षों से यह राग उस परंपरा में प्रयुक्त हो रहा है । मंदिरों तथा हवेलियों के बाहर लगभग दोसों वर्षों से प्रचार में है । संभवतः पुष्टि—संप्रदाय की पीठों के अधि-ष्ठाता श्रीनाथजी का स्वरूप और तृतीय गृह की पीठ के श्री द्वारकाधीश व्रज से पधारने से पश्चात् ही अधिकतर गुजरात महाराष्ट्र के गायकों ने शुद्ध विभास को अपनाया है तथा कुछ पंडितों ने अपने ग्रंथों

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

में भी उसका उल्लेख किया है। 'संगीत–कलाधर' (मुद्रित सन् १९०१) नामक बृहद् ग्रंथ के रचयिता गुर्जर पंडित ने विभास के स्वर इस प्रकार बताये हैं –सा, रे, ग, प, ध, सां। ये सब बिलावल थाट के हैं। म–नि वर्ज्य हैं। 'मूलाधार' (मुद्रित सन् १९०१) के ग्रंथकार ने भी सा, रे, ग, प, ध, सां स्वर शुद्ध ही बताये हैं। स्वरलिपि-सहित कुछ चीजें भी प्रकाशित की हैं और हिन्दुस्तानी विभास अथवा कर्नाटक के मोहन राग का नामोल्लेख किया है। सन् १९२० के लगभग श्री गणपतराव बर्वे द्वारा लिखित 'गायन-वादन पाठमाला' पुस्तक में शुद्ध विभास को देशकार से भिन्न बताकर सा, रे, ग, प, ध, सां स्वर शुद्ध बताये हैं। 'संगीत-शास्त्र' नामक ग्रंथ के कवि राजकवि नथुराम ने भी विभास के शुद्ध रूप का काव्यात्मक वर्णन भिन्न–प्रकार किया है–
म–नि त्याग करि स–प शुद्ध करि स्वर तीव्र रि ग ध सुधारना।
सुप्रसिद्ध पं. आदित्यरामजी ने विभास का वर्णन करते हुए लिखा है कि 'यहां निषाद–मध्यम वर्ज्य है यह ओढव रूप है, स्वर–मिलाप में शुद्ध थाट है, शान्त रस है और सूर्योदय के अव्वल उसका गाने का समय है।' पं. दामोदर मास्टर–रचित 'गायन–संग्रह' ग्रंथ (सन् १९१३) में निम्न उल्लेख किया गया है–' सा, रे, ग, प, ध, : सां। सां, ध, प, ग, रे, सा। वादी ध, संवादी रे, मध्यम–निषाद वर्ज्ये, कोई कोमल 'रे–ध' कहते हैं। परन्तु आजकल 'रे-ध' तीव्र का भी उपयोग होता है। पकड़–'ग, प, ध, सां।' रस–भक्ति एवं शान्त।

भरतमत एवं हनुमतमत में 'विभास' को हिंदोल का पुत्र कहा गया है। हिंदोल का थाट कल्याण है। उस थाट में से 'म–नि' वर्ज्य करने पर उसमें से उत्पन्न होने वाले विभास के सभी स्वर शुद्ध ही रहते हैं। मध्यकाल में नाटकों के आरंभ में कुछ गीतों को राग-रागिनियों में गाने की प्रथा थी। गत शताब्दी के उत्तरार्द्ध में 'संगीत–

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

लीलावती' नामक गुजराती नाटक विशेष लोकप्रिय था । इसमें लेखक ने 'आ भरवाडण अजब अपार दीठी' गीत पर राग विभास लिखा है । इसकी बंदिश हवेली-संगीत के विभास के स्वरूप से मिलती-झूलती है । शुद्ध विभास से मिलते हुए राग हैं भूपाली और देशकार । भूपाली का थाट बिलावल । भूपाली पूर्वांग-प्रधान राग है, जब कि शुद्ध विभास उत्तरांग—प्रधान राग हैं । भूपाली सायंकालीन राग है और शुद्ध विभास प्रातःकालीन । भूपाली के वादी-संवादी स्वर गांधार धैवत हैं और शुद्ध विभास के धैवत तथा ऋषभ । इस भेद को ध्यान में रखने से भूपाली से शुद्ध विभास की भिन्नता समझ में आ जाती है । फिर भी दोनों राग गाते समय एक—दूसरे से भिन्न रखने में सावधानी रखना आवश्यक है । देशकार का उल्लेख प्राचीन ग्रंथों में नहीं है । तेरहवीं शताब्दी के महत्त्वपूर्ण ग्रंथ 'संगीतरत्नाकर' में भी इसका वर्णन नहीं मिलता है । मध्यकालीन कुछ ग्रंथों में उल्लेख अवश्य मिलता है । ग्रंथों के अनुसार देशकार षड्ज अंश (वादी) तथा—आदि-अंत (ग्रहन्यास) भी षड्ज स्वर है । संपूर्ण जाति है, संध्याकाल में गाया जाता है । मध्यम-निषाद दोनों स्वरों पर कंपन होता है । पं. सोमनाथ ने इसी ग्रंथ में रामक्री मेल का वर्णन इस प्रकार किया है :—

शुचिरामक्रीमेले मृदुमय तीव्रतम म मृदुसा शुद्धम् ।
सरिपधम..........(रागविनोदे)

अर्थात् शुद्ध रामक्री थाट में मृदु 'म' (तीव्र), तीव्रतम 'म'

* सांशाद्यंतोऽन्हौंतः कम्प्रमनिदेशकृत्पूर्णाः ।

और मृदु 'सा' (तीव्र नि) विकृत है ! 'सा, रे, प, ध' स्वर शुद्ध हैं । 'राग—विबोध' ग्रंथ का वह रामक्री—मेल अपना आधुनिक पूर्वी थाट होगा, जिसका स्वरूप निम्न—प्रकार बताया गया है :—

सां सां, नि ध प, प ध प, ग प ध, सां ध प, प प ध ग प, गरे सा, सा रे सा, ग प ध प, ग रे सा । म ध सां, सां नि ध,

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सां गं मं गं रें सां, सां रें सां, रें रें सां, नि ध, नि ध प, ग ध

ध सां सां नि ध प ध ध प, ग प ध प, ग रे सा ।

उपर्युक्त स्वरूप के संबंध में पं. भातखंडेजी ने अपना मत लिखा है कि "इस प्रकार का देशकार कान को खराब नहीं लगता हैं । इस प्रकार का देशकार कभी तुमको दृष्टिगोचर होनेवाला नहीं है, ऐसा मैं कहता नहीं हूँ ।"

'संगीत–रागतरंगिणी' में देशकार का थाट गौरी माना गया है । तोडी मेल के गांधार स्वर में दो श्रुतियां मध्यम की ली जाएं और काकलीनिषाद लिया जाए, तो 'गौरी' थाट होता है:। इस गौरी थाट में से मालव, श्री, गौरी एवं 'देशकार' उत्पन्न होता हैं । तोडी थाट (जो अपना आधुनिक भैरवी थाट है) में गांधार–निषाद तीव्र हो जाने से आधुनिक भैरव थाट बन जाता है । अतः इस ग्रंथकार से देशकार का स्वरूप भैरव थाट का होना स्पष्ट होता है ।[१]

'अनुपविलास' ग्रन्थ में भावभट्ट पंडित ने देशकार में तृतीय गति 'नि, ग, म' कहकर उसके समप्रकृतिक रागों का उल्लेख किया है, जिनमें विभास भी एक है । देशकार को उसने संपूर्ण जाति का तथा पूर्वी थाटोत्पन्न माना है ।

'संगीतदर्पण' में उसकी जाति संपूर्ण, षड्ज ग्रह, अंश प्रथम मूर्च्छना तथा वेराटी–मिश्रित कहा गया है । वेराटी का थाट पूर्वी होने

(१) देशी तोडी देशकारो गोरी रागेषु सत्तमैः ।
तृतीयगतिनिगमा देशकारस्य मेलके ।
देशकारश्रावणीयदेशी ललितदीपकौ ॥
विभासो जयतश्रीश्च संभवत्यन्यमेलतः ।
देशिकारोऽपवराह्णे स्यात् सात्रः संपूर्णको भवेत् ॥ (पृष्ठ १६४)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

से देशकार का थाट भी पूर्वी माना गया है। 'संगीतपारिजात' में कहा है-'देशकार्या ग नि तीव्रधाँशोह्यादि कमूर्च्छान्तः॥ ३३२.५ अर्थात् देशकार में गांधार-निवाद दोनों तीव्र धैवत स्वर अंश तथा धैवत आदिक मूर्च्छान्त हैं, यथा-'ध, नि, सा, रे, ग, म, प। प, म, ग, रे, सा, नि, ध आदि। इसी ग्रंथ के पृष्ठ १३४ पर लिखा है :

भूपाल्यारोहणं देश्यां कृत्रिमधावरोहणम्। प नी तत्र चुनम्चौ लौ द्वावेतौ चौनवोदनवौ॥ सं. वि. अर्थात् देशी-देशकारी में भूपाली का (मध्यम-निषादहीन) आरोहण और अवरोहण में ऋषम-धैवत दोनों कोमल कर दिए जाते हैं। 'प ग' की पुनरुक्ति होती है। यह दोनों और से औडुव-औडुव रहती है। अतः आरोहावरोह-स्वरूप इस प्रकार होगा- सा, रे, ग, प, ध, सां,। सां ध प ग प ग रे सा। पूर्वी के मेल में मध्यम चढ़ी तथा ऋषभ-धैवत कोमल लगाकर रात्रि के चतुर्थ प्रहर में इसके गीत पंडित लोग गाते हैं। इस आधार पर तीव्र मध्यम का संपूर्ण पूर्वी थाट होता है। देशकार में निषाद वर्जित है। मध्यम तीव्र लगता है और ऋषभ कोमल, शेष स्वर शुद्ध। षाडव जाति है और यह दिन के उत्तरार्द्ध में गाई जाती है। इस आधार से 'सा रे ग म प ध सां' स्वर बनते हैं। अर्थात् पंचम-सहित मारवा थाट का स्वरूप बनता है। मुसलमान घरानों में गाए जानेवाले भैरव थाटोत्पन्न विभास के स्वरूप का समर्थन करने वाले ग्रन्थों में पं. भातखंडेजी ने केवल 'लक्ष्यसंगीत' 'कल्पद्रुमांकुर' एवं 'रागचंद्रिका' के नाम गिनाए हैं। परन्तु ये तीनों ग्रन्थ आधुनिक काल की कृतियां हैं।

---

(२) देशकारी सुसंपूर्णषड्जन्यासग्रहांशिका।
मूर्छन्ती प्रथमा ज्ञेया वेराटीमिश्रिता भवेत्॥ (अ. २, श्लोक. ७)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

मध्यकालीन ग्रन्थकारों में किसी ने आधुनिक देशकार के स्वरूप का वर्णन नहीं किया है, यह उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट होता है। अठारहवीं शती के पूर्व जो देशकार पूर्वी अथवा मारवा थाट के स्वरों में गाया जाता था, उसका स्वरूप विलावल थाट में कैसे परिवर्तित हुआ, यह विचारणीय है। पं. भातखंडेजी ने 'क्रमिक पुस्तक-मालिका' भाग-४ में देशकार की अधिकांश चीजें 'चतुर' 'मनरंग' और 'हररंग' छाप की दी हैं। 'चतुर' छापवाली पं. भातखंडेजी की रचना है। अष्टछाप-घराने के 'विभास' राग की दो चीजें भी उसमें दी गई हैं।

यदि आज के संगीत-शोधकर्ता पूर्वी और मारवा थाट के लुप्तप्राय देशकार को अथवा षाड़व जाति के (ग वर्ज्य) प्रकार को अथवा संपूर्ण जाति के प्रकार को प्रचार में लाने का प्रयत्न करेंगे तो देशकार की परंपरा को पुनर्जीवन प्राप्त होगा। चार-चार प्रकार के विभास के स्थान पर बिलावल थाट और भैरव थाट के विभास तथा पूर्वी और मारवा थाट के देशकार का प्रचार होने पर दोनों के दो-दो प्रकारों की एक उत्तम परंपरा प्रवर्तमान होगी।

भारतीय संगीत में घरानों के पारस्परिक मतभेद के कारण दो स्वरूप दिखाई देनेवाले और भी कुछ राग हैं, जैसे-ललित, वसंत, अडाना, नायकी आदि। किन्तु एक राग के चार-चार स्वरूपों को चार घरानों की परंपरा से जोड़कर इन मतों को स्वीकार करना हमारी समझ में नहीं आता। न कोई आज का प्रबुद्ध संगीतज्ञ इसे पसंद करेगा। बिलावल थाटोत्पन्न अष्टछाप के परंपरागत विभास को प्राचीन मानकर इसी को सर्वप्रथम स्थान दिया जाना चाहिए। विशेष प्रकार में होने के कारण भैरव थाटोत्पन्न विभास को भी उसके बाद का स्थान दिया जा सकता है। प्रकारों का प्रचलन ही वांछनीय हो सकता है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

बिलावल थाटजनित विभास राग का स्वरूप निम्न प्रकार है। 'म नि' वर्ज्य होने से जाति औडुव। वादी–संवादी धैवत तथा ऋषभ। गायन–समय प्रातःकाल। प्रकृति शीतल एवं शान्त होने से फाल्गुन से ज्येष्ठ मास तक गाया जाता है। प्रायः मंगला–आरती के तथा खंडिता के पद गाए जाते हैं। अष्टछाप के कवि श्री चतुर्भुजदास-रचित प्रथम मंगला–आरती का ध्रुवपद स्वरलिपि–सहित नीचे दिया जा रहा है।

राग का आरोहावरोह–स्वरूप :–

सा रे ग प ध सां। सां ध प ग रे सा ॥

पकड़ : सां, ध, प, ग, रे, सा।

राग–विभास, ताल–चौताल

रतनजटित कनकथाल, मध्य सोहे दीपमाल,
अगर आदि चंदन सों अति सुगंध मिलाई।

घनन–घनन घंटा घोर, झनन–झनन झालर झकोर,
ततथेई–ततथेई बोलति, ब्रज की नारि सुहाई ॥

तनन–तनन तान मान, राग–रंग सुर बंधान,
गोपी सब गावत हैं, मंगल वधाई।

'चतुर्भुज'–गिरिधरनलाल, आरती बनी रसाल,
तन–मन–धन वारति हैं जसुमति नंदराई ॥

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
सा	ध	ध	ध	ध	प	ग	ग	ध	ध	–	ध
र	त	न	ज	टि	त	क	न	क	था	ऽ	ल

सां	—	ध	प	—	प	ध	प	प	ग	रे	सा
म	ऽ	ध्य	सो	ऽ	हे	दी	ऽ	प	मा	ऽ	ल
		सा									
सा	सा	ध़	सा	—	रे	ग	ग	प	प	ध	—
अ	ग	र	आ	ऽ	दि	चं	ऽ	द	न	सो	ऽ
ध						प					
सां	ध	सारें	सां	ध	प	ग	प	ध	प	गरे	सा
अ	ति	सुऽ	गं	ध	मि	ला	ऽ	ऽ	ऽ	ईऽ	ऽ

अंतरा

×		०		२		०		३		४	
प	प	ग	प	ध	ध	सां	सां	—	सां	—	सां
घ	न	न	घ	न	न	घं	टा	ऽ	घो	ऽ	र
सां											
ध	ध	सां	सां	रेंरें	सांरें	गं	रें	सां	ध	—	प
झ	न	न	झ	नन	झाऽ	ल	र	झ	को	ऽ	र
प	ग	प	प	ध	ध	सां	—	ध	सां	रें	सां
त	त	थे	ई	त	त	थे	ऽ	ई	बो	ल	ति
सां	रेंगं	रें	सां	ध	प	ध	प	ग	प	गरे	सा
ब्र	ज	की	ना	ऽ	रि	सु	हा	ऽ	ऽ	ईऽ	ऽ

संचारी

×		०		२		०		३		४	
ध	ग	ग	प	प	प	ध	—	ध	ध	—	प
ब	न	न	त	न	न	ता	ऽ	न	मा	ऽ	न

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

		सां						प			
पव	सां	सां	ध	—	प	सां	ध	ध	प	—	ग
राऽ	ऽ	ग	रं	ऽ	ग	सु	र	बं	धा	ऽ	न
सा	—	ग	—	ग	ग	प	—	प	प	ध	—
गो	ऽ	पी	ऽ	स	ब	गा	ऽ	व	त	हैं	ऽ
सां	—	ध	प	ग	रे	सा	रे	—साध		सा	—
मं	ऽ	ग	ल	ऽ	ब	धा	ऽ	ऽ ई ऽ		ऽ	ऽ

आभोग

×		०		२		०		३		४	
प	ग	प	प	ध	ध	सां	ध	सां	सां	—	सां
च	तु	भु	ज	गि	रि	ध	र	न	ला	ऽ	ल
सां											
ध	—	सां	सां	रें	रें	सारें	गं	रें	सां	—	ध
आ	ऽ	र	ती	ऽ	ब	नीऽ	ऽ	र	सा	ऽ	ल
सांध	प	ध	ध	प	ध	सां	—	ध	सां	सां	—
तऽ	न	म	न	ध	न	वा	ऽ	र	ति	हैं	ऽ
						ध					
गं	रें	सां	ध	प	ध	सां	ध	प	ग	रे	सा
ज	सु	म	ति	नं	द	रा	ऽ	ऽ	ई	ऽ	ऽ

राग—बिभास, ताल—धमार

प्रातसमें नंदलाल खेलत हैं हरि होरी ।
सीस पाग झुकि रही केसर रंग बोरी ॥ १ ॥
हाथन पिचकाइ लिये अबीर भरि झोरी ।
सब नारि जुरिके आई, नंदराय की पोरी ॥ २ ॥
राधा जु खेलत डोलत, सांकरी सी खोरी ।
सूरदास—मदनमोहन, भली बनी है जोरी ॥ ३ ॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्थायी

प ग प ध	सां – ध प –	ग प	ध – प
प्रा – त स	मैं – – नं –	द –	ला – ल
३ ०	× ०	२	०
ग रे सा सा	प ग प ध –	प गप	रे – सा
खे – ल त	है – – हो –	हो ––	हो – री
३ ०	× ०	२	०

अंतरा

प – ध सां –	सां –	रें सां ध	सां – सां –
सी – स पा –	ग –	झु कि –	र – ही –
× ०	२	०	३ ०
ध सां ध प गप	ध प	रे – सा	प ग प ध
के – – स र–	रं ग	बो – री	प्रा – त स
× ०	२	०	३ ०

संचारी

प ग – प –	प –	ध प ध	सां – ध प
स बे – ना –	री –	जु रि कें	आ – ई –
× ०	२	०	३ ०
ध – प ग प	ध प	ग रे ग	प ग प –
नं – द जु –	की –	पो – –	रा – – –
× ०	२	०	३ ०

'आभोग' अन्तरानुसार।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग खट : संक्षिप्त परिचय

खट एक प्राचीन राग है ।

इसके दो प्रकार प्रचार में हैं—एक है भैरव थाट का और दूसरा आसावरी थाट का । अष्टछाप संगीत परम्परा के अनुसार भैरव थाट का प्रकार प्राचीन है । इस राग के पद अधिकतर मंगला एवं शृंगार-दर्शन के पूर्व ही गाये जाते हैं । विषयवस्तु की दृष्टि से भी इन पदों में दिन के प्रथम प्रहर तक की लीला का ही वर्णन मिलता है; जैसे "पाछली रात परछांहि पातन की ।" "आज उठि भोर नवकुंज कानन सखी ।" "आज नंदलाल सुख—चन्द" इत्यादि । इन पदों को भैरव राग के समय की मर्यादा में ही गाने कीं प्रणाली है ।

खट का वादी स्वर धैवत और संवादी स्वर गांधार माना जाता है, परन्तु भैरव थाट के प्रकार में वादी स्वर पंचम मानना ही सुसंगत होगा । खट के इस प्रकार का गान—समय दिन का प्रथम प्रहर मानना उपयुक्त है । खट राग में छः रागों की छाया होने की मान्यता के कारण इसका थाट भैरव होते हुए भी दोनों गांधार, दोनों धैवत का तथा अवरोह में कोमल निषाद का भी प्रयोग किया जाता है । इसकी जाति सम्पूर्ण है । गांधार से उठाव, पंचम स्वर पर न्यास तथा धैवत आन्दोलित दिखाई देता है ।

चलन :—रे नि़ सा, ग म, प, प, <u>ध</u>, <u>ध</u> प, सां, ध, प, ग, म,

<u>नि</u>, <u>ध</u>, प, <u>ध</u> प, ग, म, प, ग म <u>रे</u> सा

राग—खट, ताल—चर्चरी (प्राचीन अंग)

आज नंदलाल मुखचंद नैनन निरखि, परम मंगल भयो भवन मेरे ।
कोटि कंदर्पलावण्य एकत्र करि, वारुं तवही जवहिं नेंक हेरें ॥१॥
सकल सुखसदन हरखित सुंदर वदन, गोपवर प्रबलदल मदन संग घेरें ।
कहो कोउ कैसेहु नाहिं सुधबुध बने, 'गदाधर मिश्र' गिरिधरन टेरें ॥२॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्थायी

सा	—	सा	म	म	प	—	प	प	प
आ	ऽ	ज	नं	द	ला	ऽ	ल	मु	ख
×			२		०		३		
ध	—	ध	ध	—	सां	सां	सां	ध	प
चं	ऽ	द	नै	ऽ	न	न	नि	र	ख
×			२		०		३		
ग	म	नि	ध	प	प	प	ग	म	—
प	र	म	मं	ऽ	ग	ल	भ	यो	ऽ
×			२		०		३		
ग	म	ध	प	—	गम	गप	म	रे	सा
भ	व	न	मे	ऽ	रेंऽ	ऽऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×			२		०		३		

अंतरा

ध	—	ध	ध	—	नि	सां	सां	सां	—
को	ऽ	टि	कं	ऽ	द	ऽ	पं	ला	ऽ
×			२		०		३		
ध	—	ध	नि	सां	रें	सां	सां	ध	प
व	ऽ	ण्य	ए	ऽ	क	ऽ	त्र	क	र
×			२		०		३		

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नि	नि	नि	ध	म	प	ध	नि	सां	—
ना	ऽ	रु	त	ब	ही	ऽ	ज	ब	ऽ
×			२		०		३		
रें	नि	ध	प	मप	गम	प	म	रे	सा
नें	ऽ	क	हे	ऽऽ	रेंऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ
×			२		०		३		

संचारी

म	म	ग	म	म	प	प	प	—	—
स	क	ल	सु	ख	स	द	न	ऽ	ऽ
×			२		०		३		
ध	ध	ध	सां	सां	रें	सां	सां	ध	प
ह	र	खि	त	सुं	द	र	ब	द	न
×			२		०		३		
नि	—	ध	ध	म	प	ध	नि	ध	प
गो	ऽ	प	व	र	अ	व	ल	द	ल
×			२		०		३		
ग	म	ध	प	म	ग	म	रे	—	सां
स	द	न	सं	ग	घे	ऽ	रें	ऽ	ऽ
×			२		०		३		

'आभोग' अंतरानुसार ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग—खट, ताल—चर्चरी (झपताल अंग)

आज उठि भोर नवकुंज कानन सखी ठाडि भइ राधिका रंगमीनी ।
विलस सुख संग नवरंग पिय स्यामघन कामकी सेन सब जीत लीनी ॥१॥
सुभग बिकसत वदन नेन अति रसमसे मोरि मुख हसि कछु सकुच कीनी ।
श्रीविट्ठल गिरिधरन संग नव नागरी जागि सब रेनि आनंद दीनी ॥२॥

स्थायी

नि									
			म						
सा	—	सा	ग	म	प	—	प	प	प
आ	—	ज	उ	ठि	भो	—	र	न	व
×		२			०		३		
नि		नि	नि					नि	
ध	—	ध	ध	—	सां	सां	सां	ध	प
कुं	—	ज	का	—	न	न	स	खी	—
×		२			०		३		
म									
ग	म	म	नि	धप	नि	धप	प	ग	म
ठा	—	डि	भ	इ—	रा	——	धि	का	—
×		२			०		३		
ग	म	नि	ध	प	ग	मग	म	रे	सा
रं	—	ग	भी	—	नी	——	—	—	—
×		२			०		३		

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अंतरा

			नि	नि					
प	प	प	ध	ध	नि	सां	सां	सां	सां
वि	ल	स	सु	ख	सं	—	ग	न	त्र
×		२			०		३		
नि								नि	
ध	—	नि	सां	सां	रें	सां	सां	ध	प
रं	—	ग	पि	य	स्या	—	म	ध	न
×		२			०		३		
सां		सां	सां		ध				
नि	—	नि	नि	—	प	ध	नि	सां	सां
का	—	म	की	—	से	—	न	स	ब
×		२			०		३		
रें	सां	नि	ध	म	प	ध	नि	सां	—
जी	—	त	ली	—	नी	—	—	—	—
×		२			०		३		
ध	—	प	ग	म					
आ	—	ज	नं	द					
×		२							

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

म	म	म	म	म	प	प	प	प	प
सु	भ	ग	वि	क	स	त	ब	द	न
×		२			०		३		
नि		नि	नि	नि					
ध	—	ध	ध	ध	सां	सां	सां	ध	प
ने	—	न	अ	ति	र	स	म	से	—
×		२			०		३		
		नि			ग	म			
ग	म	ध	प	प	म	रे	रे	ग	म
मो	—	र	मु	ख	ह	सि	क	छु	—
×		२			०		३		
							म		
ध	प	प	ग	म	मग	मग		रे	सा
स	कु	च	की	—	नी	—	—	—	—
×		२			०		३		

आभोग

नि		नि	नि	नि					
ध	—	ध	ध	ध	नि	सां	सां	सां	सां
श्री	—	वि	ठ	ल	गि	रि	ध	र	न
×		२			०		३		

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ध	—	नि	सां	सां	रें	सां	सां	सां	—
सं	—	ग	न	व	ना	—	ग	री	—
×		२			०		३		
सां नि	सां नि	सां नि	ध	म	प	ध	नि	सां	—
जा	—	गि	स	व	रे	—	नि	आ	—
×		२			०		३		
रें	सां	सां	नि	ध	प	ध	नि	सां	—
नं	—	द	दी	—	नी	—	—	—	—
×		२			०		३		

राग परज—संक्षिप्त परिचय

जहाँ कोमल धैवत रिखब, तीव्र गंधार निखाद ।
द्वै मध्यम मंडित परज, परि संवादी वादि ॥

परज पूर्वी थाट का प्राचीन राग है । इस राग में दोनों मध्यम का स्पष्ट प्रयोग किया जाता है । इसकी जाति सम्पूर्ण और वादी स्वर षड़्ज तथा संवादी पंचम हैं । गान–समय रात्रि का अन्तिम प्रहर माना जाता है । यह राग उत्तरांग-प्रधान है अतः तार षड़्ज स्वर वैचित्र्यप्रदायक लगता है । इसकी प्रकृति चंचल है । प्रचलित वसन्त राग से यह राग सहज ही अलग दिखाई देता है । इस राग के गान में बहुत कुछ तानें निषाद पर पूर्ण की जाती हैं । 'सां रें सां रें नि नि ध नि' — यह स्वर–संगति अनेक बार दिखाई देती है, तथा 'ध प, ग म ग प ध नि सां' – यह स्वर—समुदाय भी रागवाचक है ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

आरोहावरोह :—नि़ सा ग, म ध नि सां, सां नि ध प, म प ध प

ग म ग, म ग रे सा,

पकड़ :—सां नि ध प, मे प ध प, ग म ग

विस्तार :—(१) नि़ सा ग, मे ध नि, सां, ध नि सां रे नि सां, नि ध प, मे प

ध प, ग म ग, मे ग रे सा

(२) प, मे प, ध नि ध प, ध नि सां नि ध प रें नि सां, ध प,

मे ध नि रें ग, रे सां, ध प मे ग रे सा

(३) सां, रें सां, रें नि सां ध नि सां, ध नि सां रें नि़ सां,

मे ध नि सां रें सां, रें ग मे ध नि, सां, गं मं गं, में गं

रें सां, ध रें सां रें नि

अन्य रागों की अपेक्षा यह राग आजकल कम सुनने में आता है। अष्टछाप संगीत प्रणाली में यह राग शीतकाल में मंगला—शृंगार—समय में गाया जाता है, जब कि ललित और मालकौंस गाये जाते हैं। शीतकाल में मंगला के दर्शन सूर्योदय के पूर्व होने की परम्परा है। रात्रि के अन्तिम प्रहर में इन रागों के गायन से मन्दिर का वातावरण मधुर बन जाता है! यहां परज राग के पदों में से अष्टछाप के महाकवि नन्ददासजी—रचित खंडिता नायिका के भाव का एक पद तथा दूसरा पद जन्म बधाई का स्वरलिपि के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है।

राग—परज, ताल—चौताल (ध्रुपद)

रंगभरी मुरत अनंगभरी अँखियां संग लिये प्यारी कों महल मेरे आये हो ।।

बेठोजु पलंग पर पलकनसों झारूं पाय तन मन नौछावर करि भागिनतें पाय हो ।।१।। ऐसी है जो कौन नारि बदन बिलोक्यो जाहि वाहीकें रहोजु लाल मन मुसिकाय हो ।। नंददासप्रभु प्रिय रसिक मुकुट मनि मोहिनी कें मोहिवेकों मोहन बनि आये हो ।।२।।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्थायी

				सां			
सां नि	—	सां रे	सां —	नि सां	नि ध	प	ध
रं	—	ग भ	री —	मु —	र त	—	अ
×		०	२	०	३	४	
		सां		प			
ध्र म̍	म̍	ध नि	सां नि	ध प	ग म	ग	—
नं	—	ग भ	— री	अ खि	— यां	—	—
×		०	२	०	३	४	
ग	रे	सा ग	— ग	म̍ ध्र	नि सां	—	सां
सं	—	ग लि	— ये	प्या —	री कों	—	म
×		०	२	०	३	४	
रें		रें नि	सां नि	ध्र सां	नि ध्र	म̍	ध्र
ह	—	ल भ	— रे	आ —	— ये	—	हो
×		०	२	०	३	४	

अंतरो

		ध्र		सां			
ध्र म̍	—	ग म̍	— ध्र	नि सां	सां सां	—	सां
वै	—	ठो जु	— प	लं —	ग प	—	र
×		०	२	०	३	४	
					सां		
नि सां	रें	सां रें	नि सां	नि —	ध्र नि	—	नि
प	ल	क न	सों —	झा —	पा	—	य
×		०	३	०	३	४	

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(सां) नि	नि	रें	गं	गं	गं	मं	मं	गं	रें	रें	सां
त	न	—	म	—	न	नो	छा	व	र	क	रि
×		०		२		०		३		४	
नि	सां	रें	नि	सां	नि	ध	सां	नि	ध	मं	ध्र
भा	—	गि	न	—	तें	पा	—	—	ये	—	हो
×		०		२		०		३		४	

संचारी

मं	—	ग	ग	म	म	ग	—	म	ग	—	ग
ए	—	सी	हे	—	जो	को	—	न	ना	—	रि
×		०		२		०		३		४	
ग	ग	रे	(मं) ग	—	मं	ग	—	रे	सा	—	सा
व	द	—	न	—	वि	लो	—	क्यो	जा	—	हि
×		०		२		०		३		४	
सा	नि़	रे	ग	म	ग	मं	ध	नि	(ध) ध	प	मं
वा	—	ही	कें	—	र	हौं	—	जु	ला	—	ल
×		०		२		०		३		४	
ग	ग	रे	ग	—	मं	ग	—	रे	ग	रे	सा
म	न	—	मु	—	सि	का	—	य	हो	—	—
×		०		२		०		३		४	

* इसके स्थायी अंतरा में ध स्वर के नीचे कोमल का चिह्न रह जाने से सुधार लेना ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग परज–ताल खटताल (प्राचीन)

अष्टछाप के महाकवि परमानन्ददासजी–रचित जन्माष्टमी की वधाई का निम्नांकित पद संगीत की मुद्रित पुस्तकों में रामकली राग के नाम से प्रकाशित किया गया है लेकिन नाथद्वारा–कांकरोली के घरानों में यह परज राग में गाया जाता है। लेखक ने नाथद्वारा के मुख्य कीर्तनकार गोविन्दरायजी से इसे परज में ही सुना था।

सुनोरी आज मंगल बधायो है।
नंदमहर–घर रानी जसोदा ढोटा जायो हे ॥१॥

✿ ✿

हरखें देव सुमन बरखें नभ निसान बजायो हे।
'परमानन्द' नन्दनन्दन को सुजस सुनायो हे ॥१०॥

स्थायी

×	२	३	०	४	५	६	०	×	२	३	०	४	५	६	०
सा	सा	ग	ग	मं	ध	नि	सां	रें	सां	नि	ध	सां	नि	ध	प
मं	ग	ल	ब	धा	–	यो	–	हे	–	–	सु	नों	री	आ	ज
मंध	निसां	नि	ध	मं	ध	नि	ध	नि	–	–	ध	प	ग	म	ग
मं	ग	ल	ब	धा	–	यो	–	हे	–	–	सु	नो	री	आ	ज

अंतरा

×	२	३	०	४	५	६	०	×	२	३	०	४	५	६	०
–	ध	मं	ध	नि	नि	सां	सां	–	रें	सां	रे	नि	ध	नि	–
–	नं	द	म	ह	र	घ	र	–	रा	नी	ज	सो	–	दा	–

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

निसां रें ग म	ग रे सां रे	सां नि ध नि	सां रें सां नि
ढो – टा –	जा – यो –	हे – – सु	नो री आ ज
मध निसां नि ध	म ध नि सां	रें सां नि ध	नि – – –
मं ग ल व	धा – यो –	हे – – –	– – – –

राग ललित : संक्षिप्त परिचय

प्राचीन ग्रंथों में ललित राग का नाम ललिता भी मिलता है। राग-परिवार पद्धति के ग्रंथों में ललित को शिवमतानुसार बसंत राग की तथा हनुमन्मतानुसार ललिता को हिंडोल राग की पाँचवीं भार्या कहा गया है। हवेली संगीत प्रणाली में ललित राग शीतकाल में मंगला और शृंगार के समय गाया जाता है, इन पदों में प्रायः खंडिता नायिका के भावों का वर्णन होता है।

पुण्डरीक ने 'रागमाला' में ललित का वर्णन निम्नानुसार किया है—

भाले धत्ते सुबिन्दुं कनकसमनिभं शुभ्रवस्त्रं दधानो
गौरांगश्चापमल्ली कुसुमभरशिराः पंकजाक्षो विलासी।
कामी ताम्बूलहस्तः प्रतिदिनमुपतिप्रार्थकः खंडितानां
हस्ते पद्मं दधानः शुचिवसनरतः श्लिष्टशृंगारसर्वः।
मुग्धस्त्रीणां समक्षं हसति सकपटं पूर्णताम्बूलवक्त्रः
कामी कामापणाटः कुटिलसुललितो भाति धृष्टः प्रभाते ॥

'संगीतदर्पण' में ललित का उल्लेख नीचे दिये गये प्रकार से है—

प्रोत्फुल्लसप्तच्छदमाल्यधारी युवा च गौरोऽब्जदलायतताक्षः।
विनिःश्वसन्दैववशात्प्रभाते यस्याः पतिः सा ललिताप्रदीपः ॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अष्टसखादि महानुभावों ने ललित राग में खंडिता नायिका का वर्णन किया है, वह उपर्युक्त शास्त्रीय वर्णन के अनुसार उपयुक्त ही है। पुष्पों की माला, तरुण अवस्था, गौर वर्ण, कमल के समान नेत्र, प्रभात के समय दैवयोग से पति का आगमन, कापट्यपूर्ण संभाषण आदि शृंगार रसानुकूल भाव खंडिता नायिका के वर्णन की दृष्टि से उचित है।

ललित राग के स्वरों के सम्बन्ध में संगीतशास्त्र के ग्रंथों में मतैक्य नहीं है। कहीं रे प वर्ज्य धैवत कोमल का उल्लेख है तो कहीं धैवत शुद्ध का उल्लेख हुआ है। इस विषय में विस्तृत चर्चा के उपरान्त पं. भातखंडेजी ने हिं. सं. प. शास्त्र पुस्तक ३ में शुद्ध धैवत का समर्थन किया है। प्रतापसिंह ने हिंदोल की रागिनी ललित का वर्णन निम्नानुसार किया है– "शास्त्र में तो यह पाँच सुरन सों गायो है– 'सा ग प ध नि सा'। यातें औड़व है अथवा सा रे ग म प ध नि यातें सम्पूर्ण है और कोई याको आरंभ धैवत सों कहत हैं। ध नि सा ग प ध। याको सूरज के उदय पहिले एक घड़ी में गाइये। रात के चौथे पहर में चाहो जब गावो।"

"संगीतदर्पण" से ग्रहांशन्यास षड्ज। आलापचारी। सा रे ग म, गम, ध, म। ध प म, गमग। रे नि रे ग रे सा। भैरवपुत्र ललित के वर्णन में आलापचारी अलग नहीं बताई गयी है परन्तु शास्त्रानुसार "यह पाँच सुरन सों गायो है। सा ग म प ध नि सा।" (संगीतशास्त्र, भाग ३, पृष्ठ ३०३)

उपर्युक्त मतों के अध्ययन, 'लक्ष्यसंगीत' 'कल्पद्रुमांकुर' 'चन्द्रिका' 'चन्द्रिकासार' इत्यादि ग्रंथों तथा परम्परागत प्रचलित ललित के आधार पर तीव्र धैवत का ही प्रचार माना जाता है। 'नादचिन्तामणि' (पृ. ७६)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

में ललित के स्वरों में धैवत शुद्ध है। सा रे ग म म ध सां।

सां नि ध म म म रे सा।

मेरे गुरुजी पं. वाडीलालजी का मत था कि ललित में आधुनिक कोमल धैवत से कुछ ऊँचा और शुद्ध धैवत से कुछ नीचा स्वर लगाते हुए गायकों को सुना है। अतः हमारे मतानुसार इस प्रकार का धैवत का स्थान पंचम की चौथी श्रुति पर होना वास्तविक होगा। इस सन्दर्भ में पं. भातखंडेजी के शास्त्रग्रंथ भाग ३ (पृ. ३०२) में लिखा है– "नवीन श्रुतिव्यवस्था में षड्ज पहिली श्रुति पर आ जाता है। उसके निकट चौथी श्रुति पर २७० का ऋषभ होगा और इसी प्रकार ४०५ का धैवत पंचम के आगे चौथी श्रुति पर जाएगा।" किन्तु इस प्रकार धैवत आधुनिक शुद्ध धैवत के निकट होने से पं. भातखंडेजी इत्यादि ग्रंथकारों ने शुद्ध या तीव्र धैवत को मान्य किया है। हवेली संगीत प्रणाली में भी शुद्ध धैवत के प्रयोग की परम्परा है।

उपर्युक्त परम्परा के अनुसार 'लक्ष्यसंगीत' में दिया गया ललित राग का निम्नलिखित वर्णन उपयोगी होगा।

मारवामेलनोत्पन्ना रागिणी ललिता मता।
आरोहे चावरोहेऽपि पंचमेन विवर्जिता॥

शुद्धमध्यमवादित्वं सर्वेषामेव संमतम्।
अमात्यत्वं भवेत् षड्जे शास्त्रोक्तनियमागतम्।

उत्तरांगप्रधानत्वे तारषड्जविचित्रिता।
संगतिर्धमयोर्नित्यमपूर्वां रक्तिमावहेत्॥

मध्यमस्य प्रमुक्तत्वं कस्य न द्रावयेन्मनः।
तत्स्वरेणैव लक्ष्यं स्याल्ललितांगं स्वतंत्रकम्॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ललित राग मारवा थाट से उत्पन्न होता है। पंचम वर्ज्य होने से जाति षाडव मानी जाती है। वादी स्वर शुद्ध मध्यम और संवादी षड्ज है। यह राग उत्तरांगप्रधान है अतः इसका गानसमय रात्रि का अन्तिम प्रहर माना जाता है। इसमें दोनों मध्यमों का प्रयोग होता है। ध म॑ ध म॑ म–इस प्रकार के स्वर वार–बार दिखाई देते हैं तथा नि रे॑ ग म, म॑ म ग— इन स्वरों से यह राग शीघ्र पहचाना जा सकता है। कुछ ग्रंथों में कोमल धैवत का उल्लेख है किन्तु हवेली संगीत में तीव्र धैवत लेने का प्रचलन है। धैवत और मध्यम की संगति संभालना कुशलता का काम है। ध म॑ म ग स्वरों पर मींड़ लेने से परिणाम सुन्दर दिखाई देता है। आरोह में ऋषभ को दुर्बल बना कर कभी नि सा ग म॑, म ग स्वर भी ले सकते हैं किन्तु मन्द्र स्थान में अधिक नीचे ले जाना ठीक नहीं है। इस राग में सामान्यतः निषाद स्वर का गौणत्व रहता है। यदि निषाद को आगे लाने का प्रयत्न होगा तो सोहनी राग का अंग दिखाई देगा।

आरोहावरोह—नि रे ग म, म॑ म ग, म॑ ध, सां।

रें नि ध, म॑ ध म॑ म ग, रे सा।

पकड़ स्वर—नि रे ग म, ध म॑ ध म॑ म ग

स्वरविस्तार—

(१) सा, रे सा, ग म, म॑ म ग, म॑ ध, म, ग, रे सा, नि रे ग म

(२) नि रे, ग, म॑, म, ध, म॑ ध, म, म, ग म, म॑ म, म ग, नि, रे ग, म।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(३) नि रे ग, म, गम, म ध, सां, रें, नि ध, म, म, गंम, म ध:म,

म, मग, रे सा, नि रे ग म।

(४) ग, म ध, सां, सां, नि रें सां गं रें सां, नि रें नि ध, म ध नि ध,

म ग, म ध, म ग, म, म म ग, ध ग, रे सा, नि रे ग, म।

राग ललित—ताल त्रिताल

कमलसी अखियाँ लाल तिहारी।
तिनिसों तकि-तकि तीर चलावत बेंधति छतियाँ हमारी ॥१॥
इन्हें कहा कोउ दोस लगावत ये अजहूँ न संभारी ॥
'श्रीविट्ठलगिरिधारी' कृपानिधि सुरत ही तें सुखकारी ॥२॥

स्थायी

०				३				×				२			
गम	ग	रे	सा	नि	रे	ग	म	म	ऽ	म	म	ग	रे	ग	—
कऽ	म	ल	सी	अ	खि	याँ		ला	—	ल	ति	हा	—	री	—

अंतरा

०				३				×				२			
—	ध	म	ध	सां	सां	नि	ध	सां	ऽ	सां	सांनि	रें	—	सां	सां
—	ति	नि	सों	त	कि	त	कि	ती	—	र	चऽ	ला	—	व	त
नि	रें	गं	रें	सां	रें	सां	सांसां	नि	—	ध	म	म	म	ग	—
बें	—	ध	ति	छ	ति	याँ	ह	मा	—	—	—	री	—	—	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

०				३				×				२			
म	म	ऽ	मं	म	ग	म	म	म	ध	म	म	ग	रे	ग	म
इ	न्हें	—	क	—	हा	को	उ	दो	—	स	ल	गा	—	व	त
ग	रे	सा	सा	नि	रे	ग	म	मं	—	—	—	ग	रे	ग	—
ये	—	अ	ज	हूँ	—	न	सं	भा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	री	—

आभोग—"श्रीविट्ठल गिरिधर" अंतरानुसार

राग ललित—ताल चर्चरी

आज सगरी निसा कहाँ जागे लाल,
कहोन साँची सुभग साँवरे माधो ।
घोख मंथन सव्द प्रानपति गहगह्यो
रह्यो मोहन सूर प्रगट भयो आधो ॥१॥
कमल विकसित भये, चक्रवाकी हसी
सुमुखि पुलकित जपत कानन आराध्यो ।
विश्वमोहन वदन निरखि नभ चंद्रमा,
सगवा लज्जित भयो प्रेम गुन बांधो ॥२॥
ललित सुंदर राग ताल चर्चरी धरि,
मधुप गावत सुजस, पिकनि स्वर सांधो ।
कहे 'कृष्णदास'प्रभु लाल गिरिवरधरन
पाये व्रजसुंदरी कृपन धन लाध्यो ॥३॥

स्थायी

×			२		०		३		
सां	—	सां	नि	ध	म	ध	म	म	—
आ	—	ज	स	ग	री	—	नि	सा	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

म॑	म	ग	ग	—	म॑	ध	सां	—	सां
क	हाँ	—	जा	—	गे	—	ला	—	ल
सां	सां	सां	सां	—	नि	रें	नि	ध	ध
क	हो	न	साँ	—	ची	—	सु	भ	ग
म॑	—	ध	नि	ध	म॑	म	ग	म	मम॑
साँ	—	ब	रे	—	मा	—	धो	—	——

अंतरा

×			२		०		३		
ध	म॑	ध	सां	—	सां	सां	सां	—	सां
घो	—	ख	मं	—	थ	न	स	—	ब्द
नि	रें	ग	रें	सां	नि	रें	नि	ध	—
प्रा	—	न	प	ति	ग	ह	ग	ह्यो	—
म॑	ध	—	सां	सां	नि	रें	नि	ध	ध
र	ह्यो	—	मो	ह	न	—	सू	—	र
सांम॑	ध	ध	नि	ध	म॑	म	ग	म॑	मम॑
प्र—	ग	ट	भ	यो	आ	—	—धो	—	——

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×			२		०		३		
गम	ग	रे	नि	सा	ग	म	मं	म	—
क—	म	ल	वि	क	सि	त	भ	ये	—
ध	मं	ध	सां	—	निरे	नि	ध	मं	म
च	—	क्र	वा	—	कि—	—	हँ	सी	—
सां	सां	सां	नि	ध	नि	ध	म	म	ग
सु	मु	खि	पु	ल	कि	त	ज	प	त
मं	ग	रे	सां	निसा	ग	म	मं	म	—
का	न	न	—	आ—	रा	—	ध्यो	—	—

आभोग "विश्वमोहन वदन" अंतरा मुजब, "ललित सुंदर" संचारी मुजब, 'कहे कृष्णदास' अंतरानुसार ।

राग ललित—ताल सूलताल

साँझजु आवनि कहि गये मोहन भोर भये देखें ।
गिनत नछत्र नेन अकुलाने चारि पहर मानो जुगते बिसेखे ॥१॥

कीनी भली जु चिह्न मिटाये अधरनि रंग उरे नख रेखे ।
'कुंभनदास'प्रभु रसिकसिरोमनि गिरिधर तुम्हारे ही कहा लेखे ॥२॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्थायी

×		०		२		३		०	
ग	रे॒	नि़	सा	ग	म	मं	मं	—	—
सां	—	झ	ज़ु	आ	—	—	व	—	नि
ग	ग	मं	ध	मं	ध	नि	सां	—	सां
क	हि	ग	ये	मो	—	—	ह	—	न
रें॒	सां	नि	ध	मं	ध	मं	म	ग	मंम
भो	—	र	भ	ये	—	दे	—	खें	—

अंतरा

×		०		२		३		०	
मं	ध	सां	सां	सां	—	नि	रें॒	सां	—
गि	—	न	त	न	—	छ	—	त्र	—
नि	रें॒	गं	रें॒	सां	सां	रें॒	नि	ध	—
ने	ऽ	न	ऽ	अ	कु	ला	—	नि	—
सां	नि	ध	मं	म	ग	मं	ध	सां	—
चा	—	र	प	ह	र	मा	—	नो	—
सां	रें॒	नि	ध	मं	ध	मं	म	ग	मंम
जु	ग	तें	—	वि	से	ऽ	ऽ	खे	ऽऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×		०		२		३		०	
म	—	म	मं	म	ग	म	—	—	—
की	—	नी	भ	ली	जु	—	—	—	—
नि	ध	मं	म	ग	रे	ग	—	—	—
चि	—	ह्व	मि	टा	—	ये	—	—	—
मं	ग	रे	सा	नि	रे	ग	—	—	म
अ	ध	र	नि	रं	—	ग	—	—	कि
मं	ध	नि	ध	मं	म	म	रे	ग	—
ये	—	न	ख	रे	—	ख	—		—

"आभोग" अंतरानुसार ।

राग ललित—ताल धमार

अहो हरि होरी में जब जो गये तुम भाज ।

गारी देहूँ भरूँ भराऊँ, मुख माँडौंगी आज ॥१॥

हौं अपनो मन भायो करिहौं, सुन कुंवर ब्रजराज ।

'जगन्नाथ कविराय' के प्रभु माई, सकल घोख सिरताज ॥२॥

स्थायी

३				×					२		०		
नि	रे	ग	म	मं	—	—	म	—	ग	—	ध	मं	ध
अ	हो	ह	रि	हो	—	—	री	—	में	—	ज	ब	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सा – – सा	रे सां – नि ध	म ध	म म ग
जो – – ग	ये – – तु म	भा –	– – ज

अंतरा

×	२	०	३
ध म ध सां –	सां सां	रें सां सां	नि ध म ध
गा – री दे –	हूँ भ	रुँ – भ	रा – उँ –
निं रें सां नि ध	म ध	म म ग	नि रें ग म
सु ख माँ डो गी	– आ	– ज –	अ हो ह रि

संचारी

×	२	०	३
म म म म ग	म ध	नि ध म	ग रे ग –
हो अ प नो –	म न	भा – यौ	क रि हों –
म ग रे नि सा	ग म	म – म	– – म –
सु न कुँ व र	ब्र ज	रा – –	– – – ज

'आभोग' अंतरानुसार ।

राग ललित पंचम

यह राग भैरव थाटमेंसे उत्पन्न होने वाला एक मिश्र राग माना जाता है । आरोह में पंचम वर्ज्य है । अवरोह पूर्ण एवं वक्र है । इस राग में दोनों मध्यमों का प्रयोग होता है । वादी स्वर शुद्ध मध्यम और संवादी षड्ज है । समय रात्रि का अन्तिम प्रहर है । यह राग ललितांग से

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

गाया जाता है । मुक्त मध्यम से ललित का उद्भव होता है किन्तु साथ में पंचम स्वर का अवरोह में प्रयोग होने से ललित से यह स्वतंत्र दिखाई देता है । प्रचलित ललित पंचम से सम्प्रदाय की भिन्न परम्परा प्राप्त न होने से पं. भातखंडेजी के मतानुसार यह प्रकार मान्य करना यहाँ उचित समझा है.

उठाव :— गमगरेसा, निसागम, मग, प, मधनि, धप, धमम, पग, रेसा.

राग ललित पंचम—ताल त्रिताल

कहो तुम सांचि कहाँते आये भोर भये नंदलाल ।
पीक कपोलन लागि रही हे घूमत नेन बिसाल ॥२॥
लटपटी पाग अटपटे पेचन उरसि मरगजी माल ।
'कृष्णदास'प्रभु रसबस करि लीने धन्य वे हें व्रजबाल ॥२॥

स्थायी

०				३				×				२			
ध	ग	रे	सा	नि	सा	ग	म	म	—	म	—	म	गम	ग	—
क	हो	तु	म	सां	—	चि	क	हाँ	—	तें	—	आ	—	ये	—
—	प	प	प	म	ध	रें	नि	सां	निध	प	म	ग	म	ग	रे
क	हो	तु	म	सां	—	चि	क	हाँ	—	तें	—	आ	—	ये	—

अंतरा

०				३				×				२			
प	—	ग	ग	म	—	ध	मध	सां	—	सां	सां	नि	रें	सां	—
पी	—	क	क	पो	—	ल	न—	ला	—	गि	र	ही	—	हे	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सां — सां सां	नि ध ध सां	रें निध प मं	ग म ग रें
घू — म त	नें — न वि	सा — — —	— — — ल

संचारी

०	३	×	२
प प प मं	ध ध ध प	प प मं मं	ग म ग ग
ल ट प टी	— पा — ग	अ ट प टे	पे — च न
प ग रे सा	नि सा ग म	मं — म —	ग म ग —
उ र सो हे	म र ग जी	मा — — —	— — ल —

आभोग

०	३	×	२
प मं ध सां	— सां सां सां	नि रें गं मंमं	गं रें सां सां
कृ — ष्ण दा	— स प्र भु	र स न स—	क रि ली ने
सां सां नि ध	मं ध सां सां	रें निध प मं	ग म ग रे
ध नि वे —	हैं — व्र ज	वा — — —	— — — ल

राग पंचम

यह राग ग्रन्थोक्त एवं प्राचीन है। थाट मारवा है। समय रात्रि का उत्तर भाग माना जाता है। सम्मप्रदाय में यह राग सीतकाल में प्रातः काल मंगला-शृंगार समय तक तथा वसंत होरीके दिनोंमें गाया जाता है।

दोनों मध्यमों का प्रयोग होता है। जाति औडव-षाडव है। पंचम स्वर वर्ज्य है। संपूर्ण जाति का भी एक प्रकार प्रचार में है। रे स्वर आरोह में

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

वर्ज्य है और अवरोह में दुर्बल रूप से लिया जाता है। ललितांग से यह राग गाया जाता है। वादी स्वर मध्यम, संवादी षड्ज है।

आरोहावरोह :—साग, म, ग, मधनि, मध, सां। सांनिध, मग, रेसा.

विस्तार :— (१) साग, मधसां, निध, मध, निमध, सांनिध, मग रेसा.

(२) निसाम, म, मग, मधसां, निधनिमध, मग, मगरेसा.

(३) मध, सां, सां, सांनिधम, मग, मधनिधममग,

मम, रेसा, साम, ग, निधमग, मधनिमधसां.

राग पंचम—ताल धमार

देखो—देखो ब्रजकी वीथनि—वीथनि खेलत हैं हरि होरी।
गति विचित्र कोलाहाल कौतिक संग सखा लखकोरी ॥१॥
आईं झूमि झूमि झुंडन जुरी अगनित गोकुल गोरी।
तिनमें जुवतिकदंबसिशेमनि राधा नवलकिसोरी ॥२॥
छिरकत ग्वाल बाल अबलन पर बूका वंदन शेरी।
अरुन आकास देखि संध्या भ्रम मुनिमनसा भई बोरी ॥३॥
रपटत चरन कीच अरगजाकी केसरि कुंकुम घोरी।
कही न जाय 'गदाधर' पैं कछु वुद्धिबल मति भई घोरी ॥४॥

स्थायी

×					२		०				३			
सां	—	नि	ध	म	ग	—	म	ग	म		ग	रे	सा	सा
दे	—	खो	ब्र	ज	की	—	वी	थ	नि		वी	—	थ	नि
सा	म	म	म	ग	म	ध	निध	म	ग		रे	सा	म	ध
खे	ल	त	हैं	—	ह	रि	हो—	—	—		री	—	दे	खो

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अंतरा

×					२		०			३			
म	ध	सां	सां	—	सां	सां	सां	सां	सां	रें	सां	सां	सां
ग	ति	चि	चि	—	त्र	को	ला	ह	ल	को	—	ति	क
सां	नि	ध	म	ग	म	ध	सां	नि	ध	म	ग	म	ध
सं	ग	स	खा	—	ल	ख	को	—	—	री	—	दे	खो

संचारी

×					२		०			३			
सा	म	म	म	म	म	म	म	ग	ग	म	ध	सां	सां
आ	—	इ	झू	मि	झू	मि	झुं	ड	नि	जु	रि	जु	रि
मध	सां	सां	नि	ध	म	ग	ग	—	म	ग	—	सा	—
अग	नि	त	गो	—	कु	ल	नो	—	—	री	—	—	—

राग मालकौंस

मालकौंस राग प्राचीन है। ग्रंथों में 'मालवकौशिक' नाम से इसका उल्लेख दिखाई देता है। प्राचीन मान्यता अनुसार कहा गया है कि इस राग के गाने से पत्थर भी पिघल जाता है। ऐसा कुछ भी हो, परन्तु यह राग उष्ण प्रकृति का है। राग होने से पुष्टिभक्तिमार्ग के मन्दिरों में शिशिर और हेमंत ऋतुओं में अधिकतर मंगला के दर्शन में गाया जाता है। यह राग अधिकांश प्रबोधिनी से वसंतपंचमी तक ही गाया जाता है। इस राग में खंडिता (नायिका) के भाव के पद अधिक संख्या में हैं। काव्य का अर्थभाव, समय और शीतल ऋतु के साथ गहरा संबंध होने के कारण पुष्टिमार्ग के मन्दिरों में यह राग

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

दृष्टिगोचर होता है । इस राग में बधाई और जन्मोत्सव इत्यादि के पद प्राप्त नहीं होते । अतः यह राग गाने की प्रणाली नहीं है । गंभीर प्रकृति का यह राग अति लोकप्रिय है । विवरण इस प्रकार है ।

१. यह राग भैरवी थाट से उत्पन्न होता है ।

२. इस राग में ऋषभ पंचम वर्ज्य होने से जाति औडव है ।

३. वादी स्वर मध्यम है और संवादी षड्ज है ।

४. समय रात्रि का तीसरा प्रहर माना जाता है । आरोह अवरोह स्वरूप

नि सा, ग म, ध नि सा । सा नि ध म ग म ग सा

पकड़ : म ग, म ध, नि ध, म ग सा

राग मालकौंस—ताल मत्तताल, मात्रा १८

चंद कमल पर भँवर दोऊ बेठे, चंद गयो है लजाई (माई) ।
कळा विमल भई, छिप गई जोति, उडुगन गगन लगे हे जाई ।।१।।
बेंनी निरखत भुजंग पाताल गये, दृग देख मीन जल में दूरे जाय ।
छिनक केहरि कटि, "घौंघी' के प्रभु निहार, बारं—बार बलि—बलि जाय ।।२।।

स्थायी

×	०	२	३	०	४	५	६	०
सां —	ध नि	ध म	ग म	— म	ग सा	ध नि	सा —	म —
चं —	द क	म ल	प र	— भँ	व र	दो ऊ	बे —	ठे —
म							म	ग सा
ग —	म म	नि ध	नि सां	— गं	सां नि	ध म	ग म	ध नि
चं —	द ग	यो —	हे —	— ल	जा —	ई —	मा —	ई —

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अंतरा

×	०	२	३	०	४	५	६	०	
ग	म—	निध	नि—	सांसां	—सां	गंसां	निध	निध	म
क्ष	ला—	विम	ल—	भई	—छि	पग	ईजा	—ति	—
ध	निसां	मंगं	—गं	—सां	सांनि	—ध	मग	मग	सा
उ	डुग	नग	गन	——	लगे	—हे	—ज्ञा	—ई	—

संचारी

×	०	२	३	०	४	५	६	०	
म	—म	धम	गम	मध	—नि	निध	निध	मम	—
वें	—नी	निर	खत	भुजं	—ग	पाता	—ल	गये	—
ध	मग	मग	सा—	साध	निसा	—म	ग—	म—	म
ह	गदे	—खि	मी—	नज	लमें	—दू	रें—	जा—	य

आभोग

×	०	२	३	०	४	५	६	०	
ग	गम	मध	धनि	निनि	सां—	सांगं	सांनि	निध	म
छि	नक	केह	रिक	टिधौं	धी—	केप्र	भुनि	हा—	र
ध	—नि	सांसां	—मं	—गं	—सां	निध	मग	मध	नि
वा	—रं	—वा	—र	—व	—लि	ब—	लिजा	—य	—

राग मालकौंस–ताल चौताल

पीर न जानी अहो पिय, देखि तिहारी एसी अनोखी प्रीत ।

हंमसों अवधि बदी, अनत बिलम रहे, कोन गाँव की यह रीत ॥१॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तारे गिनत मोहि चार जुग बीते, कोन के भवननि सिधारे हो मीत ।
'तानसेन' के प्रभु अब न पत्याऊँ, तुमें करि राखों रसरीत ।।२।।

स्थायी

सां	ध	नि	ध	मग
पी	—	र	—	—न—

×		०		२		०		३		४	
म	—	—	(म) ग	—	म	ग	सा	—	सा	म	म
जा	—	—	नी	—	अ	हो	—	—	पि	—	य
(म) ग	—	—	म	ध	नि	सां	—	नि	सां	—	सां
दे	—	—	खि	—	ति	हा	—	री	ए	—	सी
गं	सां	नि	ध	नि	ध	म	सां	—	ध	नि	ध
अ	ना	खी	प्री	—	त	—	पी	—	र	—	न

अंतरा

×		०		२		०		३		४	
ग	म	—	ध	—	नि	नि	सां	—	सां	सां	—
ह	म	—	सौं	—	अ	व	धि	—	ब	दी	—
नि	नि	—	सां	—	गं	सां	नि	नि	ध	म	—
अ	न	—	त	—	वि	ल	म	—	र	हे	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नि	सां	—	मं	—	गं	मं	गं	—	सां	—	—
को	—	—	न	—	गाँ	—	व	—	की	—	—
गं	सां	—	ध	नि	ध	म	सां	—	ध	नि	ध
य	ह	—	री	—	त	—	पी	—	र	—	न

संचारी

×		०		२		०		३		४	
सां	—	—	म	—	म	ध	म	—	म	—	म
ता	—	—	रे	—	गि	न	त	—	मो	—	हि
ग	—	ग	म	ध	नि	ध	नि	ध	म	—	—
चा	—	र	जु	—	ग	बी	—	—	ते	—	—
ग	—	—	म	—	म	ग	म	ग	सा	—	सा
को	—	—	न	—	के	भ	व	—	न	—	नि
सां	ध	नि	सा	—	सा	ग	सा	म	म	—	—
सि	धा	—	रे	—	हो	मी	—	—	त	—	—

'आभोग' अंतरानुसार ।

(इस राग के अधिक पदों की स्वरलिपि के लिए हमारे "संगीतकीर्तन-पद्धति" एवं "संगीतसुबोधिनी" देखिये)

राग मालकौंस—ताल चर्चरी (झपतालअंग)

नख कहाँ लागे बन बानरा लगाये नख,
चख क्यों राते प्रांत देख्यो ताते मान को ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

चंदन लग्यो है कहाँ, विघ्नहरन पूजा कीनी,
बंदन लग्यो है कहाँ, परस भयो थान को ॥२॥
रैन रहे कहाँ नट नृत्य जहाँ,
अरबरे क्यों बोलो मोसों डर भयो आन को ।
गुजरी सो गुजरी अब आगे आय ठाडे "सूरु",
थैंगरी कहाँलों देत फाटे असमान को ॥२॥

स्थायी

×		२			०		३		
सा	सा	निसा	ध	नि	सा	म	म	म	ग
न	ख	क—	हाँ	—	ला	—	गे	व	न
म	ग	म	ध	नि	सां	ध	नि	ध	म
वा	न	रा	—	ल	गा	ये	न	—	ख
म	ग	म	नि	ध	नि	सां	सां	—	सां
च	ख	क्यों	—	रा	—	ते	प्रा	—	त
गं	सां	निध	मध	नि	ध	नि	ध	मग	म
दे	ख्यो	ता—	—	ते	भा	—	न	कों—	—

अंतरा

×		२			०		३		
म	ग	म	निध	नि	सां	सां	सां	सां	—
चं	द	न	—	ल	ग्यो	हे	क	हाँ	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सां	सां	सां	गं	सां	निध :	नि	ध	म	ग
बि	घ्न	ह	र	न	—	पूजा	की	—	नी
ध	ध	नि	सां	मं	गं	मं	गं	सां	सां
बं	द	न	—	ल	ग्यो	हे	क	हाँ	—
गं	सां	निध	सध	नि	ध	नि	ध	मग	म
प	र	स—	भ—	यो	था	—	न	को—	—

संचारी

×		२			०		३		
ग	म	ध	नि	सां	गं	सां	नि	ध	म
रे	—	न	—	र	हे	—	क	हाँ	—
सां	—	नि	—	सां	गं	सां	निध	नि	ध
न	—	ट	—	नृ	—	त्य	ज—	—	हाँ
म	ग	म	ध	नि	सां	ध	नि	ध	म
अ	र	ब	रे	क्यों	बो	लो	मो	—	सों
ग	सा	सा	ध	नि	सा	म	ग	मग	म
ह	र	भ	—	यो	आ	—	न	को—	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

आभोग

×		२			०		३		
ग	म	ध	—	नि	सां	सां	सां	सां	सां
गु	ज	री	—	सो	गु	ज	री	अ	ब
सां	सां	सां	—	निसां	गं	सांनि	नि	—	ध
आ	गे	आ	—	य—	ठा	डे—	ठू	—	र
ध	नि	सां	मं	मं	गं	गंमं	गं	—	सां
थें	ग	री	—	क	हाँ	लों—	दे	—	त
सां	सां	सांनि	ध	नि	ध	नि	ध	मग	म
फा	टे	अ—	—	स	मा	—	न	को—	—

राग देवगंधार

देवगंधार राग प्राचीन है। प्रचार में यह राग आसावरी थाट का माना जाता है परन्तु पुष्टिसम्प्रदायकी कीर्तनप्रणाली अनुसार यह राग का थाट भैरव माना जायगा। अतः गानसमय दिनका प्रथम प्रहर है। सम्प्रदाय की प्रातः-कालीन सेवामें यह राग शृंगार के दर्शन तक गाया जा सकता है। सम्प्र-दाय के मुख्यत : रागों मे यह राग है। नित्यकीर्तन, जन्मबधाई तथा त्यौ-हारादि के कीर्तनों में भी यह राग के पद अधिकतर पाये जाते हैं।

वादी स्वर धैवत और संवादी ऋषभ माना जायगा। जाति सम्पूर्ण है। स्वर रिषभ धैवत कोमल है तथा इस राग के अवरोह में निषाद कोमल तथा शुद्ध ऋषभ केवल तार सप्तक में रंजक होता है। रे कोमल शुद्ध रे की ओर जुकता सा रहता है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

आरोहावरोह—

सा, रे, गं, म, प, ध, निसां। सांनिधप, निधप, मग, रे, सां.

चलत : (१) सां, सां, नि, ध, पध, सां, निध, प, मप, मग, रे, सा.

(२) मम, ; प, ध, ध प, म ध, सां, सां नि ध प, रें सां नि ध प, मप, मगरे, सा

(३) ध ध म ध, सां, नि ध, रें सां, रें नि ध, प, म, प, ध प, म, गम, रे, सा.

राग देवगंधार—ताल आडचौताल (तीव्रा)

आजु बधाई मंगल चार ।
गावत मंगल गीत जुवतिजन, नवसत साज सिंगार ॥१॥
मंगल कनक कलस सुभ मंगल, बांधे बंदनवार ।
मंगल मोतिन चोक पुराये, पंचशव्द गृहद्वार ॥२॥
घर घर मंगल महा महोत्सव, श्रीवल्लभ अवतार ॥
'हरजीवन'प्रभु यज्ञपुरुष श्रीलछमनभूप—कुमार ॥२॥

स्थायी

										म	ग	म	पध
										आ	ऽ	जु	बऽ
×	२		३		४		×	२		३		४	
सां	—	सां	ध	प	पध	रें	सां	—	सां	ध	प	गम	प
धा	ऽ	ई	मं	ऽ	गऽ	ल	चा	ऽ	र	आ	ऽ	जुऽ	ब
नि	—	ध	पम	गरे	गम	प	मग	रे	सां	म	गम	प	पध
धा	ऽ	ई	मंऽ	ऽऽ	गऽ	ल	चाऽ	ऽ	र	आ	ऽऽ	जु	बऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अंतरा

× २ ३ ४ × २ ३ ४

स म गम|प ध|सां सां | रें रें सांरें | गं रें|सां सां

गा व तऽ|मं ऽ|ग ल | गी त जुऽ | व ति|ज न

निसां सां सां|ध प|पध धरें | सां — सां | निध पम|गम प

नव स त|सा ऽ|ज— सिंऽ | गा ऽ र | आऽ ऽऽ|जुऽ व

संचारी

× २ ३ ४ × २ ३ ४

सां सां सां|ध ध|प प | ध ध धप | ग म|प प

मं ग ल|क न|क क | ल स सुभ | मं ऽ|ग ल

नि — ध|पम ग|म प | म — — | — —|सा —

वां ऽ धि|बंऽ ऽ|द न | बा ऽ ऽ | ऽ ऽ|र ऽ

आभोग

× २ ३ ४ × २ ३ ४

म म म|प ध|सां सां|सांरें गंमं मं|रें रें| सां —

मं ग ल|मो ऽ|ति न|चोऽ कऽ पु|रा ऽ| ये ऽ

सांरें रें नि|ध प|प पध|सां — सां|ध प| गम प

घंऽ च स|ऽ ब्द|गृ ह|ऽद्वा ऽ र|आ ऽ| जुऽ व

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग देवगंधार—ताल धमार

अद्भुत डोल बनी मनमोहन अद्भुत डोल बनी ।
तुम झूलो हौं हरखि झुलाऊँ, वृंदावनचँद धनी ॥१॥
परम बिचित्र रच्यो विश्वकर्मा हीरालाल मनी ।
'चत्रभुज'प्रभु गिरिधरनलाल-छबि का पे जात गनी ॥२॥

स्थायी

×					२		०			३			
सां	—	—	सां	—	सां	—	नि	ध	—	प	—	ध	रे
अ	ऽ	ऽ	द्भु	ऽ	त	ऽ	डो	ऽ	ऽ	ल	ऽ	ऽ	ब
सां	—	—	नि	ध	प	—	म	—	—	प	—	प	—
नी	ऽ	ऽ	म	ऽ	न	ऽ	मो	ऽ	ऽ	ह	ऽ	न	ऽ
नि	ध	—	ध	—	प	—	ध	प	म	ग	—	प	म
अ	ऽ	ऽ	द्भु	ऽ	त	ऽ	डो	ऽ	ऽ	ल	ऽ	ऽ	ब
ग	—	—	म	—	ग	—	रे	—	—	सा	—	—	—
नी	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

अंतरा

×					२		०			३			
म	म	—	म	—	प	—	ध	—	—	सां	—	—	—
तु	म	ऽ	झू	ऽ	ऽ	ऽ	लो	ऽ	ऽ	हौं	ऽ	ऽ	ऽ
सां	रें	—	रें	—	रें	—	गं	रें	—	सां	—	सां	ऽ
ह	र	ऽ	खि	ऽ	झु	ऽ	ला	ऽ	ऽ	ऊँ	ऽ	वृं	ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सां	—	—	सां	—	सां	—	नि	ध	—	प	ध	ध	रें
दा	ऽ	ऽ	ब	ऽ	न	ऽ	चं	ऽ	ऽ	द	ऽ	ध	ऽ
सां	नि	—	ध	—	प	—	म	—	—	प	—	प	—
नी	ऽ	ऽ	म	ऽ	न	ऽ	मो	ऽ	ऽ	ह	ऽ	न	ऽ

राग हिंडोल

यह प्राचीन राग है। हनुमन्मतानुसार मूल छः रागों में हिंडोल को तीसरा राग बताया है! ग्रन्थों में हिंडोल के स्वरों में कुछ मतभेद दिखाई देता है किन्तु रि प वर्ज्य के लिये अधिक मतभेद नहीं हैं। 'संगीतपारिजात[१] तथा 'संगीतसारामृत'[२] इत्यादि ग्रन्थों में रि प वर्ज्य का स्पष्ट उल्लेख है। प्रचार में अष्टछापघराना में तथा भारतीय संगीत के अन्य घरानों में हिंडोल के स्वरूप में कोई भिन्नता नहीं है। अतः लक्ष्यसंगीतकार ने किया हुआ हिंडोल का सर्वसम्मत वर्णन इस प्रकार है।[३]

"हिंडोल राग कल्याण थाट से उत्पन्न होता है। प्रातःकाल में गाया जाता है। वादी स्वर धैवत और संवादी गांधार है। रि प स्वर वर्ज्य हैं। अवरोही वर्ण में अधिक वैचित्र्य दिखाई देता है।

अष्टछाप के श्रीकृष्णदासजी ने भी हिंडोल की एक पदरचना में भी यही वर्णन किया पाया जाता है। यह पद और उसकी स्वरलिपि यहाँ प्रसिद्ध की जा रही है।

---

१ "हिन्दोलेऽथ रिपौ त्याज्यौ, कोमलो धैवतो भवेत्। ४३०॥

२ "हिन्दोलो भैरवीमेलसंजातो रिपवर्जितः।
औडवः सर्वदा गेयः संगीतागमकोविदैः॥
[संगीतसारामृत. पृ. २३. प्रका० सन् १९११]

३ लक्ष्यसंगीत—पृ. ९० [प्रकाशन—ई० १९२४]

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अष्टछाप परंपरा में यह राग वसंतोत्सव के दिनों में गाया जाता है। वंगाल के प्रसिद्ध ग्रन्थकार ने इस बात का समर्थन इस प्रकार किया है[४] "हिंडोल राग संस्कृत ग्रन्थ का ही हिंडोल राग है। वह औडवजाति का है। रिषभ पंचम वर्ज्य हैं। इस राग को वसन्त ऋतु की 'दोलयात्रा' के महोत्सवप्रसंग में गाने की प्रथा है[५]। सम्प्रदाय में प्रातःकालीन एवं खंडिता की भावना इत्यादि के पद उसी हिंडोल राग में गाये जाते हैं। जिस का विवरण निम्न प्रकार है।

वादी स्वर–धैवत, संवादी–गान्धार. थाट—कल्याण

गानसमय–दिन का प्रथम प्रहर, जाति–औडव

स्वर–म तीव्र, अन्य शुद्ध, नि वक्र, वर्ज्यस्वर–रे और प

आरोहावरोह :

सा, ग, मधनिध, सां। सां, निध, मग, सा.

पकड–स्वर–सा, ग, मध, निध, मग, सा.

स्वरविस्तार :

१. सा, ग, मग, ध, मग, मधनिध मग, मग सा.

२. सा, धसा, मधसा, ग, सा. सागमगसा, ध, मग, सा.

३. साध, निमध, सांध, मधमसां, ध, मगं, सां, ध, निधमग, मग, सा.

---

४ भातखंडे संगीतशास्त्र–भाग–१

५ दोलोत्सव (डोल) के वसंत समय झूलन के पदों में तथा चातुर्मास में हिंडोला (झूला) के दिनो में गाये जाने वाला हिंडोलप्रकार–२ का विवरण इस राग के साथ ही पीछे दिया गया है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

४. सांध, मग, सा.गंसां; धम, ग; सा. मग, सा, धम, मग, सा.

५. सां, धसां, मधमसां, मगं, सां—गमधम धसां, ध, ध, निमध, सां. सांध, धम, मग, गसा. ध, सा ।

इस प्रकार के हिंडोल राग के पदों में से नृत्य के भाव के दो पद उदाहरण के लिये स्वरलिपिसहित यहाँ दिये जा रहे हैं । प्रथम हैं टिपारे के शृंगार का और दूसरे में मुकुट—काछनी शृंगार का सुंदर वर्णन किया है ।

राग हिंडोल—ताल चर्चरी

थेई ता थेई थेई करत निर्तत नटवरलाल गावत हिंडोल रस रंग रह्यो भारी ।
मुरलिका अधर धरी बजावत संगीत सों, नाद सुनि विवस हो चली व्रजनारी ॥१॥
आप ठाडी भई लालके ढिंग, पाठके गुलाल कछु मोहन पें डारी ।
काछिनी खुलि गई चंद्रिका लटकि कें मदनमोहन की लेत बलिहारी ॥२॥

स्थायी

×			२		०		३		
सां	सां	सांध	सांम	ध	सां	ध	म	ग	सा
थे	ई	ताऽ	थे	ई	थे	ई	क	र	त
सा	सा	ध	सा	सा	ग	म	ग	—	सा
निर्त	—	त	न	ट	ब	र	ला	—	ल

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सा	सा	ग	म॑	ग	म॑	ध	सां	सां	सां
गा	व	त	—	हिं	डो	—	ल	र	स
गं	—	सां	सां	नि	ध	म॑	ग	—	सा
रं	—	ग	र	ह्यो	भा	—	री	—	—

अंतरा

×			२		०		३		
म॑	ध	ध	सां	—	सां	सां	सां	सां	सां
सु	र	लि	का	—	अ	ध	र	ध	रि
सां	ध	सां	गं	गं	मं॑	गं	सां	सां	ध
व	जा	व	त	सं	गी	—	त	सों	—
मं॑	—	गं	म॑	गं	गं	सां	सां	सां	सां
ना	—	द	सु	—	नि	—	वि	व	स
सां	—	सांध	सांम॑	ध	नि	ध	म॑	ग	सा
हो	—	च—	ली—	—	व्र	ज	ना	—	री

राग हिंडोल–ताल चौताल

निरतत गावत बजावत सासा गग मग मध निध मध औडव सुर राग हिंडोल । ध्रिगडधिंग, ध्रिगडध्रिग, घररर कुहु कुहु कुहु धिधिकिट बाजत मृदंग बोल ॥१॥ सोहे टिपारो लाल काछिनी कमलवरन, खेलत बसंत राधा करत कलोल । केलि करत वृंदावन 'मदनमोहन' जमुनातट बारत हैं मुक्तामनिमाल अमोल ॥२॥

स्थायी

							सां	ध	नि	म॑	ध
							नि	र	त	—	त
×		०		२		०		३		४	
सां	—	ध	म॑	—	ध	नि	ध	म॑	ग	—	सा
गा	—	—	व	—	त	ब	जा	—	व	—	त
सा	—	सा	ग	—	ग	म॑	ग	—	म॑	—	ध
नि	ध	—	म॑	—	ध	सां	—	गं	सां	म॑	ध
						औ	—	ड	व	सु	र
नि	ध	म॑	ग	—	सां	—	सां	ध	नि	म॑	ध
रा	ग	हिं	डो	—	ल	—	नि	र	त	—	त

अंतरा

×		०		२		०		३		४	
म॑	ग	ग	म॑	—	ध	सां	सां	सां	सां	—	सां
ध्रि	ग	ड	ध्रि	—	ग	ध्रि	ग	ड	ध्रि	—	ग
सां	सां	गं	गं	सां	सां	सां	—	सां	सां	—	ध
घ	र	र	र	कू	हु	कू	—	हु	कू	—	हु
सां	सां	गं	गं	मं॑	मं॑	गं	ग	सां	—	ध	ध
धि	धि	कि	ट	धि	धि	कि	ट	बा	—	ज	त
सां	ध	म॑	ग	—	सा	—	सां	ध	नि	म॑	ध
मृ	दं	ग	बो	—	ल	—	नि	र	त	—	त

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×		०		२		०		३		४	
सा	–	ध	ध	–	ध	नि	ध	म॑	ध	–	ध
सो	–	–	हे	–	टि	पा	–	रो	ला	–	ल
म॑	ध	सां	सां	–	ध	नि	ध	नि	ध	म॑	ग
का	–	छि	नी	–	क	म	ल	–	ब	र	न
ध	–	म॑	ग	–	म॑	ग	–	सा	सा	–	सा
खे	–	ल	त	–	ब	सं	–	त	रा	–	धा
सा	ध	–	म॑	–	ध	सा	–	–	ग	–	सा
क	र	–	त	–	क	लो	–	–	–	–	ल

आभोग

×		०		२		०		३		४	
म॑	–	ग	ग	म॑	ध	सां	–	सां	सां	–	सां
के	–	लि	क	र	त	वृं	–	दा	व	–	न
सां	सां	गं	–	सां	सां	सां	सां	सां	सां	ध	ध
ज	मु	ना	–	त	ठ	म	द	न	मो	ह	न
सां	–	गं	मं॑	मं॑	गं	मं॑	सां	सां	ध	म॑	ध
वा	–	र	त	है	–	मु	–	क्ता	म	–	नि
नि	ध	म॑	ग	–	सां	–	सां	ध	नि	म॑	ध
मा	ल	अ	मो	–	ल	–	नि	र	त	–	त

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग हिंडोल–प्रकार २

सम्पदाय में दोलात्सव के तथा हिंडोला के पदों में इस प्रकार का हिंडोल प्रचलित होने का असंभवित नहीं हैं। किन्तु आजकल यह प्रकार अप्रचलित दिखाई देता है। जिस प्रकार मल्हार राग गानेका फल बरसात होना सुप्रसिद्ध है, उस प्रकार हिंडोल का फल "झूले हिंडोला आपते' गावत राग हिंडोल" कहा गया है। अर्थात् इस राग गाने से झूला अपने आप झूलने लगता है। सम्प्रदायमें [१]दोलोत्सव के पदों में तथा [२]हिंडोलके पदोमें हिंडोल का उल्लेख जो प्राप्त होता हैं, यह हिंडोल–प्रकार २ का सूचन है।

इसके पूर्व हिंडोल का जो वर्णन हम कर चुके हैं, वह उत्तरांग अंगका है। वह दिनके बारह बजे पूर्व गाया जाता है। किन्तु यह हिंडोल का पूर्वांग अंग होने से दूपहर के बारह बजे से पश्चात् गाने का समय है।

इस प्रकार के हिंडोल को कोई सांझ का हिंडोल कहते हैं। सम्प्रदाय में 'दोल' का तथा हिंडोला का समय दिन का चौथा प्रहर सुप्रसिद्ध है। अतः इनको सायंकालीन हिंडोल कहना समुचित्त कहा जायगा। प्रातर्गेय हिंडोल में वादी स्वर धैवत और संवादी निषाद है। प्रातर्गेय हिंडोल में निषाद का प्रयोग जितना कम किया जाय उतना उस राग का सौन्दर्य बढ़ता है और वह भी अवरोह में ही किया जाता है। इसमें निषाद स्वर महत्त्व का है और आरोह अवरोह दोनों में प्रयोग किया जाता है। जोकि मन्द्र और मध्यसप्त की फिरत में निषाद का प्रयोग इतना अधिकतर नहीं होना चाहिए कि जिससे पूर्या राग की स्पष्ट छाया उत्पन्न हो। अन्य लोगोंका कहना है कि इसमें ऋषभ स्वर

---

१ झूलत जुगकमनीय किसोर, सखी चहुं ओर झूलाव डोल॥ × × ×
"उंची धुनि सुनि चकत होत मन, सब मिल गावत राग हिंडोल"॥

२ झूलत दोऊ नवल किसोर × × ×
"अबला अति सुकुमार डरपत, सुर हिंडोला झकोर"॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

वर्ज्य होने से पूर्या अलग हो जाती है । सम्प्रदाय की परंपरा अनुसार देखा जाय तो इनमें मन्द्र, और मध्य सप्तक में निषाद की इस प्रकार की फिरत होनी न चाहिए कि जिससे पूर्या की स्पष्ट:छाया उत्पन्न होती हो। केवल कुछ आभास उत्पन्न हो सकता है ।

पं. आदितरामजी ने राग हिंडोल में "हिंडोरे झूलत व्रजपति" अपनी यह पदरचना प्रसिद्ध की है ।[१] जिसकी पाद-टीप में किया हुआ निम्न उल्लेख से पूर्वांग-वादी हिंडोल का ही समर्थन होता है ।

"यह राग षाडव-जाति का है और **रिषभ** व पंचम बाद है. मध्यम तीव्र लेना और सब शुद्ध हैं । निषाद और गांधार प्रधान सुर हैं । निषाद से ग्रह गांधार पे न्यास है"

अतः सम्प्रदायपरंपरा में दोलोत्सव के तथा हिंडोलाके उत्सवों में हिंडोल राग के जो पद गाये जाते होंगे वह हिंडोल का दूसरा प्रकार अर्थात् पूर्वांग का हिंडोल कहा जायगा । इस सायंगेय हिंडोल को ही अन्य गायक लोग सांझ का हिंडोल कहते हैं ।

हिंडोला-प्रकार २ का संक्षिप्त वर्णन

आरोहावरोह :-

सा, ग, म, ध, नि, सां | सां, नि, ध, म, ग, सा.

पकड :- सा, ग, सा, नि ध, म ध नि सा ।

स्वरविस्तार :

(१) सा, ग, निसाग, मधनिसाग, मग, मध, मग, ग, सा.

(२) सा, मधसा, निधनिसा, ग, मधनिध, मग, मधनिसां,

---

१ संगीतादित्य, पृष्ठ-५९

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

निध, मंध, सा, धनिसा, ग.

(३) सा, ग, मंध, नि, मंध, सां, मंधनिसां, गं, सां, मंगं, सां,

निध, मंग, सा, निधनि, मंध, सा.

राग हिंडोल (प्र. २) + स्वरमालिका

स्थायी

०				३				×				२			
ग	–	सा	–	ध	–	नि	सा	ग	–	–	–	–	–	मं	ध
नि	ध	मं	ग	मं	ध	नि	सां	नि	ध	मं	ग	नि	ध	–	मं
ग	–	सा	–	ध	–	नि	सा	ग	–	–	–	–	–	सा	–

अंतरा

०				३				×				२			
मं	मं	ग	मं	मं	ग	मं	ध	सां	–	–	–	–	–	–	–
गं	–	–	–	सां	–	–	–	ग	–	–	–	सा	–	मं	ध
नि	ध	मं	ग	मं	ध	नि	सां	नि	ध	मं	ग	नि	ध	–	मं
ग	–	सा	–	ध	–	नि	सा	ग	–	–	–	–	–	सा	–

+ (अ) आजसे लगभग ६० वर्ष पूर्व पाटन में आई हुई रासमंडली के स्वामी मोहनलालजी एवं सुकदेवजी से लेखक ने इस सरगम को सिखा था। जिस समय सखी बनने वाला लडका बीमार हो जाने से कुछ दिनों तक सखी बनने का सौभाग्य मुझे भी प्राप्त हुआ था।

(ब) इस प्रकार में किसी कीर्तनकार से कीर्तन–पद सुना नहीं है अतः उदाहरण में उपर्युक्त सरगम प्रसिद्ध की गई है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग सूहा

सूहा राग ग्रन्थोक्त है। ग्रन्थों में देशी सुहा, सूहू इत्यादि नाम प्राप्त होते हैं। हवेली-संगीतपरंपरामें जो सूहा का विशिष्ट प्रकार पाया जाता है वह प्रचार के सूहा से कुछ भिन्न दिखाई देता है, जिसका विवरण इस प्रकार है।

थाट काफी है। स्वर ग नि कोमल तथा शुद्ध निषाद का भी प्रयोग किया जाता है। ध वक्र एवं अवरोह में ग वक्र रहता है। यह रात्रि में गाये जाने वाला नायकी कानड़ेका दिन का प्रतिरूप कहा जाता है। वादी म एवं संवादी सा है। गानसमय दिन का दूसरा प्रहर माना जाता है। सांधनिप इस प्रकार धैवत का अल्प प्रयोग किया जाता है। जाति सम्पूर्ण है।

हवेली-संगीत में यह राग चातुर्मास के प्रारम्भसमय यानि ज्येष्ठ शुक्ल १५ से रथयात्रा तक शृंगार दर्शन की सेवा तक गाया जाता है। सोरठ की माफिक सूहा भी वर्षा-आगम का राग माना जाता है। इसको कोई "सूहा-सुघराई" ऐसा संयुक्त नाम से भी पहचानते हैं। वृद्ध कीर्तनकारों से मेरी किशोरावस्था में "सूहा-बिलावल" का प्रकार भी सुना है। *

आरोह :— निसा, ग, म, प, निसां

अवरोह—सां, ध, निष, मप, ग, मरे, सा

राग सुहा-सुघराई—ताल-अर्ध आडा चौताल (प्राचीन चंपक ताल)

मदगजराज की सी चाल।

भुजवर दंड सूंढकी सोभा हर लीनी नंदलाल ॥२॥

चलत कचकुंचित अनेक अंकुश से लटकत भाल।

---

* यहां यह प्रकार भी दिया गया हैं। जिसकी परम्परा प्रचारमें अलभ्य हो रही हैं।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

चमर चारु अवतंस पंजरी मदकण श्रमजलजाल ॥२॥
मुरलीरव गुंजार सुनत ही कंपत चित-व्रजबाल ।
रसिकसनो गदाधरयोंही वनवेली बेहाल ॥७॥

स्थायी

३		४		×	२	
नि	प	निम	प	नि	प	मप
म	द	ग—	ज	रा	—	ज—
प	ग	ग	गम	रे	—	सा
की	—	सी	——	चा	—	ल

अंतरा

३		४		×	२	
म	प	नि	प	नि	सां	सां
भु	ज	व	र	दं	—	ड
रें	—	नि	सां	निप	नि	प
सूं	—	ढ	कैं	सो—	—	भा
म	म	प	मप	सां	—	नि
ह	र	ली	——	नी	—	—
प	—	ग	गम	रे	—	सा
नं	—	—	द—	ला	—	ल

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग सुहा–सुघराई–ताल त्रिताल

कोनकी उपरनी ओढ आये हो, पिय सांचि कहो मोसों ।
अटपटी पाग लटपटे पेचन विनगुन माल अधरन अंजन लाये हो ॥१॥
जानत जिनके दुराये चाहत हो छुपत नांहि छुपाये ।
अति चतुराई जिन करो माहन मोसों कहो अब कोन त्रिया बिरमाये हो ॥२॥

स्थायी

०	३	×	२
– म – रे	प म नि प	सां – निप	म प – ग
– कौ – न	की उ प र	ना – – –	– ओ – ठि
म – रे सा	रे – सा सा	सा म म म	रे रे सा सा
आ – ये –	हो – पि य	सां – चि क	हो मो – सों

अंतरा

×	२	०	३
म रे प प	– प नि मप	नि सां सां सां	रें – सां सां
अ ट प टी	– पा – ग–	ल ट प टे	पे – च न
निप पनि प ग	म रे – सा	सा सा म रे	प म नि प
वि– न– गु न	– मा – ल	अ ध र न	अं – ज न
सां – नि प	– ग म रे	सा म – रे	प म नि प
ला – – ये	– हो – –	– को – न	की उ प र

राग सुहा–सुघराई–ताल धमार

बरस उघरि गयो मेह टपकत पात दुमवेली ॥
झमकत झार नीर भरे देखियत, सोभा देखि सहेली ॥१॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

लाल मनावन तू नहीं मानत, तोसों प्रीति नवेली ।
"तानसेन" के प्रभु तुम बहुनायक याहितें गर्वगहेली ॥२॥

स्थायी

३				×					२		०		
ग	गम	रे	सा	रे	—	सा	—	—	म	प	पनि	मप	ग
ब	रऽ	स	उ	घ	ऽ	र	ऽ	ऽ	ग	यो	मेंऽ	ऽऽ	ह
म	म	प	प	नि	प	नि	सां	—	नि	प	गम	रे	सा
ट	प	क	त	पा	ऽ	ऽ	त	ऽ	टु	म	बेऽ	ऽ	ली

अंतरा

×					२		०			३			
म	प	—	नि	प	नि	—	सां	—	—	सां	—	नि	सां
झ	म	ऽ	क	ऽ	त	ऽ	झा	ऽ	ऽ	र	ऽ	नी	ऽ
गं	मं	—	रें	—	सां	—	नि	सां	सां	नि	—	प	—
र	ऽ	ऽ	भ	ऽ	रे	ऽ	दे	ऽ	खि	य	ऽ	त	ऽ
म	प	—	सां	—	—	—	नि	सां	—	नि	—	प	—
सो	ऽ	ऽ	भा	ऽ	ऽ	ऽ	दे	ऽ	ऽ	खि	ऽ	स	—
नि	प	—	ग	—	म	—	रे	सा	—	रे	रेग	रे	सा
हे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ली	ऽ	ऽ	ब	रऽ	स	ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×					२		०			३			
ध	–	–	ध	–	नि	प	प	–	–	प	म	प	–
ला	ऽ	ऽ	ल	ऽ	ऽ	म	ना	ऽ	ऽ	ब	ऽ	त	ऽ
सां	–	–	सां	–	सां	–	नि	सां	–	नि	–	ध	–
तू	ऽ	ऽ	न	ऽ	हीं	ऽ	मो	ऽ	ऽ	न	ऽ	त	ऽ
नि	प	–	ग	–	म	–	रे	–	–	सा	–	रे	–
तो	ऽ	ऽ	सौं	ऽ	ऽ	ऽ	प्री	ऽ	ऽ	त	ऽ	न	ऽ
ग	–	–	म	–	रे	–	नि	सा	–	–	–	–	–
वे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ली	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ

'आभोग' अंतरानुसार ॥

राग–सुहा–सुघराई–ताल धमार

जानी मै आज तू मिली प्यारे सों अपनो भामचो हरि किये ।
सकल रेन रतिरंग रसभरे खेलत [1]पलकसों पलक नां लागनि दियो ॥१॥
कंठ लगाय भुज है सिरहाने रसिक लालको अधररस पियो ।
कुंभनदास–प्रभु गिरिधरधर को अंग भरि भेंटि जुडायो हियो ॥२॥

स्थायी

३				×					२		०		
नि	प	ग	म	प	सां	–	नि	प	सां	–	नि	सां	–
जा	नी	में	–	आ	–	–	ज	–	तू	–	मि	ली	–

१. पाठांतर–पलकु पल-पल लागन दियो ।

नि – प –	ग ग – ग म	रे सा	रे सा –
ध्या – रे –	सों – – अ –	प –	नो – –
	म प		
म – म –	प – – नि ध	ग म	रे – सा
भां – म –	तो – – ह री	– कि	यो – –

अंतरा

×	२	०	३
म प – नि प	सां –	सां – –	सां – नि सां
स क – ल –	रे –	न – –	र – ति –
नि नि सां रें –	सां –	रें नि सां	प – नि प
रं – ग र ऽ	स –	भ रे –	खे – ल त
ध प – ग ग	म –	प नि –	म प सां –
प ल – क –	सों –	प ल –	क – नां –
नि प – ग ग	ग म	रे – सा	
ला ग – नि –	– दि	यो – –	

राग सुघराई—संक्षिप्त विवरण

यह प्राचीन राग है। अष्टछापीय परंपरा में यह राग वर्षाऋतु के आगमसमय यानि रथयात्रा के पूर्व के दिनों में सूहा और सुघराई शृंगार के दर्शनसमय तक गाने की प्रणाली है। किन्तु आज उसकी यथार्थ परंपरा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प्राप्त करना दुर्लभ है। फिर भी नाथद्वारा—कांकरौली के वृद्ध कीर्तनकारों से सुना हुआ स्वरूप के आधार पर यहाँ प्रस्तुत किया जा रहा है।

आधुनिक संगीत–क्षेत्र में जो सुघराई प्रचार में है उससे यह स्वरूप कुछ भिन्न है। सुघराई के दो प्रकार माने जाते हैं (१) ध वर्ज्य का और (२) धैवतयुक्त। इसमें धैवत बाला प्रकार हमारी परंपरा से मिलता झूलता है। यह सुघराई राग अडाना और सारंग मिलकर बना हुआ है। हमारी परंपरामें शुद्ध धैवत का अडाना गाया जाता है। अतः शुद्ध धैवत का सुघराइ राग सुसंगत कहा जायगा।

यह राग का थाट काफी है। वादी पंचम और संवादी षड्ज हैं। गानसमय दिन का दूसरा प्रहर हैं। ग नि कोमल है तथापि आरोह में शुद्ध नि का प्रयोग किया जाता हैं। आरोह में धैवत वर्ज्य हैं और अवरोह में वक्र रूप से लिया जाता हैं। तार सां से। अवरोह करते समय सांध, नि प इस प्रकार वक्ररूप नि प की संगति ली जाती हैं। क्वचित् सरल रूप से भी प्रयोग किया जा सकता है। गांधार कोमल और गमरेसा इस प्रकार वक्र भी है, तथापि विवादी के नाते से क्वचित् शुद्ध गांधारका प्रयोग किया जाय तो वह आह्लादक होगा।

आरोह :—सारे, म प, नि सां।

अवरोह :—सांध नि प, म प, ध प, ग, मरे, सा.

पकड़ :— सांध, नि प, म प, रेमप, धप, मष, ग, मरेसा.

विस्तार :—

सा, रेसा, मप, ध निधप, प्रगमप, निधप, मप, ग, मरेसा।

पध, निधप, मपनिसां, निधनिसा, निधप, पम, पग, म, रे, सा।

मप, निसां, रें, सां, निध, निधप, मप, धनिधप, पम, ग, मरे, सा।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग सुधराई—ताल चौताल

नई रितु आई माई परम सुहाई ।
नवसिंगार सज चलोरी सबे मिल जहां प्रीतम सुखदाई ॥१॥
तन मन भेट करन रुचि वाढी बिरहनि बिरह सताई ।
"कुंभनदास"प्रभु मानगढ तोरन व्रजजन सजत चढाई ॥२॥

स्थायी

०		३		४		×		०		२	
नि	प	—	म	म	प	सां	—	सां	नि	—	प
न	ई	ऽ	रि	तु	ऽ	आ	ऽ	ई	मा	ऽ	ई
ध	प	म	ग	म	प	ग	—	म	रे	—	सा
प	र	ऽ	म	ऽ	सु	हा	ऽ	ऽ	ई	ऽ	ऽ

अंतरा

×		०		२		०		३		४	
म	प	—	नि	—	नि	सां	—	सां	सां	—	सां
न	ऽ	ऽ	व	ऽ	सिं	गा	ऽ	र	स	ऽ	ज
नि	नि	सां	रें	—	सां	नि	सां	—	नि	ध	प
च	लो	ऽ	री	ऽ	स	बे	ऽ	ऽ	मि	लि	ऽ
म	म	ऽ	प	म	प	निध	प	म	रे	म	प
ज	हां	ऽ	प्री	ऽ	ऽ	तऽ	म	ऽ	सु	ऽ	ख
ग	म	—	रे	—	सा	नि	प	—	म	म	प
दा	ऽ	ऽ	ई	ऽ	ऽ	न	ई	ऽ	रि	तु	ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×		०		२		०		३		४	
म	म	—	प	—	ध	नि	ध	प	मग	म	प
त	न	ऽ	म	ऽ	न	भे	ऽ	ऽ	टऽ	ऽ	क
ध	प	—	म	म	प	ग	—	म	म	प	—
र	न	ऽ	रु	चि	ऽ	वा	ऽ	ऽ	ढी	ऽ	ऽ
नि	ध	—	म	—	म	प	प	—	ग	—	म
वि	र	ऽ	ह	ऽ	नि	वि	र	ऽ	ह	ऽ	स
नि	म	—	ग	—	म	रे	—	—	सा	—	—
ता	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	इ	ऽ	ऽ

"आभोग" अंतरानुसार ।

राग सूहा-बिलावल—ताल धमार

सुवा तेरी सोनें चोंच मढाऊं ।
कहेगो संदेशो प्रानप्यारी सों तब में वहुत रिझाऊं ॥२॥
फरकत भुजा नेन रतनारे यह धों काहे सुमाऊं ।
'मुरारिदास'प्रभु सांझ समे सुपनो जु भयो सो जाग परे गुन गाऊं ॥२॥

स्थायी

३				×					२		०		
मग	म	रे	सा	रे	—	सा	म	प	निध	नि	सां	धनि	प
सु—	हा	ते	री	सो	—	नें	चों	—	च—	म	ढा	——	ऊं
ग	म	रे	सा	म	प	प	धनि	सांरें	सां	धनि	प	मग	म
सु	हा	ते	री	सो	—	नें	चों	——	च	म—	ढा	——	ऊं

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अंतरा

×					२		०			३			
म	पं	—	नि	प	नि	नि	सां	—	—	सां	—	—	—
क	हे	—	गो	—	—	सं	दे	—	—	सो	—	—	—
नि	सां	—	मं	—	रें	सां	रें	—	—	सां	—	धनि	प
आ	—	—	न	—	—	पि	या	—	—	रे	—	को—	—
म	म	—	प	—	—	प	मप	धनि	सां	—	—	ध	प
त	ब	—	में	—	—	ब	हु—	——	—	—	—	त	रि
म	प	—	मग	म	रे	—	सा	—	—	मग	म	रे	सा
झा	—	—	——	—	—	—	ऊं	—	—	सु—	हा	ते	री

राग बिलावल

बिलावल राग अति प्राचीन है । संस्कृत ग्रन्थों में इसका नाम बेलावली—बेलावल–बिलावली से दृष्टिगत होता हैं । पुष्टिसम्प्रदाय के हवेली-संगीतपरंपरा में यह राग प्रातःकालीन रागो में मुख्य माना जाता है । यह राग मंगला के दर्शन के बाद शृंगार के अवसरों में एवं शृंगारदर्शन के समय अधिकतर गाया जाता हैं । क्वचित् उत्सवादि की विशिष्ट प्रणाली अनुसार मंगलादर्शन में भी यह गाये जाने की भी प्रथा है । किन्तु वह अपवाद के रूप में ही माना जायगा ।

इस राग का गान-समय शास्त्रोक्त नियम अनुसार दिन का प्रथम प्रहर माना जाता है । यही मर्यादा अनुसार इस राग के सभी प्रकारों के गाने की प्रथा आज तक दिखाई देती हैं । वर्षभर की

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सेवाप्रणाली में यह राग गाया जा सकता है। किन्तु हेमंत शिशिर बसंत और वर्षा ऋतु की कीर्तनप्रणाली में यह राग कुछ समय के लिए गौण बन जाता है; अर्थात् उन दिनों में इस राग का गान बंद हो जाता है। केवल बधाई उत्सवादि त्यौहारों में बारहों मास गाने का रिवाज है। नित्य उत्सव त्यौहार आदि वर्षभर की सेवाप्रणाली में यह राग के पदों का साहित्य विपुल प्रमाण में प्राप्त होता है। अधिकतर यह साहित्य केवल 'राग–बिलावल' इस शीर्षक के अन्तर्गत संगृहीत होते हुए भी प्राचीन हस्तलिखित ग्रंथों में इस राग के अन्य प्रकारों का उल्लेख भी पाया जाता हैं। इस उल्लेख के अतिरिक्त गान-बंदिश के आधार पर राग के ६ प्रकार दिखाई देते हैं। इन प्रकारों की चर्चा के आरम्भ पहले राग 'बिलावल' के संबंध में विचार करें।

सम्प्रदाय की गानप्रणाली में बिलावल राग का सबसे पहले विनियोग हुआ है। श्रीमद्वल्लभाचार्यजी ने अष्टछाप के प्रथम गायक श्री कुम्भनदासजी को सर्वप्रथम वि. सं. १५५५ में कीर्तनगान की जब आज्ञा की थी तब उन्होंने प्रथम बिलाबल राग में ही 'सांझ के सांचे बोल तिहारे' यह पद का गान किया था। तदुपरान्त श्रीसूरदासजी ने भी श्रीमद्वल्लभाचार्यजी की शरन में आने के बाद 'चकहरी चल चरन सरोवर' इस पद का ही प्रथम राग बिलावल में ही गान किया था।

भारतीय संगीत में राग–कुटुम्ब की व्यवस्था नष्ट होने के बाद मेल(थाट)पद्धति का प्रचार हुआ। उत्तर हिन्दुस्तान की इस मेल-(थाट)पद्धति अनुसार इस राग का शुद्ध सप्तक माना जाता है। उत्तरीय पद्धति का मुख्य थाट 'बिलावल' ही है। इस हकीकत की प्राचीन मान्यता के लिये श्रीकुम्भनदासजी तथा श्रीसूरदासजी को ही प्रथम अधिकारी माना जायगा। हिं. सं. पद्धति का महत्त्वपूर्ण 'तोके तुल हिन्द' नामक उर्दू ग्रन्थ में अपना शुद्ध स्वरसप्तक बिलावल होना चाहिए

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ऐसा स्पष्ट उल्लेख किया गया है। ई. स. १८ वीं शती में आजमखान के आश्रित मिरज़ाखान ने इस ग्रन्थ की रचना की। संस्कृत ग्रन्थों में भी शुद्ध स्वर-सप्तक 'बिलावल' होने का राजा सुरेन्द्र मोहन टागोर के गायक गुरु क्षेत्रमोहन स्वामी मानते थे।

रागों की कुटुम्बव्यवस्था के समय में राग-रागिनियों के ध्यानस्वरूप का वर्णन भी पाया जाता है। "संगीत–दर्पण" ग्रन्थ में वेलावली राग का स्वरूपवर्णन निम्न प्रकार किया गया है :

संकेतदीक्षां दयिते च दत्त्वा वितन्वती भूषणभंगकेषु ।
मुग्धाः स्मरन्ती स्मरमिष्टदेवंमु वेलावली नीलसरोजकान्तिः ॥
(अ. २, पृ. ६१)

स्वरूपवर्णन के बाद प्राचीन ग्रन्थों में इस वेलावली (बिलावल) के विषय में "संगीतरत्नाकर" में उल्लेख है कि वेलावली कुकुभ राग की भाषा भोगवर्धिनी में से उत्पन्न होती है।[१]. ग्रह, अंश और न्यास–स्वर धैवत है। गान्धार, पंचम अपन्यास है। रिवर्जित है। तारस्थान में ध और म प्रस्थानावधि गान्धार है।

बिलावल के विषय में प्राचीन ग्रन्थों का उल्लेख देख लेने के बाद आज का प्रचलित स्वरूपके समर्थन करने वाले ग्रन्थों में से कुछ के उदाहरण देखें।

"राग-कल्पद्रुमांकुर" ग्रन्थ में विलावल का वर्णन करते हुए कहा है
रागो वेलावलीति प्रथित इह सदा मान्यतीव्रस्वरेषु
षड्जन्यासग्रहोऽयं प्रकृतिसुरचिरो धैवतांशो गमंत्री ।
आरोहेऽथो गनी स्तो विलसति निगयोर्वक्रिता चावरोहे
प्रातर्गेयोऽभिगीतो रमयति हृदयं शृण्वतामेष पूर्णः ॥६॥

---

१. विभाषा कुकुभे भोगवर्धनो तारमन्द्रगा ।
धैवतांशग्रहन्यासा गापन्यासा रिवर्जिता ॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

बेलावली (बिलावल) राग में मध्यम कोमल और बाकी सभी स्वर शुद्ध लगते हैं । षड्ज स्वर न्यास होता है तथा अधिकतर इसी स्वर से ही आरम्भ होता है । निषाद और गान्धार स्वर वक्र रहते हैं । धैवत स्वर वादी और गान्धार संवादी है । प्रकृति अति मधुर है तथा संपूर्ण जाति का यह राग है । जो कि प्रातःकालीन समय में गाने से श्रोताओं के मन को आनंदित करता है ।

तथा 'राग-चंद्रिकासार' ग्रन्थ में भी इसी प्रकार कहा है :

मृदु मध्यम तीवरी सबही, सुर सोहत जेहि मांहि ।
धग वादी संवादी है, कहत बिलावल ताहि ॥३॥

बिलावल-राग के विषय में उपर्युक्त उल्लेखों से स्पष्ट होता है कि इस राग की परंपरा प्राचीन समय में थी और आज भी यह राग विशेष प्रचार में है । इतना ही नहीं किन्तु इस राग के स्वरों की मेलपद्धति में मुख्य एवं प्रथम मेल (थाट) के तोरसे माना जाता है । उत्तरभारतीय संगीतपद्धति में शुद्ध स्वर का मुख्य मेल बिलावती ही कहा जाता है । इस बिलावल राग में से जो विभिन्न प्रकार उत्पन्न होते हैं उनमें से भारतीय संगीत की अष्टछापपरंपरा में प्रायः ६ प्रकार का गान किया जाता है ऐसा लेखक का मानना है:। उनमें से यहां (१) शुद्ध बिलावल (शंकराभरण) और (२) अल्हैया बिलावल के विषय में हम प्रथम चर्चा करेंगे । इसके बाद (३) नट—बिलावल, (४) कुकुभ—बिलावल, (५) गौड—बिलावल और (६) देवगिरि बिलावल के विषय में आगे जाकर विचार करने का होने से उसकी चर्चा यहाँ पर स्थगित रक्खेंगे ।

अष्टछाप के आठों संगीत—कीर्तनकारों ने बिलावल राग में भगवल्लीला का गुणगान किया है । इतना ही नहीं परन्तु पुष्टिमार्गीय हवेली-

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संगीत के अन्य पद–गानकर्ताओंने भी अधिकतर इस राग में ही गान किया है। जो सुप्रसिद्ध है।

किन्तु एक बात ध्यान में रखनी चाहिए कि सम्प्रदाय के संग्रहों में केवल 'राग–बिलावल' शीर्षक से प्राप्त होने वाले विविध प्रकारों की चर्चा हम कर रहे हैं। शुद्ध बिलावल राग में गाये या गाये जानेवाले पदों की संख्या अल्प प्रमाण में ही है और वह आज हवेलीसंगीत के मुख्य स्थानों में अमुक कीर्तनकारों से ही नहीं, परन्तु भारतीय संगीत के प्रसिद्ध घरानेवाले गायकों में भी यही परिस्थिति दिखाई देती है। यह चर्चा करते समय यहाँ शुद्ध 'बिलावल' के विषय में शास्त्रीय पहिचान समझ लीजिए :–

राग–शुद्ध बिलावल आरोहावरोहस्वरूप :–

सा, रे, ग, म, प, ध, नि, सां। सां, नि, ध, प, म, ग रे, सा

सामान्य स्वरस्वरूप :–

सा, रेसा, गप, धनिप, निसां, सानिधपध, मग, मरे, सा

"लक्ष्यसंगीत" ग्रन्थ के द्वितीय अध्याय में से निम्नलिखित वर्णन उपयोगी होगा।

[1]शंकराभरण थाट में से बिलावल राग निकलता है। षड्ज वादी माना

---

१ शंकराभरणे मेले रागो वेलावलः स्मृतः।
षड्जांशको बुधैः प्रोक्तो धैवतांशी अपि संमतः॥
अस्य गानं मतं आरोहणं भवेत्तत्र अल्पस्वरसंयुतम्।
प्रातरुत्तरांगप्रधानकम्॥
प्रातःकालीयकल्याण इति केचिद्वदन्त्यमुम्।
अवरोहे गदौर्बल्यं कल्याणे च निवरिते॥
गमयोः संगतिस्तत्र नित्यं वैचित्र्यकारिणी।
आरोहे तु निवक्रत्वं केषांचित्सुमतं सताम्॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

जाता है और कोई कोई धैवत को मानते हैं। आरोह में मध्यम और निषाद स्वरों का अल्पत्व है। इस राग का गान उत्तरांगप्रधान होने से प्रातःकालीन समय उचित माना जाता है। पंडितजन उसे सुबह का कल्याण भी कहते हैं। अवरोह में गान्धार स्वर होने से कल्याण से बचाया जा सकता हैं।

बिलावल राग का स्वरस्वरूप अर्थात् स्वरविस्तार इस प्रकार से होगा।

१. सा, रेसा, गमरेसा, गमप, मग, मरे, सा

२. सा, रेसा, गमरेसा, निध, निधप, पध, सा, सारेगम, ग, मरे, सा

३. साग, मग, मरे, सा, धधप, धमग, मरे, सा

४. सारेगम, रेगम, पमगमरे, धधप, निधप, धमग, रेगमप, म, ग, मरे, सा

५. सारेगमरे, सः, सारेगमधप, पमगमरेसा,
सारेगमपधनिसां, सांनिधपमग, मरे, सा

६. सा, गम, रेगम, प, धध, निध, सां, निध, प, धधमग
मरें, गम, धमग, मरे, गम, रेसा।

७. पप, व, निसां, सारेसां, सांरेंगंमंरें रेंसां, निध, पमगमरे, गमध, प
मग, मरे, सांनिमपधनिध, सां, धनिसां, सारेगम, रेंरेंसां, रेंसां, धम,
मग, मरे, रेग मप, गमग, मरे, रेसा,

अब (शुद्ध) बिलावल राग में श्रीचतुर्भुजदासजी का खंडिता के गान का हवेलीसंगीत के क्रम में गाये जाने वाला निम्न पद उदाहरण-रूप स्वर-लिपि के साथ यहाँ प्रस्तुत कर रहें हैं।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग बिलाचल–ताल चौताल

मोहन घूमत रतनारे नेन सकुचत कछु कहत बेन
सेनही सें न उत्तर देत नंद के दुलारे ।
भूखन बसन भांति–भांति अनुपम छबि कही न जात
लटपटी सुदेस पाग चित्तको चुरावे ॥

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
									ग	प	म
									मो	ह	न
नि	ध	नि	सां	रें	सां	सां	—	सां	ध	ध	प
घू	—	म	त	र	त	ना	—	रे	नें	—	न
ध	म	ग	म	रे	सा	सा	रे	ग	म	ग	रे
स	कु	च	त	क	छु	क	ह	त	बे	—	न
ग	प	प	नि	ध	नि	सां	रें	गं	रें	सां	सां
सें	न	ही	सें	—	न	उ	त्त	र	दे	—	त
रें	सां	ध	प	ध	म	ग	रे	सा	ग	प	प
नं	—	द	के	दु	ला	ऽ	रे	—	मो	ह	न

अंतरा

×		०		२		०		३		४	
प	प	म	ध	नि	नि	सां	—	सां	सां	—	सां
भू	ख	न	व	स	न	भां	—	ति	भां	—	ति
सां	रें	गं	मं	पं	मं	गं	मं	रें	सां	—	सां
अ	नु	प	म	छ	बि	क	ही	न	जा	—	त

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

रें सां	सां ध	प ध	ग म	प नि	ध नि
ल ट	प टी	— सु	दे —	स पा	— ग
सांनि सां	ध म	ध म	ग रे	सा ग	प प
चि— —	त कों	चु रा	— वे	— —	— —

राग विलावल—ताल धमार

सांझ के सांचे बोल तिहारे,
रजनी अनत जागे नंदनंदन आये निपट सवारें ॥१॥
आतुर भये नीलपट ओढें, पीरे बसन बिसारे,
'कुम्भनदास' प्रभु गिरधरन लाल तुम, भलें जु बचन प्रतिपारें ॥२॥

स्थायी

×	२	०	३
			ग रे गम प
			सां — झ के
धनि सां धप मग मरे	गम प	मग मरे सा	ग रे गम प
सां — चे— बो— ——	ल— ति	हा— —— रे	सां — झ के

अंतरा

×	२	०	३
प प निध नि नि	सां सां	सांरें गं मं	गं रें सां सां
र ज नी— अ न	त जा	गे— नं द	नं — द न
रें सां — ध प	प ध	मग म रे	ग रे गम प
आ ये — नि प	ट स	वा— — रे	सां —झ— के

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×	२	०	३
म म मग प प	— प	ध ग म	ग प ध नि
आ तु र— भ ये	— नी	ल प ट	आ — ढें —
सां ध प म ग	रे गप	प ग म	रे — सा —
पी रे — च स	न वि—	सा — —	— — रे —

'आभोग' अन्तरानुसार ।

शंकराभरण

बिलावल के स्वरूप से मिलता जूलता ही एक शंकराभरण राग भी हवेलीसंगीत के प्राचीन संग्रहों में क्वचित् देखने में आता है । जब कि 'शंकराभरण' संज्ञा के पदों की संख्या अल्प है । परन्तु हवेली-संगीत के जन्मदाताओं में से गोविन्द स्वामी तथा चतुर्भुजदासजी-रचित पदसंग्रहों में इसका उल्लेख प्राप्त होने से यहां शंकरामरणे के विषय में संक्षिप्त विवरण देना उचित होगा ।

शंकराभरण राग अपनी उत्तरभारतीय पद्धतिका नहीं हैं किन्तु कर्णा-टकी पद्धति का एक प्राचीन राग हैं । इस पद्धति में यह राग लोकप्रिय है । वहाँ पर इस राग की परंपरा आज तक वैसी ही दिखाई देती है । अपनी उत्तरभारतीय पद्धति में जैसे बिलावल को शुद्ध—स्वर का मुख्य थाट मानने में आता है उसी प्रकार दक्षिणी पद्धति में शंकराभरण मेल (थाट) माननें में आता है ।

पंडित दामोदरने अपने ग्रन्थ में कहा भी है :

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

बैलावल्याः स्वराः प्रोक्ताः शंकराभरणे बुधैः ॥

शंकराभरण के स्वरों को पंडित लोग बिलावल ही मानते हैं।

''लक्ष्यसंगीत'' में भी चतुर पंडित (भारतखण्डेजी) ने लिखा है :

शंकराभरणे मेले रागो वेलावलः स्मृतः ।

बिलावल राग शंकराभरण थाट में से निकलता है। इस प्रकार के ग्रन्थकारों के विद्वानों से ही नहीं, परन्तु प्रचार में भी आज शंकराभरण और बिलावल का स्वर–स्वरूप एक जैसा दिखाई देता है, अर्थात् इन दोनों का गान–समय, जाति वगेरह एक ही होने से बिलावल के पदों को संग्रहकर्ता ने शंकराभरण संज्ञा के अन्तर्गत रख दिया ऐसी संभावना है।

सम्प्रदाय के शुरू से ही श्रीमद्वल्लभवंश के गोस्वामी बालकों का दक्षिण प्रदेश के साथ संबंध सुप्रसिद्ध है। इस संपर्क के कारण दाक्षिणात्य संगीत का अच्छा ज्ञान होने से तथा दोनों रागों में साम्य होने के कारण बिलावल के कोई पद को शंकराभरण शीर्षक के अन्तर्गत लिखना या लिखाया गया हो तो भी असंभवित नहीं है।

इसके सिवाय अन्य कारण भी संभवित हैं :

हवेली–संगीत में शुद्ध बिलावल सिवाय के अन्य सभी प्रकारों में दोनों निषादों का प्रयोग होता है और ये सभी प्रकार बिलावल के शीर्षक के अन्तर्गत देखने में आते हैं। उससे कोमल निषाद के प्रयोग वाले अन्य प्रकारों से अलग रख कर बिलावल शुद्ध स्वरूप बताने के लिए बिलावल के शुद्ध पदों के साम्य से शंकराभरण शीर्षक के अन्तर्गत लिए गए हों तो वह भी असंभवित नहीं है। चाहे जो भी कारण हो, परन्तु शंकराभरण दक्षिणी संगीत का राग और बिलावल उत्तरभारतीय संगीत का राग होने से शंकराभरण शीर्षक के अन्तर्गत लिखे पदों का शुद्ध बिलावल में ही समावेश करेंगे तो वह लेखक के मतानुसार उचित होगा।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग अल्हैया बिलावल

सम्प्रदाय की प्रणाली के अन्तर्गत गाये जाने वाले राग के षड्-विध प्रकारों में से पदसंग्रह ग्रन्थों में बहुधा विलावल संज्ञा से ही समावेश हुआ है। यह हकीकत पूर्व प्रकरण में देखने के बाद अब इस अल्हैया विलावल के विषय में समझेंगे। शास्त्रदृष्टि से देखने से अल्हैया नाम प्राचीन ग्रन्थों में मिलेगा नहीं, परन्तु मात्र 'रागतरंगिणी' नाम के मध्यकालीन ग्रन्थ में विलावल और अल्हैया बिलावल ऐसे दो नाम दृष्टिगोचर होंगे। सारांश यही है कि अल्हैया बिलावल को भिन्न समझकर गाने वाले गायकों की परंपरा भी अल्प मात्रा में देखने में आती थी। इस हकीकत की पुष्टि के लिए पंडित भातखंडेजी–लिखित शास्त्र-ग्रन्थ भाग–१ में से निम्न अवतरण उपयोगी होगा। वे लिखते हैं कि........."प्रचार में शुद्ध बिलावल और अल्हैया बिलावल ऐसे निराले गाने वाले गायक आप को कहीं ही मिलेंगे। आष किसी भी गायक को बिलावल गाने का कहेंगे तो वह उसी दम अल्हैया गाने लगेगा। उसके बाद शुद्ध बिलावल गाने की बंदिश करना मुझे आता नहीं है ऐसा ही कहेगा। किन्तु कोई उसके जैसा ही गाने लगेगा और समय पसार कर देगा।"

भारतवर्ष के लगभग सभी गायक–वादकों में जब उपर्युक्त विधा-नानुसार परिस्थिति देखने में आती थी तब अष्टछापसंगीत–घरानाओं में भी यह हकीकत प्रवर्तमान थी, और दो या तीन पच्चीसी पहले के अर्वाचीन ग्रन्थों में बहुधा यही हकीकत दृष्टिगत होती है। इसके लिए नीचे लिखे दो–तीन उदाहरण बस हो जायेंगे।

प्रो. ववें ने अपने ग्रन्थ में बिलावल का वर्णन करते हुए लिखा हैं कि 'तार स्थानों के आसपास विशेष गति, अवरोह में ग कम लिया

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

जाता है और नि कोमल कभी कभी किसी समय अवरोह में ही लिया जाता है।'[१]

पंडित आदित्यरामजी ने बिलावल राग के वर्णन में बताया है कि 'यह राग संपूर्ण हैं। आरोह में मध्यम व निषाद कम मिलाया जाता हैं। निषाद दो हैं और सब बाकी के शुद्ध स्वर हैं! आरोह में दो निषाद साथ भी अच्छे दिखाई पडते हैं। अवरोह में कोमल निषाद लेना। पहिले तो आधार अवरोह में वर्ज्य था, परन्तु अब तो मिलाया जाता है और प्रधान सुर गिना जाता है।'[२]

'संगीतकलाधर' ग्रन्थ में भी बिलावल राग के वर्णन में दोनों निषाद मानने में आये हैं।

उपर्युक्त उल्लेखों में बिलावल राग में दोनों निषादों का प्रयोग स्पष्ट रूप से बताया है, जिसको आजकल अल्हैया बिलावल से पहिचाना जाता है। यह सब देखते हुए स्पष्ट होता है कि सम्प्रदाय की परंपरा में तथा अन्य घरानाओं में भी अधिकतर अल्हैया बिलावल को बिलावल की संज्ञा से पहिचानने का व्यवहार पांच सात शती पहले से ही विशेष प्रसिद्ध था।

सम्प्रदाय के प्राचीन पदग्रन्थों मे अल्हैया बिलावल के विषय में अलग अल्हैया बिलावल का नामोल्लेख देखने में आया नहीं है, परन्तु विक्रम की १८ वी शताब्दी और उसके बाद लिखे गये पदसंग्रहों मे किसी किसी स्थान पर अल्हैया बिलाबल का नाम दृष्टिगोचर होता है। सम्प्रदाय में लिखे हुए पदसंग्रहो के दो प्रकार देखने में आते हैं (१) लहिया के हाथ से लिखाया हुआ और (२) गायन–कीर्तनकारों ने अपने ही हाथ से लिखा हुआ। जिसमें लहिया के हाथ से लिखे संग्रहों में लेखन की शुद्धि विशेषतः दिखाई देती है, जब कि गायक कीर्तनकारों ने अधिकतर लेखन–ज्ञान और अक्षर–ज्ञानविहीन होने के कारण उनके लिखे संग्रहों

१. गायन वादन पाठ्य, पृष्ठ–२७४

२. संगीतादित्य, पृष्ठ–५८

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

में मात्रा, शब्दों की बहुत सी भूलें दृष्टिगोचर होती हैं, यह स्वाभाविक कहा भी जा सकता है । ऐसे ही एक सामान्य अक्षरज्ञान वाले कीर्तनकार के हाथ से १८ वी शताब्दी मे लिखे संग्रह में 'बिलाओल अलइयो' इस शीर्षक के अन्तर्गत कितने ही पद लिखे दिखाई देते हैं, और किसी संग्रह मे 'राग अल्हैया' अथवा 'अल्हैया बिलावल' ऐसा संयुक्त नाम भी देखने में आता है ।

ये सब देखते हुए स्पष्ट होता है कि उत्तरभारतीय संगीत-घरानें के गायकों और अष्टछाप—संगीतपरंपरा के गायकों ने भी निषाद के प्रयोग वाले स्वरूप को बिलावल नाम से ही बताया और बताते आये। परन्तु इसवी सन की बीसवीं शताब्दी के आरंभ के बाद से धीरे-धीरे भारतीय संगीत के गायकों में बिलावल और अल्हैया बिलावल इन दोनों के भिन्न स्वरूपों को समझकर गाने का व्यवहार मे प्रचार में आने लगा । परिणामस्वरूप आज अपने वर्तमान गायक–वादको के गायन–वादन तथा संगीतशिक्षा देती पाठशालाओं के शिक्षण में बिलावल और अल्हैया बिलावल इन दोनों का स्वरूप स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है । इस प्रकार उत्तरभारतीय संगीत के सभी क्षेत्रों से इन दोनों स्वरूपों का स्पष्ट प्रकार गाया गया हो तब हवेलीसंगीत के गायक-वादकों को भी प्राचीन व्यवहार में से बाहर आना उचित ही होगा ।

क्योंकि सम्प्रदाय में बिलावल और अल्हैया बिलावल इन दोंनों रागों में विविध तालों में गाए जानेवाली परंपरा उसी प्रकार से है । इससे इन दोनों रागों का स्वरूप और भेद जानना आवश्यक है । बिलावल राग के शुद्ध स्वरूप के विषय में इससे पहले हम देख चुके हैं । इस लिए अल्हैया बिलावल के विषय की जानकारी और उसका स्वरूप पर यहाँ पर विचार करेंगे ।

मृदु मध्यम सब तीव्र सुर, मध्यम से न चढैया ।
कहुं निषाद कोमल लगत, ध ग संवाद अल्हैया ॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अल्हैया बिलावल में गानसमय–स्वर–वादी–संवादी वगैरह बिलावल के ही होते हैं। सिर्फ बिलावल के आरोह में मध्यम स्वर छोड कर अवरोह में कोमल निषाद का कभी–कभी थोडे प्रमाण में प्रयोग करने से अल्हैया बिलावल कहा जाता है। जब कि बिलावल के प्रकार में बहुधा धैवत की संगत से अवरोह में वीच–वीच में कई वार निषाद कोमल वक्र लिया जाता है। परन्तु अल्हैया में कोमल नि का अवरोह में 'सां, ध नि ध प,' जैसा स्पष्ट प्रयोग अल्पप्रमाण में किया जाता है। गान्धार स्वर का भी अवरोह में वक्र प्रयोग है, जैसे कि–'गप, मग मरे,' इस राग का अंग उत्तरांगप्रधान कहा जाता है।

न्यासस्वर–षड्ज ऋषभ और पंचम हैं। जाति संपूर्ण है।

पकड स्वर–गरे, गप, ध, निसां

आरोह–अवरोह – सा रे, गरे, गप, ध, निध, सां, सांनिधप,
धनिधप, मग, मरे, सा

अब पुष्टिसम्प्रदाय के सेवाक्रम में प्रातः शृंगार के समय गाये जाने वाले 'अल्हैया बिलावल' राग के पद–कीर्तनों में से सुप्रसिद्ध जैसे निम्न पद स्वरांकन सहित उदाहरणरूप से देखेंगे :

राग अल्हैया बिलावल–ताल चौताल

आजु कौ सिंगार देख्यौ लाडिले गोपालजू को,
धर्यो है टिपारो सीस सोभा अति भारीजू।
तेसोई बन्यो मल्ल–काछ कटि क्षुद्र घंटिकाजू,
परम मधुर नाद कोऊ उचारीजू ॥१॥
पग नूपुर रुनझुनात चलत घोष शब्द सुहात,
नटवर घनस्याम वरन देखत ब्रजनारीजू।
'कुंभनदास' आएं पास करत हैं सुख मधुरहास,
बिलावल तान एक मुरली में ललकारीजू ॥२॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
सां	—	सां	ध	नि	प	ध	नि	ध	प	म	ग
आ	—	जु	को	—	सिं	गा	—	र	दे	—	ख्यो
ग	म	रे	ग	म	प	म	ग	म	रे	सा	सा
ला	—	डि	ले	—	गो	पा	—	ल	जू	—	को
सा	सा	—	ग	म	रे	ग	प	ध	नि	सां	सां
ध	यौं	—	है	—	टि	पा	—	रो	सी	—	स
सां	रें	गं	रें	सां	सां	निध	नि	प	प	निध	नि
सो	—	भा	—	अ	ति	भा—	—	—	री	——	जू

अंतरा

×		०		२		०		३		४	
प	प	प	सां	—	सां	सां	—	सां	रें	सां	सां
वे	सो	ई	ब	—	न्यो	म	—	छ	का	—	छ
नि	नि	—	नि	ध	नि	सां	रें	सां	ध	नि	ध
क	टि	—	क्षु	—	द्र	घं	—	टि	का	—	जू
ध	ध	—	प	म	ग	ग	प	ध	नि	सां	सां
प	र	—	म	—	म	धु	—	र	ना	—	द
सां	रें	गं	गं	रें	सां	निध	नि	प	प	निध	नि
को	—	—	ऊ	—	उ	चा—	—	—	री	——	जू

संचारी

×		०		२		०		३		४	
ध	ध	प	मग	प	प	ध	नि	ध	प	—	प
प	ग	नू	पु—	—	र	रु	न	झु	ना	—	त
ध	प	प	ध	नि	सां	रें	सां	सां	ध	नि	प
च	ल	त	धो	—	ख	स	ब्द	सु	हा	—	त
ग	गरे	गम	प	म	ग	म	रे	रे	सा	रे	सा
न	ट	व—	र	घ	न	स्या	—	म	ब	र	न
सा	—	ध	ध	प	प	ध	नि	सां	ध	नि	प
दे	—	ख	त	व्र	ज	ना	—	—	री	—	जू

आभोग

×		०		२		०		३		४	
प	प	प	सां	—	सां	रें	सां	सां	सां	—	सां
कुं	भ	न	दा	—	स	आ	—	ये	पा	—	स
सां	सां	रें	गं	गं	गं	मं	रें	सां	सां	ध	प
क	र	त	है	सु	ख	म	धु	र	हा	—	स
ग	ग	—	ध	—	ध	ध	नि	प	ध	नि	सां
बि	ला	—	ब	—	ल	ता	—	न	ए	—	क
सां	रें	गंमं	रें	सां	सां	निध	नि	प	प	निध	नि
सु	र	ली—मैं		—	ल	ल	का	—	री	—	जू

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग अल्हैया बिलावल–ताल चौताल

ए आजु अरुन–अरुन डोरे द्रगनि लालके लागत अतिभले ।
बंदन–भरे पगनि अलि मानों कंज दलनि परसत चले ॥१॥
लालकी पगिया बीच न समात कुटिल अलक आलस झलभले ।
'नंददास'प्रभु पहोपनि मधि मानों मधुप गुंज सोभित तें कलमले ॥२॥

स्थायी

							ग	प	नि	ध	नि
							ए	–	आ	–	ज
×		०		२		०		३		४	
सां	सां	सां	सांध	नि	प	ध	प	म	प	म	ग
अ	रु	न	अ–	रु	न	डो	–	रे	द्र	ग	नि
म	ग	म	रे	–	सा	सा	म	ग	प	नि	नि
ला	–	–	ल	–	के	ला	–	–	ग	–	त
रें	सां	–	ध	नि	प	ध	ग	प	नि	ध	नि
अ	ति	–	भ	ल	–	–	ए	–	आ	–	ज

अंतरा

×		०		२		०		३		४	
प	–	–	नि	ध	नि	सां	–	–	सां	रें	सां
बं	–	–	द	–	न	भ	–	–	रे	–	प
सां	–	रें	गं	मं	रें	सां	–	–	ध	नि	प
ग	–	ज	अ	–	लि	मा	–	–	नों	–	–

ध	धनि	ध	प	म	ग	ग	प	ध	नि	सां	सां
कं	—	—	ज	—	द	ल	—	नि	प	—	र
रें	सां	—	ध	नि	प	ध	ग	प	नि	—	ति
स	त	—	च	ल	—	—	ए	—	आ	—	ज

संचारी

×		०		२		०		३		४	
म	—	—	प	—	प	ध	ध	नि	ध	प	—
ला	—	—	ल	—	की	प	गि	—	यां	—	—
प	—	ध	नि	सां	सां	सां	—	—	ध	नि	प
में	—	—	न	—	स	मा	—	—	त	—	—
ध	प	म	ग	म	प	म	ग	म	रे	—	सा
कु	—	टि	ल	—	—	अ	—	—	ल	—	क
सा	—	ध	ध	नि	प	सां	सां	—	ध	नि	प
आ	—	ला	स	—	—	झ	ल	—	म	—	ले

आभोग

×		०		२		०		३		४	
प	—	—	नि	ध	नि	सां	—	सां	सां	रें	सां
नं	—	—	द	—	—	दा	—	स	प्र	—	भु
सां	रें	गं	मं	रें	रें	सां	—	सां	ध	नि	प
ध	हो	—	प	—	नि	म	—	ध्य	मा	—	नों

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ध	धनि	ध	प	म	ग	ग	प	ध	नि	सां	—
म	धु—	प	गुं	—	ज	सो	—	भि	त	तें	—
रें	सां	—	ध	नि	प	ध	ग	प	नि	ध	नि
क	ल	—	म	—	ल	—	ए	—	आ	—	ज

राग अल्हैया विलाबल—ताल चर्चरी (झपतालअंग)

कोन लई कोन दई ईंडुरिया गोपाल मेरी ग्वालबाल सखन मांझ तुम ही हँसत हो।

महिपत मुधे रहो कोन लई कासों कहो,

लेत कोन देख्यो सखी कहाँ तुम बसत हो ॥१॥

दई है दुराइ धरत घोस में कहा चोर परत,

एसी होय कबहु लाल कोन पे रिसत हो ।

'नंददास' बसत बास ब्रज में गिरिराज पास,

टेडो फेंटा आडबंध कोन पे कसत हो ॥२॥

स्थायी

×		२			०		३		
सां	—	सां	ध	प	ध	नि	ध	प	प
को	—	न	ल	ई	को	—	न	द	ई
म	ग	रे	गम	प	मग	म	रे	सारे	सा
ई	डु	रि	यां—	गो	पा—	—	ल	मे—	री
सा	सा	ग	म	रे	ग	प	ध	नि	प
ग्वा	ल	वा	ल	स	ख	न	मां	—	झ
ध	नि	सां	रें	सां	ध	प	प नि	ध	नि
तु	म	ही	—	हँ	स	त	हो	—	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अंतरा

×		२	नि		०		३		
प	प	प	ध	नि	सां	सां	सां	सां	—
ग	हि	प	त	—	सु	धे	र	हा	—
सांध	निध	सां	सां	रें	सां	सां	सां	ध	प
को—	——	न	ल	ई	का	सों	क	हो	——
ग	म	ध	—	ध	सां	सां	ध	नि	प
ले	त	को	—	न	दे	ख्यो	स	खी	—
ध	नि	सां	रें	सां	ध	प	नि	ध	नि
क	हा	तु	म	ब	स	त	हो	—	—

संचारी

×		२			०		३		
ग	ग	प	—	प	ध	ध	ध	नि	प
द	ई	हे	—	दु	रा	ई	ध	र	त
(प)ग	प	नि	ध	नि	सां	सां	सां	धनि	प
घो	स	में	क	हा	चो	र	प	र—	त
सां	सां	ध	प	प	म	प	म	ग	मरे
ए	सी	हो	य	क	व	हु	ला	—	ल—
ग	म	प	ग	मग	म	रे	सा	—	—
को	न	पें	—	रि—	स	त	हो	—	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

आभोग

×		२			०		३		
प	प	प	ध	नि	सां	सां	सां	—	सां
नं	द	दा	स	ब	स	त	बा	—	स
सां	रें	गं	गं	मं	रें	सां	सां	ध	प
ब्र	ज	में	गि	रि	रा	ज	पा	—	स
ग	म	ध	ध	प	ध	नि	सां	धनि	प
टे	डो	फें	टा	—	आ	ड	बं	—	ध
ध	नि	रें	सां	सां	ध	प	नि	ध	नि
को	न	पें	—	क	स	त	हो	—	—

(अल्हैया–बिलावल राग के अन्य पदोंकी स्वरलिपिके लिये 'संगीत-सुबोधिनी" एवं "संगीतकीर्तनपद्धति" ग्रन्थको देखिये ।)

राग अल्हैया–बिलावल–ताल धमार

महामहोच्छव श्रीगोकुल गाम ।
प्रेममुदित जुवती जस गावत, स्यामसुंदरको ले ले नाम ॥१॥
जहां तहां लीला अवगाहत, खरिक खोरि दधिमंथन धाम ।
करत कुतूहल निस अरु बासर, आनंदमें बितत सब याम ॥२॥
नंदगोपसुत सब सुखदायक, मोहन मूरति पूरनकाम ॥
"चत्रभुज"प्रभु गिरिधर आनंदनिधि, नखसिख रूप सुभग अभिराम ॥३॥

स्थायी

×					२		०			३			
ध	ध	—	ध	—	ध	नि	ध	प	—	म	ग	म	रे
म	हा	—	म	—	हो	—	च्छ	व	—	श्री	—	—	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ग	प	—	ध	—	नि	—	सां	—	—	सां	—	—	—
गो	—	—	कु	—	ल	—	गा	—	—	म	—	—	—
रें	रें	—	सां	नि	सां	—	ध	नि̲	ध	प	म	ग	—
म	हा	—	म	—	हो	—	च्छ	व	—	श्री	—	—	—
म	रे	—	ग	म	प	—	म	ग	म	रे	—	सा	—
गो	—	—	कु	—	ल	—	गा	—	—	—	—	म	—

अंतरा

×					२		०			३			
गं	—	—	गं	—	गं	—	रें	रें	—	सां	—	सां	—
प्रे	—	—	म	—	मु	—	दि	त	—	ज़ु	—	व	—
नि	रें	—	गं	—	रें	—	सां	रें	—	सां	—	सां	—
ती	—	—	ज	—	स	—	गा	—	—	व	—	त	—
ध	—	—	ध	—	ध	नि̲	ध	प	—	म	ग	म	रे
स्या	—	—	म	—	सुं	—	द	र	—	को	—	—	—
ग	प	—	ध	—	नि	—	सां	—	—	सां	—	—	—
ले	—	—	ले	—	—	—	ना	—	—	म	—	—	—

संचारी

×					२		०			३			
ध	ध	—	ध	—	ध	नि̲	ध	प	—	म	ग	म	रे
ज	हां	—	—	—	त	—	हां	—	—	ली	—	—	—
ग	प	—	ध	—	नि	—	सां	—	—	सां	—	सां	—
ला	—	—	अ	—	व	—	गा	—	—	ह	—	व	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

रें	रें	—	सां	नि	सां	—	ध	नि	ध	प	म	ग	—
ख	रि	—	क	—	खो	—	—	रि	—	द	—	धि	—
म	रे	—	ग	म	प	—	म	ग	म	रे	—	सा	—
मं	—	—	थ	—	न	—	धा	—	—	म	—	—	—

'आभोग' अंतरानुसार।

राग नट-बिलावल

हवेली(अष्टछाप)संगीत घराने में बिलावल का यह प्रकार भी प्राचीन और परंपरागत माना जाता है। नट-बिलावल राग नट और बिलावल के संयोग से बना हुआ है। इस सम्बन्ध में लक्ष्यसंगीतकार का शास्त्रीय उल्लेख निम्न प्रकार है :—

'नटबिलावल राग शंकराभरण (बिलावल) थाट से उत्पन्न होता है। वादी स्वर 'मध्यम' है। पूर्वांग में जब नट का भाग लिया जाता है तब गौड की कुछ छाया दिखाई देती है। परन्तु अवरोह में बिलावल का अंग स्पष्ट लगने पर यह रागस्वरूप निश्चित हो जाता है। नट की तरह 'मध्यम' व्यस्त (खुला) आता है। रे ध की संगति विचित्र है। यह राग दिन के प्रथम प्रहर में गाया जाता है। *

पं. भातखंडेजी ने इस राग का चलन निम्न प्रकार कहा है :—
सा, ग, गम, म, मप, मग, मरे, निधप म, पमग, रे, ग, मप, मग मरेसा, तथा उठाव में सा, ग, गम स्वर लेकर आगे अवरोह में बिलावल (अल्हैया) जोड दिया जाता है।

---

* शंकराभरणान्मेलाज्जातिरागसुनामकः ।
बिलावलो नट्टपूर्वो मध्यमांशो गुणिप्रियः ॥
(देखिये हिं. सं. प. भाग—१)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

इस आधार पर उसका प्रचलित स्वरस्वरूप निम्न प्रकार होगा। सा, ग, गम, मप, धनिसां, पप, धनिसां, सांगं गं मं, रेंसां, धनिप, मपमग, मरे, रेसा।

हवेलीसंगीत परंपरा में उपर्युक्त स्वरस्वरूप के अतिरिक्त पंचम से ऋषभ (परे) की मींड तथा धप, रेगमप, मगमरे, सारेसा इस प्रकार पूर्वांग में छायानट का अंग भीं दिखाई देता है तथा गान्धार स्वर बक्र और सरल गति से लिया जाता है। अवरोह में कोमल निषाद भी धनिधप और निधप इस तरह वक्र और सरल लिया जाता है। बाकी के स्वर शुद्ध हैं। वादी स्वर मध्यम और संवादी षड्ज माना जाता है।

सम्प्रदाय में प्रायः इस राग का गान होली और अन्नकूट के अवसर पर सुनने में आता है।

उदाहरणार्थ अत्र अन्नकूटवर्णन का निम्न पद स्वरलिपिसहित निम्न प्रकार दिया गया है :—

राग नट-बिलावल—ताल त्रिताल,मात्रा ८

गोद बेठे गोपाल कहत व्रजराजसों।
अहो तात एक बात स्रवण दे सुनोजो मेरी।
भवन मांझ हों गयो धरी जहां सोंज घनेरी।
में हँसि मांग्यो मायपें भोजन देरी मोहि।
कर लकुटी ले यों कह्यो यह क्यों देहों तोहि ॥२॥

(अधिकके लिये कीर्तनसंग्रहोंमें गोवर्धनलीला के पदों में देखिये)

स्थायी

× २ ० ३ × २ ० ३
ग गम|ग रे गम प|ध नि|सां निसां|नि ध|प गम|रे ग
गो ——|द बे ठे— —|गो —|पा ——|ल का|ह त—|ब्र ज

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ग म	धनि	ध पप	रेग	मप	म	—गम	रेसा	— —	—
रा	— —	जसों	— —	— —	—	— —	— —	— —	—

अंतरा

×		२	०	३	×	२	०	३	
प	धनि	ध पध	निसां	रेंनि	सांसां	निधप	मग	रे	ग
सु	नो—	— ता—	तऽ	कबा	—त	स्व—व	न—	दे	—
गम	नि	ध पम	रेग	मपम	गम	रेसा	—	—	—
सु—	नो—	जुमे	— —	— —री	— —	— —	— —	—	—

संचारी

×		२	०	३	×	२	०	३	
ग	गमग	रेगम	पध	निसां	सांधनि	धप	मग	रे	ग
भ	वृ—न	मां—	झहों	—ग	यो—	वरी	—	ज	हां
म	निध	पप	रेरेग	मपम	ग म	रे सा	रेसा	—	—
सां	—झ	घने	— —	— —री	—	— —	—	—	—

आभोग प्रकार—१

×	२	०	३	×	२	०	३	
प	—नि	निनि	— —	धनि	सां—	सांसांरें	गंगं	मं
में	—ह	सिमां	—त्यो	— —	मा—	य पें—	— —	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अथवा प्रकार—२

× २ ० ३ × २ ० ३
गं —गं गंगं —मं —— गं— रेंसां रेंगं मं
में —ह सिमां —ग्यो —— मा— यपें —— —

रें गंरेंसां सांप —नि धनिसां —— —गं रेंसां —
— भो—ज नदे् —री ——मो —— —— —— हि

— सांरेंगं रेंसां —नि धप धग मप —नि ध
— करल कुटी —ले —— यों— कहो —— —

नि सांरेंगंमं रेंसांनिधपध निसां —धनि धप मगरे ग
— यहक्यों —दे्- ——हों — तो —हि— कह त—ब्र ज

गम पनिध पप रेरेग मपग मरे —सा —— —
रा— —— जसों —— —— —— —— —— —

राग कुकुभ-विलावल

यह राग प्राचीन है। संगीतरत्नाकरादि ग्रन्थों में इसका[१] नामोल्लेख प्राप्त होता है। कुकुभ को कोई ककुभ भी कहते हैं। कुकुभ राग बिलावल का एक प्रकार होने से व्यवहार में 'कुकुभ-विलावल' ऐसा

---

१. मध्यमापंचमीधैवत्युद्भवः ककुभो भवेत्। (रत्नाकरे)

२. पंचमोद्ग्राहसम्पन्ने धहीने ककुभं पुनः।
तीव्रगान्धारराहित्यमारोहे चावदन्बुधाः ॥४०५॥
(संगीतपारिजात)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संयुक्त नाम प्रचलित है। इस राग को जैजैवन्ती और बिलावल (अल्हैया) का मिश्रण तथा झिंझोटी और बिलावल का संयोग से उत्पन्न हुआ माना जाता है। यह दोनों प्रकार से यह राग गाया जाता है।

जैजैवन्तीमिश्र प्रकार में रे, रे, गम गरे, सा, ध, नि प, तथा म प, ध म प, सां, ध, प, ध म ग, म रे, सा यह स्वरों का महत्त्व रहता है और झिंझोटीमिश्र प्रकार में सा ग, म, म प, म ग रे ग सा, रे, ग म प तथा ग म, ध निसां, सां ध नि प, सां, नि ध प, ध म, ग, सा, ग, म इन स्वरों का महत्त्व दिखाई देता है।

पं. अहोबल ने कुकुभ राग में धैवत स्वर वर्ज्य तथा आरोह में गान्धार वर्ज्य करने का कहा है। कुकुभ का स्वरूप ध्यान पं. भावभट्ट ने 'अनूपसंगीतबिलास' में इस प्रकार कहा है :—

मानिनि मामवमानितमेका ते कान्तमीदृशम्।
दीने संभावयत्ययं पीतांगः ककुभरागोऽयम् ॥३८६॥

परन्तु परंपरा और प्रचार की दृष्टि से धैवत स्वर वर्ज्य नहीं है तथा आरोह में गान्धार स्वर का प्रयोग किया जाता है। सा—म और सा—प की स्वरसंगति महत्त्वपूर्ण दिखाई देती है, जैसे—सा, ग, ग म सा, रे ग, म तथा सा, रे, ग, म प इत्यादि अवरोह में कोमल निषाद का प्रयोग अल्हैया-बिलावल का संयोग स्पष्ट करता है।

यह राग बिलावल थाट से उत्पन्न होता है। गानसमय (बिलावल के अनुसार) प्रातःकाल का माना जाता है। वादी स्वर पंचम तथा संवादी स्वर ऋषभ है। कोई वादी मध्यम और संवादी षड्ज मानते

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

हैं । दोनों निषादों का प्रयोग होता है । जाति सम्पूर्ण है । [1]

पं. भातखण्डेजी के मतानुसार कुकुभ के दोनों प्रकारों का चलन इस प्रकार है :—

झिंझोटीमिश्र प्रकार–१ । साग,म,निधप,मप,गम,सा,ग,गम,धनिसां, सांधनिप,धम,ग,सा,गम

जैजैवन्तीमिश्र प्रकार–२ ।

रेरे, गमगरे, सा, निसारे, सा, ध, निप, गम, मप, धमप, सां, ध, प, धमग, मरे, सा

लगभग ४० साल पूर्व कांकरोली में श्रीजी के संमुख कीर्तनिया के मुखियाजी श्रीमन्नालालजी से 'घाट पर ठाडे मदनगोपाल' यह बिलावल राग का पद गाते हुए सुना था, किन्तु कुछ अलग ढंग होने से बाद में मुखियाजी से सुनकर कुछ कंठस्थ भी कर लिया था । उस समय किसी को बिलावल के यह कुकुभ प्रकार का ख्याल नहीं था । संशोधन के बाद उस बंदिश का जो कुछ ढंग स्मरण में रहा है उस आधार पर कहा जाता है कि यह कुकुभ-बिलावल का प्रकार था ।

'संगीतादित्य' में भी 'पारिजात' का यही उदाहरण दिया है और लिखा है कि 'यह संपूरन है तथापि धैवत कम लगाया जाता है । निषाद

---

१. वैलावल्याः प्रभेदः ककुभ इति मतो मान्यतीव्रस्वराढ्यः ।
संवादी पंचमोऽस्मिन् विलसति नितरां पंचमो वादिपीठे ।
संमिश्रो जैजवंत्यामभवदिति सुधियो यद् वदन्ति ध्रुवं तद्
गायन्ति प्रातरेव प्रतिदिवसममुं गानशास्त्रप्रवीणाः ॥२३॥
(रागकल्पद्रुमांकुर)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

कोमल है और सब शुद्ध है। रिषभ प्रधान सुर है । आरोह में गन्धार धैवत नहीं हैं वैसा ही पारिजात में लिखा हैं'

जिसकी स्वरलिपि भी यहां पर दी गई है :–

राग कुकुम-बिलावल—ताल धमार

घाट पर ठाडे मदनगोपाल ।
कोन जुगति कर भरोंरी जमुनाजल पर्यो हे हमारे स्याल ॥१॥
घोस बढ्यो घर सास रिसेहें चलि न सकत एक चाल ।
कहा करूं अब यों नहीं मानत सुंदर नंदको लाल ॥२॥
कछुक संकोच कछु चोंप मिलनकी परी प्रेमकी जाल ।
"परमानंदस्वामी" चित्त चोर्यौ बेनु बजाई रसाल ॥३॥

स्थायी

×					२		०			३			
सां	—	—	नि	ध	प	—	ध	म	—	ग	—	रे	ग
ठा	—	—	डे	—	—	—	म	द	—	न	—	—	गो
म	—	—	ग	रे	ग	सा	रे	ग	—	म	—	प	—
पा	—	—	ल	—	—	घा	—	ट	—	प	—	र	—

अंतरा

×					२		०			३			
ध	—	—	नि	—	नि	—	सां	सां	रें	सां	—	सां	—
को	—	—	न	—	जु	—	ग	ति	—	क	—	र	—
सां	ध	—	सां	—	सां	रें	सां	—	ध	नि	ध	प	—
भ	रों	—	री	—	ज	मु	ना	—	—	ज	—	ल	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

											सां			
प	प	—	ध	म	ग	रेग	म	प	—	ध	नि	सां	नि
ष	यों	—	हे	—	—	हू—	मा	—	—	रे	—	—	—
ध	प	ध	म	गरे	ग	सा	रे	ग	—	म	—	प	—
ख्या	—	—	ल	—	—	घा	—	ट	—	प	—	र	—

राग ककुभ-बिलावल–ताल चर्चरी (झपताल अंग)

गोकुलकी पनिहारी पनियां भरन चली बडे बडे नेना तामें सुभ रख्यो कजरा। पहिरें कसूंभी सारी अंग अंग छबि भारी गोरी गोरी बहियनमें मोतिनके गजरा॥१॥ सखीसंग लिये जात हस हस बूझत बात तन हूंकी सुधि भूली सीस धरें गगरा। "नंददास" बलहारी बीच मिले गिरिधारी नयनकी सेननमें भूल गई डगरा॥२॥

स्थायी

×		२			०		३		
सां	सां	सां	नि	धप	प	ध	म	—	ग
गो	कु	ल	की	——	प	नि	हा	—	री
रे	रे	ग	म	प	म	ग	रे	ग	सा
प	नि	यां	—	भ	र	न	च	ली	—
सा	रे	ग	म	रेग	म	प	—	निध	नि
ब	डे	ब	डे	——	ने	ना	—	ता—	में
सां	नि	धप	ध	म	ग	सा	रे	गम	प
सु	भ	र—	ख्यो	—	क	ज	रा	—	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अंतरा

×		२			०		३		
प	प	नि	—	नि	सां	सां	सां	—	सां
प	हि	रें	—	क	सूं	भी	सा	—	री
सां	गं	गं	—	मं	गं	रें	सां	—	सां
अं	ग	अं	—	ग	छ	बि	न्या	—	रा
		प	ध						ध
सां	ध	ध	नि	धप	ध	म	प	निध	नि
गो	री	गो	—	री—	व	हि	य	न—	में
सां	नि	धप	ध	म	ग	सा	रेग	मरे	मप
मो	ति	न—	के	—	ग	ज	रा—	——	——

राग गौड-बिलावल

गौड-बिलावल राग गौड-मल्हार और अल्हैया-बिलावल के संयोग से उत्पन्न होता है । इस राग को कोई 'बिलावल-मल्हार' भी कहते हैं । थाट बिलावल है, कोई खमाज थाट भी मानते हैं ।[१]

इस राग में सातों स्वरों का प्रयोग किया जाता हैं अतः इसकी जाति सम्पूर्ण है । शुद्ध निषाद आरोह अवरोह में सरलता से लिया जा सकता हैं, किन्तु विशेषतः आरोह में ही दिखाई देता है । कोमल निषाद का प्रमाण कुछ कम रहता है और अवरोह में सरल एवं वक्र स्वरूप से ध नि ध प अथवा धनि प इस प्रकार प्रयोग किया जाता

---

१. पं. भावभट्ट के 'अनूप संगीतबिलास' ग्रन्थ के रागाध्याय में गौड-बिलावल का 'गौडो विलावलाज्जातः कामोदः पंचधा भवेत्' (श्लोक–२१५) ऐसा उल्लेख पाया जाता है ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

है। उसी तरह गान्धार भी अवरोह में वक्र रूप से और सरल रूप से भी लिया जाता हैं। 'मध्यम स्वर' अधिकतर मुक्त सा रहता हैं।

अल्हैया-बिलावल के गपध, निध,प,ध,ग,मरे, गप, धनिसां, धनिध,प इस प्रकार के स्वरों के साथ गौड-मल्हार के मरे, प, मपधसां, ध, निप, मपम इस तरह के स्वरों का संयोग होने से यह राग स्पष्ट होता हैं।

वादी स्वर धैवत और संवादी गान्धार हैं। गानसमय दिवस का प्रथम प्रहर हैं।

आरोह :–

सा, रेग, मरे, ग, प, ध, निसां ।

अवरोह :–

सांधनिधप, म,ग,म, मरे, प,म,ग, रेसा ।

पकड स्वर :– गरे, गप, ध, निसां, धनिप, मपधसां, प, निधप, मपम, ग, मरे, सा ।

होली की धमारों में इस राग के कीर्तन–पद प्रायः अधिकतर प्राप्त होते हैं। जो होरीदंडारोपनी (माह सुदि–१५) से डोल तक के समय में गाये जाते हैं। होरी के दूसरे रोज (डोल के दिन) होरी-धमार के कीर्तन इसी राग में जिस पद से सम्पन्न होते हैं, उस पद को यहां स्वरलिपिसहित निम्न प्रकार प्रकाशित कर रहे हैं।

राग गौड-बिलावल–ताल त्रिताल, मात्रा–८

गोपी हो नंदराय-घर मांगन फगुवा आई ।
प्रमुदित करत कुलाहल, गावत गारि सुहाई ॥१॥
× × × निकसी देत असीस, जीयो तेरो मोहनराई ।
यह व्रज 'माधोदास' रहों नित नंद दुवाई ॥१५॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्थायी

गप	ध	नि
गो–	पी	–

×	२	०	३	×	२	०	३	
सां	नि–	––	धनि	धप	–म	गम	मरे	सा
हो	––	––	नं–	दरा	–य	––	घ–	र
–	––	म–	मग	मप	धनि	धप	मप	म
–	––	मां–	ग–	नफ	––	गु–	वा–	–
म	––	प–	गपध	नि				
आ	––	ई–	गो–पी	–				

अंतरा

×	२	०	३	×	२	०	३	
–	––	––	रेंरेंरें	रेंसां	–रें	––	गं–	गंमं
–	––	––	प्रमुदि	तक	–र	––	त–	कु–
पं	गंमं	रें–	सांसां	–नि	प–	म–	मम	म
ला	––	––	हल	––	––	गा–	व–	त
प	धसां	––	निधप	मम	रेप	प–	गमध	नि
गा	––	––	री––	सुहा	––	ई–	गो–पी	–

राग देवगिरि–बिलावल (एक प्रकार)

सम्प्रदाय में दानवर्णन के कुछ भावात्मक पद बिलावल के अन्तर्गत पाये जाते हैं। प्राचीन संग्रहोंमें इस प्रकार के पदों का बिलावल के अन्तर्गत ही

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

समावेश किया गया है तथापि दान के पद राग 'देवगिरि' शीर्षक के अन्तर्गत भी दृष्टिगोचर होते हैं प्रचलित 'देवगिरि' बिलावल से यह भिन्न थाट, जाति, वादी, संवादी, समय एवं अवरोहमें निषाद कोमल का प्रयोग तथा चलन इत्यादिमें कोई विशेष भिन्नता दृष्टिगत नहीं होती। अतः यहां इस प्रकार को 'देवगिरि-बिलावल' से ही प्रसिद्ध कर रहे हैं।

राग देवगिरि-बिलावल (दान का बिलावल)

ताल—त्रिताल (आठ मात्रा)

गढतें ग्वालिनि उतरी (हो) माथें :महीको माट।
आडो कन्हैया व्हे रह्यो, सो रोकत है बनवाट॥
नागरी दान दै॥१॥
कहाँकी हो तुम ग्वालिनी, हो कहा तिहारो नाम।
बरसाने की ग्वालिनी प्यारी राधा मेरो नाम।
मोहि घर जान दै॥२॥

× × × × × × × × × सुख बाढ्यो आनंद भयो, रही श्याम गुन गाय। सुन्दर सोभा देखि के, जन 'सूरदास' बलि जाय॥९॥ *

स्थायी

×	२	०	३	×	२	०	३
नि़	धनि़	—सा	—नि़	सा—	गरे	मगरे	गनि़ सा
ग	ढते	—ग्वा	—लि	नी—	उ—	तरी—	—हो —
नि़	धपनि़	नि़सा	—नि़	सारे	——	—नि़	रेंसा —
—	सी—स	मही	—को	—मा	——	——	—ट —

० इस प्रकार के पद मध्यम ग्राम से यानि मध्यम को षड्ज बनाकर गाये जाते हैं।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अंतरा

×		२		०		३		×		२		०		३	
—	गरे	म	म	प	—	ध	प	नि	सां	—	रें	नि	धप	मग	रे
—	आ—	डो	क	न्है	—	या	—	—	न्हे	—	र	ह्यो	——	सो	——
—	ग	ग	ग	मरे	ग	म	प	म	गरे	ग	रेसा	—	म	ग	रे
—	रो	क	त	ब्र—	ज	ब	धू	वा	——	—	ट—	—	ना	ग	री
नि̣	—	ध̣	रे	सा	—	—	—								
दा	—	—	न	दे	—	—	—								

संचारी

×		२		०		३		×		२		०		३	
नि̣	ध̣	नि̣	—	सा	—	नि̣	सा	—	ग	रे	म	गरे	ग	नि	सा
क	हाँ	की	—	हो	—	तु	म	—	ग्वा	—	लि	नी—	—	हो	—
—	म	रे	म	प	—	ग	म	नि	ध	नि	प	—	—	प	—
—	क	हा	ति	हा	—	रो	—	ना	—	—	—	—	—	म	—

आभोग

×		२		०		३		×		२		०		३	
—	मप	नि	—	नि	—	सां	—	—	रें	—	सां	नि	प	ध	प
—	वर	सा	—	ने	—	की	—	—	ग्वा	—	लि	नो	—	प्या	री
म	ग	ग	रे	ग	प	म	—	गरे	ग	—	सा	म	म	ग	रे
रा	—	धा	—	मे	—	रो	—	ना—	—	—	म	मो	हि	घ	र

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ग निध रेंसा — —

जा — न दे — —

प्रत्येक तूक क्रमशः संचारी आभोग अनुसार।

राग धनाश्री

यह राग ग्रन्थोक्त तथा प्राचीन राग है। इस राग में भक्त नरसिंह के पद पाये जाते हैं, किन्तु परम्परा की दृष्टि से हवेलीसंगीत में आज भी उस परम्परा की स्पष्ट झांखी होती है। आजकाल प्रचार में काफी थाट की धनाश्री अधिक दृष्टिगत होती है जो भीमपलासी के अंग से मिलती हैं। किन्तु अष्टछापपरंपरा में यह राग आसावरी थाट का है। आरोह में रे ध स्वर वर्ज्य हैं। जाति औडुव सम्पूर्ण है। स्वर ग ध नि कोमल है, किन्तु आरोह में निषाद स्वर तीव्र लिया जाता है। आरम्भ एवं कानडे इत्यादि बहुत कुछ रागोंमें इसी प्रकार आरोह में निषाद शुद्ध का प्रयोग होता ही है। अवरोह में प ग की संगति अवरोह में मनोहर दिखाई देती है। न्यास स्वर एवं वादी स्वर भी पंचम है, संवादी षड्ज है। षड्ज–पंचम का प्राधान्य के साथ मध्यम का भी महत्त्व है। उठाव नि स्वर से अधिक होता है। समय दिन का दूसरा प्रहर है। आसावरी थाट होने से तथा सम्प्रदाय के मंदिरों मे दूसरे प्रहर के सेवाप्रणाली में ही अधिकतर गाया जाता है। अतः समय सुसंगत कहा जायगा। धनाश्री राग को मांगल्कि राग माना गया है।

आरोहावरोह : निसा, गम, प, नि, सां। निधपमग, पग, रेसा.

स्वरविस्तार :

(१) निसाग, मप, पधप, म, पग, गमप, ग, रेसा.

(२) रेनिसा, मप, गमप, नि ध प, प, धम, पग, गमप, गमग, रे.

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(३) पप, गम, प, निसां, धप, गम, पग, रेसा.

(४) प, म प ग म, पनि, सां, निसां, मं गं रेंसां, रेंसां,
निधप, प निसां, गं गं रें सां, निसांरें, सां ध प,
रें निधप, ग म प नि ध प, म प ग, नि, सा, ग म प ग
प ग, रे सा, नि सा ग म प,

राग धनाश्री–ताल आदि (त्रिताल मात्रा–८)

सबे मिलि मंगल गावो माई ।
आज लालको जन्मद्योस हे, बाजत रंग बधाई ॥१॥
आंगन लीपो चोक पुरावो, बिप्र पढन लागे वेद ।
करो सिंगार स्यामसुंदरको, चोवा चंदन मेद ॥२॥
आनंद–भरी नंदजूकी रानी, फूली अंग समाई ॥
'परमानंददास' तिहि अवसर, बहोत न्योछावरि पाई ॥३॥

स्थायी

×		२		०		३		×		२		०		३	
नि	–	नि	नि	सां	–	सां	–	गं	–	रें	सां	सां	नि	ध	प
मं	ऽ	ग	ल	गा	ऽ	वो	ऽ	मा	ऽ	ई	स	बे	ऽ	मि	लि
–	नि	ध	ध	प	–	म	–	म	–	ग	म	प	ग	रे	सा
ऽ	मं	ग	ल	गा	ऽ	वो	ऽ	मा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ई	ऽ

अंतरा

×		२		०		३		×		२		०		३	
प	–	प	प	म	प	ग	म	प	प	नि	नि	सां	गं	रें	सां
आ	ऽ	ज	ला	ऽ	ल	को	ऽ	ज	न	म	द्यो	ऽ	स	हे	ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नि	–	नि	नि	|	सां	–	सां	रें	||	सां	नि	ध	प	|	ग	म	प	प
या	ऽ	ज्ञ	त	|	रं	ऽ	ग	ब	||	धा	ऽ	ई	स	|	बे	ऽ	मि	लि

संचारी

×		२			०		२			×		२			०		३	
ध	–	ध	ध	|	नि	ध	प	–	||	प	–	प	म	|	प	नि	सां	–
आं	ऽ	ग	न	|	ली	ऽ	पो	ऽ	||	चो	ऽ	क	पु	|	रा	ऽ	वो	ऽ
नि	–	सां	रें	|	सां	नि	ध	प	||	म	–	ग	म	|	प	–	ग	सा
वि	ऽ	प्र	प	|	ढ	न	ला	गे	||	बे	ऽ	ऽ	ऽ	|	ऽ	ऽ	द	ऽ

"आभोग" अन्तरानुसार ।

राग धनाश्री–ताल धमार

रंगीलेरी छबीले नेना रसभरे, मानों (नेना) नाचत मुदित अनेरे रे ।
खंजरीट मानों महामत्त दोउ, केसेहु थिरत न घेरे रे ॥१॥
स्याम सेत राते रंग रंजित, मानों चित्र चितेरे रे ।
'कुम्भनदास' प्रभु गोवरधनधर, स्याम सुभग तन हेरे रे ॥२॥

स्थायी

सां –
रं –

×						२			०				३			
नि	–	–	नि	–	|	–	–	|	सां	–	–	|	–	–	सां	रें
गी	ऽ	ऽ	ले	ऽ	|	ऽ	ऽ	|	री	ऽ	ऽ	|	ऽ	ऽ	छ	ऽ
नि	सां	–	ध	–	|	प	–	|	प	म	–	|	म	–	–	–
बी	ऽ	ऽ	ले	ऽ	|	ऽ	ऽ	|	ने	ऽ	ऽ	|	ना	ऽ	ऽ	ऽ
ग	म	–	ग	म	|	प	म	|	प	ग	–	|	ग	रे	सा	–
र	स	ऽ	ऽ	ऽ	|	ऽ	भ	|	रे	ऽ	ऽ	|	मा	ऽ	नों	ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प	—	—	प	—	प	—	म	प	—	ग	—	म	—
ना	ऽ	ऽ	च	ऽ	त	ऽ	मु	दि	ऽ	त	ऽ	अ	ऽ
प	—	—	नि	—	—	—	सां	—	—	—	—	सां	—
ने	ऽ	ऽ	रे	ऽ	ऽ	ऽ	रे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	रे	ऽ

अंतरा

×					२		०			३			
ध	—	—	प	—	प	—	म	प	—	ग	—	म	—
खं	ऽ	ऽ	ज	ऽ	री	ऽ	ऽ	ट	ऽ	मा	ऽ	नों	ऽ
प	नि	—	सां	—	सां	—	रें	नि	—	सां	—	सां	—
म	हा	ऽ	ऽ	ऽ	स	ऽ	ऽ	त्त	ऽ	दा	ऽ	उ	ऽ
गं	—	—	गं	—	गं	—	रें	रें	—	सां	—	सां	—
के	ऽ	ऽ	से	ऽ	हु	ऽ	घि	र	ऽ	त	ऽ	न	ऽ
नि	ध	—	प	—	म	—	प	नि	—	सां	—	सां	रें
घे	ऽ	ऽ	रे	ऽ	ऽ	ऽ	रे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	रे	ऽ

संचारी

×					२		०			३			
ध	—	—	ध	—	ध	—	नि	ध	—	प	—	म	—
स्या	ऽ	ऽ	म	ऽ	स्वे	ऽ	ऽ	त	ऽ	रा	ऽ	ऽ	ऽ
म	ग	—	ग	—	म	—	प	ग	—	रे	—	सा	—
ते	ऽ	ऽ —	रं	ऽ	ग	ऽ	रं	—	ऽ	जि	ऽ	त	ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प	—	—	प	—	—	—	म	प	—	ग	—	म	—
मा	ऽ	ऽ	नों	ऽ	ऽ	ऽ	चि	ऽ	ऽ	त्र	ऽ	चि	ऽ
प	—	—	नि	—	—	—	सां	—	—	—	—	—	—
ते	ऽ	ऽ	रे	ऽ	ऽ	ऽ	रे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	रे	ऽ

आभोग

×					२		०			३			
गं	गं	—	गं	—	रें	—	सां	सां	—	सां	—	सां	—
कुं	भ	ऽ	न	ऽ	दा	ऽ	ऽ	स	ऽ	ग्र	ऽ	भु	ऽ
ध	प	—	ग	—	म	—	प	नि	—	सां	—	सां	—
गो	ऽ	ऽ	व	ऽ	र	ऽ	ध	न	ऽ	ध	ऽ	र	ऽ
गं	—	—	गं	—	रें	—	नि	सां	—	ध	प	ग	म
स्या	ऽ	ऽ	म	ऽ	सु	ऽ	भ	ग	ऽ	त	ऽ	न	ऽ
प	—	—	नि	—	—	—	सां	—	—	—	—	सां	रें
हे	ऽ	ऽ	रे	ऽ	ऽ	ऽ	रे	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	रे	ऽ

राग आसावरी

यह राग प्राचीन है। नित्यक्रम की कीर्तनप्रणाली में अधिकतर शीत-काल में राजभोग-समय गाया जाता है। तदतिरिक्त बधाई पालना होली इत्यादि त्यौहारों में भी इस राग के पद प्राप्त होते हैं, जो षाडव–संपूर्ण जाति से तथा आरोह में गान्धार निषाद वर्ज्य करके गाया जाता है, किन्तु सम्प्रदाय की प्राचीन प्रणालीअनुसार आरोह में दुर्बल रूप से निषाद का प्रयोग किया जाता है।

थाट आसावरी है। स्वर गान्धार धैवत और निषाद कोमल एवं बाकी के स्वर शुद्ध हैं। जाति प्रचार में औडव–सम्पूर्ण है, किन्तु सम्प्रदाय की दृष्टि से

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

षाडव–संपूर्ण कहा जाय तो अनुचित नहीं है । इस प्रकार का प्रचार में षाडव–संपूर्ण जाति का राग 'जोनपुरी' नाम से प्रसिद्ध है, किन्तु ७५ वर्ष पहिले कांकरोली वाले गो. श्री. बालकृष्णलालजी महाराजश्री का मन्तव्य यह था कि आजकल जो रिषभ कोमल की आसावरी गाई जाती हैं वह जोनपुरी राग होना चाहिये ऐसा हमारे पिताजी को आपने कहा था ।

वादी धैवत और संवादी गान्धार है । समय दिन का दूसरा प्रहर है। इस राग की विशेषता गान्धार पंचम और धैवत स्वरों पर निर्भर है । अवरोह में यह राग स्पष्ट होता है ।

पकड़–रे, मप, निध, प,

औड़व–सम्पूर्ण आसावरी के अनुसार स्वरविस्तार और आरोह-अवरोह निम्न प्रकार लिखे गये हैं ।

आरोहावरोह—सा, रेमप, ध, सां । सां नि ध, प, म, ग, रे, सा.

स्वरविस्तार—(१) सा–, रेमप–, धप–, मप–, निध–, प–,

धमपधग–रे–सा–, रेमप–निध–प.

(२) सा–रेसा–, रेमपधग–रेसा–, रेमप–निध–प–,

सां–निध–पधमपग–रेसा–, रेमप–, निध–प–.

(३) सा–, रेरेसा–, ग–रेसा–, रे सा – नि ध –,

नि ध –, प –, म प ध –सा–, रेमपधग–रेसा–

रेमप–निध–प– ।

(४) मपध–धसां–रेंसां–, गंगंरेंसां–, रेंसांनिध–,

सां–निध–, प–धमपधग–रेसा, रेमप–निध–प– ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग आसावरी (कोमल रे) प्रकार—ताल चर्चरी

सुभग ललना माई गोविंद गावे ।
राग आसावरी चरचरी ताल धर मधुर सुर मुरलिका मोहन बजावै ॥१॥
खसित उडुगन सफल स्वेत रजनी माई अजहु लगि नागर .तोहि बुलावे ।
नाहीं जानत कवन प्रीत हियमें बसी तुव नाम संवलित सुरगति लजावै ॥२॥
विपिन तमचर घोख अरुन प्राची दिसा चक्रवाकी पतहि मोह उपजावे ।
सुन 'कृष्णदास' पिय लाल गिरिवरधरन रसिकवर भूप काहे न जिय भावे ॥३॥

स्थायी

×			२		०		३		
सां	सां	ध	ध	नि	ध	प	धम	प	मप
सु	भ	ग	ल	ल	ना	—	मा—	—	ई—
ग	—	रे	—	सा	रे	म	प	धम	प
गो	—	विं	—	द	गा	—	वे	—	—

अंतरा

×			२		०		३		
म	प	ध	ध	—	सां	—	सां	सां	—
रा	—	ग	आ	—	सा	—	व	री	—
ध	ध	सां	सां	—	गं	रें	सां	ध	प
च	र	च	री	—	ता	—	ल	ध	र
प	गं	गं	रें	सां	रें	—	ध	पध	नि
म	धु	र	सु	र	मु	र	लि	का—	—

ध	प	ध	म	प	ग	रे	म	प	मप
मो	—	ह	न	व	जा	—	—	वे	——

संचारी

×			२		०		३		
सा	ध	ध	ध	ध	प	प	ध	प	प
स्व	सि	त	उ	डु	ग	न	स	क	ल
प	ध	ध	सां	सां	ध	—	ध	प	—
स्वे	—	त	र	ज	नी	—	भ	ई	—
प	ध	म	प	ध	मग	—	रे	—	सा
अ	ज	हु	ल	गि	ना	—	ग	—	र
सा	—	ध	—	ध	सा	—	रे	—	सा
तो	—	हि	—	वु	ला	—	वे	—	—

"आभोग" अन्तरानुसार ।

राग आसावरी—ताल चौताल

सब मिलि आवो गावो बजावो नंद महर—घर बाजत बधाई माई ।
सप्त सुरन तीन ग्राम इकईस मूरछना उनचास कोटि तान गाइये ॥१॥
आरोही अवरोही अस्ताई संचारी, औडव संपूरन आसावरी गाइये ।
'धोंधी'के प्रभु तुम बहुनायक गुनिजन सब मिल गाइये ॥२॥

स्थायी

३		४		×		०		२		०	
रे	म	प	नि	ध	—	प	—	म	—	ग	—
स	ब	मि	ल	आ	—	वो,	—	गा	—	वो	—
रे	रे	—	सा	सा	—	रे	रे	म	म	प	प
ब	जा	—	वो	नं	—	द्	म	ह	र	घ	र
ध	—	ध	ध	रें	सां	नि	ध	प	मप	ग	रेसा
बा	—	ज	त	ब	धा	—	ई	—	मा—	ई	——

अंतरा

×		०		२		०		३		४	
म	—	प	प	ध	ध	सां	—	सां	सां	—	सां
स	—	त	सु	र	न	ती	—	न	ग्रा	—	म
ध	ध	—	सां	—	सां	रें	—	सां	ध	—	प
इ	क	—	ई	—	स	मू	—	र	छ	—	ना
प	गं	—	रें	—	सां	रें	—	सां	नि	ध	प
उ	न	—	चा	—	स	को	—	टि	ता	—	न
म	प	नि	ध	पध	मप	ग	रेसा	रे	म	प	नि
गा	—	—	इ	——	——	ये	——	स	ब	मिं	ल

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×		०		२		०		३		४	
सा	—	ध	ध	—	ध	ध	ध	नि	ध	प	प
आ	—	—	रो	—	ही	अ	व	—	रो	—	ही
ध	ध	ध	सां	—	सां	रें	सां	—	ध	—	प
अ	—	—	स्ता	—	ई	सं	—	—	चा	—	री
प	ध	म	म	प	ध	ग	—	रे	रे	—	सा
औ	—	—	ऽ	—	व	सं	—	पू	र	—	न
सा	सा	रे	म	प	प	ध	—	नि	ध	—	प
आ	सा	—	व	—	री	गा	—	—	इ	—	ये

आभोग

×		०		२		०		३		४	
म	प	प	ध	—	—	सां	—	—	सां	—	सां
धों	—	—	धी	—	—	के	—	—	प्र	—	भु
ध	ध	—	सां	—	सां	गं	रें	सां	ध	—	प
तु	म	—	व	—	हु	ना	—	—	य	—	क
प	गं	—	रें	रें	सां	रें	सां	—	ध	—	प
गु	नि	—	ज	—	न	स	व	—	मि	—	ल
म	प	नि	ध	पध	मप	ग	रेंसा	रे	म	प	नि
गा	—	—	—	—	इ	ये	——	स	ब	मि	ल

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग आशावरी–ताल चौताल

कृष्णनाम जब तें स्रवन सुन्योरी आली, भूलिरी भवन हों तों बावरी भईरी ।
भरि भरि आवे नेन चित्त हु न परे चेन तनकी दसा कछु ओर भईरी ॥१॥
जेतेक नेम धर्म कीनेरी में बहुविध अंग अंग भई हों तो स्रवन भईरी ।
"नंददास" जाके नामस्रवन सुनें यह गति माधुरी मुरति केधों केसी दईरी॥२॥

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
ध	–	ध	ध	प	प	ध	म	प	ग	रे	सा
कृ	–	ष्णा	ना	–	म	ज	ब	–	तें	–	–
सा	सा	रे	नि	ध	ध	सा	–	सा	रे	–	सा
स्र	व	–	न	–	सु	न्यो	–	री	आ	–	ली
सा	–	रे	म	म	म	प	प	–	ध	–	ध
भू	–	ली	री	–	भ	व	न	–	हों	–	तों
सां	–	गं	रें	सां	सां	रें	नि	ध	प	म	प
बा	–	व	री	–	भ	ई	–	–	–	री	–

अंतरा

×		०		२		०		३		४	
म	प	–	ध	–	ध	सां	–	सां	सां	–	सां
भ	रि	–	भ	–	रि	आ	–	वे	ने	–	न
ध	ध	–	सां	–	रें	गं	रें	सां	रेंनि	ध	प
चि	त्त	–	हु	–	न	प	रे	–	चे–	–	न

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प	गं	–	रें	–	सां	रें	सां	रें	नि	ध	प
त	न	–	की	–	द्	सा	–	–	क	–	छु
नि	ध	प	ध	म	प	ग	–	रे	म	प	प
ओ	–	–	र	–	भ	ई	–	–	–	री	–

संचारी

×		०		२		०		३		४	
म	–	–	प	–	प	ध	–	ध	प	–	प
जे	–	–	ते	–	क	ने	–	म	ध	–	सं
ध	प	ध	म	प	मप	ग	ग	–	रे	–	सा
की	–	नें	री	–	में–	व	हु	–	वि	–	ध
सा	–	रे	म	प	प	ध	ध	नि	ध	प	प
अं	–	ग	अं	–	ग	भ	ई	–	हों	–	तों
नि	ध	प	ध	म	प	ग	–	रे	रे	–	सा
त्र	व	–	न	–	भ	ई	–	–	–	री	–

आभोग

×		०		२		०		३		४	
म	–	प	ध	–	ध	सां	–	सां	सां	–	सां
नं	–	द	दा	–	स	जा	–	के	ना	–	म

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ध	ध	ध	सां	सां	–	रें	सां	रें	नि	ध	प
स्र	व	न	सु	ने	–	य	ह	–	ग	–	ति
प	–	गं	रें	–	सां	रें	सां	–	ध	–	प
मा	–	धु	री	–	सु	र	ति	–	कै	–	धों
प	नि	ध	पध	म	प	ग	–	रे	म	प	–
के	–	–	सी–	–	द	ई	–	–	–	री	–

राग आसावरी–ताल त्रिताल (मात्रा ८)

तुम नंद(व्रज) रानी के लाला, अहो दधि मथत सुहाइ कें लाला ।
तुम पर वारी हो लाला ॥ध्रु.॥

दिव्य कनिक को पालनो लाल, रतनजटित नगहीर ।
गजमोतिन के झूमिका होलाला, ऊपर दच्छिन चीर ॥१॥
कहति जसोदा सुनि मेरे 'गोविंद,' लेहु कनिया चढाई ।
जो सोवे तो पालनें जुलाऊं नातर, आंगन वेठि खिलाई ॥२॥

स्थायी

०		३		×		२		०		३		×		२	
रे	म	प	सां	ध	–	प	–	ध	म	पध	मप	ग	रे	ग	सा
तु	म	नं	द	रा	–	नो	–	के	–	ला–	–	ला	–	–	–
म	म	प	धसां		–	–	रें	रें	रें	सां	सां	रें	नि	सां	ध
अ	हो	द	धि–		–	–		मथ	त	–	सुहा		–	–	ई

१ पाठांतर :– तुम नंद(व्रज)रानी के लाला

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प	मपध	मपग	—रे	सारे	मप	सांध	पध	म
कें	—ला—	—ला	——	—तु	मप	रवा	——	री
प	—पध	मपग	रेग	सा				
हो	—ला—	—ला	——	—				

अंतरा

×	२	०	३	×	२	०	३	
म	—प	पध	धसां	——	निरें	सांनि	धप	प
दि	—व्य	कनि	कको	——	पा—	लनो	—ला	ला
प	गंरें	रेंसां	सांसारें	निसांध	पध	मपसां	——	—
र	तन	जटि	तन—	ग—ही	——	——र	——	—
प	गंगं	—रें	रेंसां	—नि	सांरें	सांनि	धप	प
ग	जमो	—ति	नके	—झू	——	मिका	होला	ला
—	गंरें	रेंसां	निरें	सांनि	धप	धम	म	
—	ऊप	रद	—च्छि	नाची	——	रतु	म	

राग आसावरी–ताल धमार

जाको मन लाग्यो गोपालसों ताहि ओर केसे भावे हो ।
ले कर मीन दूध में राखों, जल बिनु सचु नहिं पावे हो ॥१॥
ज्यों सूरा रन घूमि चलत हे, पीर न काहू जनावे हो ।
ज्यों गूंगो गुर खाय रहत हे, मुख न स्वाद बतावे हो ॥२॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

जैसें सरिता मिली सिंधु में, उलटि प्रवाह न आवे हो ।
तैसेंइ 'सूर' कमलमुख निरखत, चित इत उत न डुलावे हो ॥३॥

स्थायी

×	२	०	३
सां – – ध –	नि ध	सां सां –	सां – – –
जा – – को –	– –	म न –	ला – – –
रें नि – सां रें	रें –	नि ध –	प – – –
ग्यो – – गो –	पा –	– ल –	सों – – –
नि – – ध प	म प	ग – –	रे – सा –
ता – – हि –	ओ –	र – –	के – से –
रे म – प –	सां –	ध – –	प – ध –
भा – – वे –	– –	हो – –	– – – –

अंतरा

×	२	०	३
म प – ध –	ध –	सां – –	सां – – –
ले – – क –	र –	मी – –	न – – –
सां नि – सां रें	सां –	नि ध –	प – – –
दू – – ध –	में –	रा – –	खो – – –
प गं – गं –	गं –	रें रें –	सां – सां –
ज ल – बि –	नु –	स चु –	न – हिं –

रें	नि	—	सां	रें	नि	सां	ध	प	—	ध	म	प	ध
पा	—	—	वे	—	—	—	हो	—	—	—	—	—	—

संचारी

×					२		०			३			
सां	—	—	सां	—	नि	—	सां	—	—	सां	—	सां	—
ज्यों	—	—	छू	—	—	—	रा	—	—	र	—	न	—
नि	—	—	ध	—	ध	—	नि	ध	—	प	—	—	—
घू	—	—	मि	—	च	—	ल	त	—	है	—	—	—
नि	—	—	ध	—	ध	—	ग	—	—	रे	—	सा	—
पी	—	—	र	—	न	—	क.	—	—	हू	—	ज	—
रे	म	—	प	—	नि	—	ध	—	—	प	—	—	—
ता	—	—	वे	—	—	—	हो	—	—	—	—	—	—

"आभोग" अन्तरानुसार।

(आसावरी राग के अन्य पदोंकी स्वरलिपि के लिए "संगीतसुबोधिनी" अेवम् "संगीतकीर्तनपद्धति" ग्रन्थ को देखिये)

राग असावरी—ताल धमार

गिरिधरलाल पालनें झूलें, जसुमति आप झुलावे हो।
देखि देखि मुख कमलनयनको, बालचरित्र जस गावे हो ॥१॥
कबहुंक सुरंग खिलोना ले ले, नानाभांत खिलावे हों।
चुटकी दे दे लाड लडावें, अरु कर ताल बजावे हो ॥२॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

पुत्र सनेह चुचात पयोधर, आनंद उर न समावे हो।
चिर जीवो नंद महरि को ढोटा, 'सूरदास' दुलरावे हो ॥३॥

स्थायी

×					२		०			३			
सां	सां	—	ध	—	नि	—	सां	—	—	सां	—	सां	—
गि	रि	—	ध	—	र	—	ला	—	—	ल	—	पा	—
नि	नि	—	सां	—	रें	सां	नि	ध	—	प	—	—	—
—	ल	—	नें	—	—	—	झू	—	—	लैं	—	—	—
नि	नि	ध	प	ध	म	प	ग	—	—	रे	—	सा	—
ज	सु	—	म	—	ति	—	आ	—	—	प	—	झु	—
रे	म	—	प	—	सां	—	ध	प	—	ध	म	प	ध
ला	—	—	वे	—	—	—	हो	—	—	—	—	—	—

अन्तरा

×					२		०			३			
गं	—	—	गं	—	गं	—	रें	रें	—	सां	—	सां	—
दे	—	—	खि	—	दे	—	—	खि	—	सु	—	ख	—
नि	नि	—	सां	—	रें	सां	नि	ध	नि	ध	—	प	—
क	म	—	ल	—	न	—	य	न	—	को	—	—	—
प	—	गं	—	—	गं	—	रें	रें	—	सां	—	सां	—
बा	—	—	ल	—	च	—	रि	त्र	—	ज	—	स	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

×					२		०			३			
नि	—	—	सां	—	रें	नि	ध	प	—	ध	म	म	ध
गा	—	—	वे	—	—	—	हो	—	—	—	—	—	—

संचारी

×					२		०			३			
सां	सां	—	ध	—	नि	ध	सां	सां	—	सां	—	सां	—
क	व	—	हुं	—	क	—	सु	रं	—	ग	—	खि	—
नि	—	—	सां	नि	रें	सां	नि	ध	—	प	—	—	—
लो	—	—	ना	—	—	—	ले	—	—	ले	—	—	—
नि	—	—	ध	—	म	प	ग	—	—	रे	—	सा	—
ना	—	—	ना	—	—	—	भां	—	—	ति	—	खि	—
रे	म	—	प	—	नि	ध	ध	प	—	रे	म	प	—
ला	—	—	वे	—	—	—	हो	—	—	—	—	—	—

'आभोग' अन्तरानुसार।

राग सामेरी

यह राग प्राचीन है। सामेरी राग का ग्रन्थों में सांवेरी नाम से भी उल्लेख किया गया है। यह राग अष्टछाप के समय में अधिक प्रचार में था। सम्प्रदाय में नित्यसेवाक्रम के कीर्तनों में यह राग का प्रयोग आजकल दृष्टिगत नहीं होता। इन्द्रमानभंग इत्यादि नैमित्तिक प्रणाली में इस राग के पद गाये जाते हैं, किन्तु हमें शुद्ध और परंपरागत का प्रामाणिक स्वरूप प्राप्त न होने से इस राग के पदों की

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्वरलिपि और विवरण का अत्र केवल उल्लेख मात्र किया जा रहा है। दाक्षिणात्य संगीतपद्धति में यह राग उत्तरीय पद्धति के 'दुर्गा' राग के समान गाया जाता है, जो उत्तरीय पद्धति से भिन्न है। स्मृति में है वहाँ तक यह राग आसावरी थाट का है तथापि कोई शुद्ध धैवत का भी उसमें प्रयोग करते हुए सुना है। और प्रातःकालीन सेवा-क्रम का यह राग माना जाता है। कुछ कीर्तनकार सामेरी को 'सामेरी बिलावल' मानते हैं। इस प्रकार के पद का उदाहरण–बिलावल के कीर्तनों में जो चौखड़ा गाये जाते हैं उसीको 'सामेरी बिलावल कहते हैं।

मुझे स्मृति में है वहां तक निम्न प्रकार परंपरासे अधिक अनुकूल होगा। आरोहमें ग, नि वर्ज्य, अवरोहमें कवचित नि कोमल का दुर्बल रूपसे प्रयोग किया जाता है। आरोहवरोह :— सा, रेम, प, धसां। सां, धप, म, गरेसा।

राग तोडी

सम्प्रदाय के संग्रहों में तोडी राग का उल्लेख टोडी नाम से प्राप्त होता है। सीतकाल में राजभोगसमय गाये जानेवाले नित्य के पदों में तोडी राग महत्त्व का है। बधाई और त्यौहारों के कीर्तनों में भी इस राग के पद प्राप्त होते हैं।

मुख्य थाटो में भी तोडी राग का थाट के नामों में उल्लेख किया गया है। अतः तोडी राग तोडी थाट में से उत्पन्न होता हैं। रे, ग, ध स्वर कोमल और म तीव्र है। यह राग सम्पूर्ण है। वादी धैवत और संवादी गान्धार है। समय दिन का दूसरा प्रहर है। इस राग में धैवत की अपेक्षा पंचम का प्रमाण कुछ कम है। इस राग की विशेषता रे, ग, सा, और ध स्वरो में है।

आरोहवरोह :— सा, रेग, म प, ध, निसां सां, निध, प, म, ग, रे, सा

पकड :– धनिसा, रेग, रे, सा, म, ग, रेग, रेसा.

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्वर-विस्तार :-

१. सा, निसा, रे, नि ध, नि ध, म ध, नि सा, ध नि सा,

रे ग रे सा, म ग, रे, सा, म ध नि ध, प, म ध मग,

रे, सा, नि, सा रे ग ।

२. नि साग म प, ग म प, ध, प, सां, निध, प, म प ध

नि ध प, म प धम ग, नि, सारेग, ध म ग,

रे ग, रे, सा, नि, सा रे ग ।

३. म ग, म ध, सां, सां, रें, सां, रें गं रें सां, म गं, पं,

म गं, रें, सां, नि सां, रें, नि ध, रें नि ध, प, म ध निध, प,

मपध, म ग, गं, रें, सां, निसां रें. निध, प, मध नि ध, प,

म ध नि ध, म ग, रे म, ध म ग, ग, रे, सा, निरे, सा ।

राग तोडी–ताल चौताल

हेली रसमय श्रीवल्लभसुत, प्रगट भये आज ।
अंग अंग धृति तरंग मधुरावलि केलि प्रसंग, दृग विलास
भौंह भाल कमनीय साज ॥१॥
लीला अमृत रसाल प्रेम भक्ति के प्रतिपाल, स्मरन करे
होत निहाल भावकी बांधे पाज ।
'पद्मनाभ' वागधीसकुंबर केलिकला अखिल, अवगाहत प्रेम-
सिंधु व्रजजन–सिरताज ॥२॥

स्थायी

प	ग	मं
हे	—	ली

×		०		२		०		३		४	
ध	—	प	प	—	प	मं	ग	रे	ग	रे	सा
र	—	स	म	—	य	श्री	व	ल्ल	भ	सु	त
प	प	प	ग	मं	ध	मं	ग	रेसा	मंग	मं	प
प्र	ग	ट	भ	ये	—	आ	—	ज—	हे—	—	ला

अन्तरा

×		०		२		०		३		४	
प	—	ग	मं	—	ध	नि	सां	सां	सां	—	सां
अं	—	ग	अं	—	ग	धू	ति	त	रं	—	ग
ध	ध	नि	सां	सां	सां	गं	रें	रें	सां	—	सां
म	धु	रा	—	व	लि	के	लि	प्र	सं	—	ग
ध	ध	गं	गं	—	गं	रें	मं	रें	सां	—	सां
द	ग	वि	सा	—	ल	ओं	—	ह	भा	—	ल
नि	ध	—	प	—	प	मं	ग	रेग	प	ग	मं
क	म	—	नी	—	य	सा	—	ज—	हे	—	ली

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×		०		२		०		३		४	
प	—	—	ग	—	म॑	ध	ध	ध	प	—	प
ली	—	—	ला	—	अ	मृ	त	र	सा	—	ल
ध	—	ध	नि	सां	सां	गं	रें	—	सां	—	सां
प्रे	—	म	भ	क्ति	के	प्र	ति	—	पा	—	ल
नि	नि	ध	ध	प	—	म॑	ग	ग	रे	—	सा
स्म	र	न	क	रे	—	हो	त	नि	हा	—	ल
ध़	—	—	ग	—	ग	रे	ग	रे	सा	—	सा
भा	—	—	व	—	की	बां	—	धे	पा	—	ज

'आभोग' अन्तरानुसार ।

राग तोडी—ताल चौताल

सप्त सुरन तीन ग्राम इकईस मूरछना उनचास कोटि तान मंडलमधि गावे ।
चारुकरन हस्तक सिर नेन भेद भांति भांति उपजत गति नित नूतन कर नचावे ॥१॥
धुम धिकिट थुंग थुंग कु कुझां झिनकिट धुमकिट धुम मृदंग वजावे ।
'रसिक'प्रीतम-छबि निहार देवजुवति मोहत मन उमगि उमगि: विविध
कुसुम बरखत सुख पावे ॥२॥

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
ग	—	ग	रे	सा	सा	ध़	—	ऩि	सा	रे	ग
स	-	स	सु	र	न	ती	—	न	ग्रा	—	म

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

म॑	ग	—	म॑प	ध	प	म॑	ग	रे	रे	सा	—
इ	क	—	ई—	—	स	मू	र	—	छ	ना	—
ग	रे	ग	म॑	प	प	ध	—	नि	सां	—	सां
उ	न	—	चा	—	स	को	—	टि	ता	—	न
नि	ध	ध	प	म॑	ग	रे	ग	रे	रे	सा	—
मं	ड	ल	म	—	धि	गा	—	—	वे	—	—

अन्तरा

×		०		२		०		३		४	
म॑	ग	ग	म॑	ध	ध	नि	—	सां	सां	सां	सां
चा	—	रु	क	र	न	ह	—	स्त	क	सि	र
नि	—	सांरें	गं	रें	सां	नि	—	सां	नि	ध	ध
ने	—	न—	भे	—	द	भां	—	ति	भां	—	ति
म॑	ध	नि	सां	—	नि	ध	प	म॑	ग	म॑	प
उ	प	—	ज	—	त	ग	—	ति	नि	—	त
ध	नि	ध	ध	म॑	ग	रे	ग	रे	रे	सा	सा
नू	—	त	न	—	क	र	—	न	चा	—	वे

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग तोडी–ताल चौताल

बहुत प्रसन्न भये पिय प्यारी टोडी राग बेनुधर गायो ।
सुर संगीत बंधान मधुर धुनि एसोइ अदभुत भेद बतायो ॥१॥
बीन तरंग उपजत नानारंग प्रतिछिन ओर ही ओर मिलायो ।
'चतुर्भुजदास' स्वामिनी गुननिधि रसिकराय गिरिधरन रिझायो ॥२॥

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
ध	प	—	ग	म॑	प	ध	—	प	प	—	प
ब	हु	—	त	—	प्र	स	—	—	न्न	—	भ
म॑	ग	—	ग	—	ग	रे	ग	रे	सा	—	सा
ये	—	—	पि	—	य	प्या	—	—	री	—	—
नि	सा	—	म॑	ग	म॑	ध	—	—	नि	सां	—
टो	-	—	डी	—	—	रा	—	—	ग	—	—
सांरें	गं	रें	सां	—	सां	नि	ध	—	प	ग	म॑
बे—	—	नु	ध	—	र	गा	—	—	यो	—	—

अन्तरा

×		०		२		०		३		४	
ध	प	म॑	ग	—	म॑	ध	नि	सां	सां	—	सां
सु	र	—	सं	—	—	गी	—	—	त	—	बं

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ध	—	—	नि	सां	रें	गं	रें	—	सां	—	सां
धा	—	—	न	—	म	धु	र	—	धु	—	नि
नि	ध	—	गं	—	गं	रें	—	—	सां	—	सां
ए	—	—	सो	—	इ	अ	—	—	द्भु	—	त
नि	ध	—	प	—	मं	मं	ग	—	रे	ग	मं
भे	—	—	द	—	व	ता	—	—	यो	—	—

राग तोडी—ताल चौताल

ए कहुँ उमड धूमड गरजत्त हो पिय कहुँ बरखत कहुँ उधरजात ।
कहुँ दमकत कहुँ चमकत चपला जोंइ कहुँ और न ठहरात ॥१॥
स्यामघन के लच्छन तुमही पे स्यामधन वृथा मेह आडंबर प्रांत ।
'मुरारिदास'प्रभु तिहारे वाम चरन पूजियेजु को किनकी कही न
बात को पत्यात ॥२॥

स्थायी

३		४		×		०		२		०	
ग	रे	ग	मंप	ध	—	प	मं	प	प	ध	मं
ए	क	—	हुँ—	उ	—	—	म	—	ड	धू	—
ग	ग	—	ग	रे	ग	—	मं	प	ध	मं	ग
—	म	—	ड	ग	र	—	ज	—	त	हो	—
—	रे	—	सा	ऩि	सा	—	गरे	ग	ग	मं	ग
—	पि	—	य	क	हु	—	ब	—	र	ख	त

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

	ग										ध
—	रे	ग	म	ध	नि	सां	नि	ध	ग	—	म
—	क	—	हुँ	उ	ध	र	जा	—	—	—	त

अंतरा

३		४		×		०		२		०	
मं	ग	—	म	—	ध	नि	सां	नि	सां	—	सां
क	हुँ	—	द	—	म	क	त	—	क	—	हुँ
सां	ध	—	नि	सां	रें	गं	रें	—	सां	—	निध
च	म	—	क	—	त	च	प	—	ला	—	जों—
ध	नि	ध	प	मं	ग	ग	गं	—	रें	—	सां
इ	—	—	क	—	हुँ	ठो	—	—	र	—	न
नि	ध	सां	नि	ध	प	—	धमं	ग	रे	ग	म
ठ	ह	—	रा	—	त	—	इ—	—	क	—	हुँ

राग तोडी-ताल चर्चरी (झपताल अंग)

हों पनियां न जैहों मेरी मटुकियाँ झटकि कर पटकी ।
अचानक आन गही हो जु सांवरे मेरे संगकी सव सब सटकी ॥१॥
काल्हि दुपहर गई हों कुंजमें को जानें मेरे या घटकी ।
प्रभु कल्यान गिरिधरजुकी माधुरी मेरे दो नैननि बीच अटकी ॥२॥

स्थायी

×		२			०		३		
ध	ध	मं	ग	ग	रे	ग	रे	—	सा
प	नि	यां	—	न	जै	—	हों	—	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ध	—	ग	—	ग	रे	रे	सा	—	—
मे	—	री	—	म	ड	कि	याँ	—	—
म	ग	म	ध	नि	ध	ध	पम	ग	म
झ	ट	कि	क	र	प	ट	की—	—	हों

अंतरा

×		२			०		३		
ध	ध	मंग	मं	ध	नि	सां	सां	—	सां
अ	चा	न—	—	क	आ	—	न	—	ग
ध	—	नि	सां	सां	रें	—	रें	सां	—
ही	—	हो	—	जु	सां	—	व	रे	—
ध	—	गं	रें	गं	रें	—	सां	सां	ध
मे	—	रे	—	—	सं	—	ग	की	—
म	ध	नि	सां	नि	ध	ध	पम	ग	म
स	ब	स	—	ब	स	ट	की—	—	हो

संचारी

×		२			०		३		
प	—	मं	ग	मं	ध	ध	प	—	प
का	—	ल्हि	—	ढु	प	ह	र	—	ग

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

मं	ग	मं	ध	—	प	ग	मं	ग	—
ई	—	हों	—	—	कुं	—	ज	में	—
रे	ग	ध	प	ध	म	ग	रे	—	सा
का	—	जा	—	—	नें	—	मे	—	रे
ध	—	ग	रे	ग	रे	—	सा	—	—
या	—	घ	—	ट	की	—	—	—	—

राग तोडी–ताल धमार

नीको बन्यो गोकुल गाम सुहावनो जहां खेलत है हरि हो होरी ।
इत हि सकल ब्रजके बालक उत झुंडन जुरि आई तरुनी तिनमें राधा गोरी ॥१॥
बिबिध भांति बाजे बाजत नवल कुंमकुम केसर अरगजा घोरी ।
रतनजटित पिचकाई कर गहि छिरकत तकि मुदित परस्पर नवल
किसोर किसोरी ॥२॥
यह बिध हरि खेलत झेलत रससिंधुतरंग भरी ब्रजखोरी ।
मोहि अमरवधु निरख बरख कुसुमन रघुवीर फिरत संग भरि भरि झोरी ॥३॥

स्थायी

म	ग	ध	ध
नी	—	को	—

x					२		०			३			
सां	सां	—	नि	ध	प	प	ध	प	—	मं	ग	ध	ध
व	न्यो	—	गो	—	कु	ल	गा	—	—	म	—	—	सु

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

मं	ग	—	रे	—	सा	—	सा	नि	सा	रे	ग	मं	प
हा	—	—	व	—	नो	—	ज	हाँ	—	खे	—	ल	त
ध	—	—	म	ग	रे	ग	रे	—	सा	म	ग	म	ध
हे	—	—	ह	रि	हो	—	हो	—	री	नी	—	को	—

अन्तरा

×					२		०			३			
मं	ध	ध	नि	सां	सां	—	गं	रें	रें	सां	—	सां	सां
इ	त	हि	स	क	ल	—	व्र	ज	के	बा	—	ल	क
रें	गं	रें	सां	सां	नि	ध	ध	गं	रें	सां	नि	ध	प
उ	त	झुं	ड	न	जु	रि	आ	—	ई	त	रु	नी	—
म	प	ध	म	ग	रे	ग	रे	—	सा	म	ग	म	ध
ति	न	में	रा	—	धा	—	गो	—	री	नी	—	को	—

संचारी

×					२		०			३			
ध	ध	ध	प	—	प	—	मं	ग	मं	ध	—	प	प
बि	वि	ध	भां	—	ति	—	बा	—	जे	बा	—	ज	त
म	ध	—	म	ग	म	ध	सां	नि	ध	प	प	म	ग
कु	म	—	कु	—	के	—	स	र	अ	र	ग	जा	—
म	ग	—	म	ग	ग	—	रे	ग	रे	सा	—	—	—
—	—	—	न	व	ल	—	घो	—	—	री	—	—	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग गुर्जरी (तोडी)–ताल धमार

होरी खेलत मनमोहनसों, अबीर लिये भर झोरी ।
एक गावत एक मृदंग बजावत, एक अलापत हे किसोरी ॥१॥
एक गोरी एक भोरी सांवरी सुरत, एक अबला दीन की थोरी ।
चतुरबिहारीकी बानिक निरखत, डारत हे तृन तोरी ॥२॥

स्थायी

३				×					२		०		
ध	मग	ग	म	ध	—	—	म	ग	रे	ग	रे	सा	सा
हो	री–	खे	ल	त	—	—	म	न	मो	—	ह	न	सों
ध	ध	ग	—	म	ग	—	ध	मध	सां	नि	ध	म	ग
अ	बी	र	—	लि	ये	—	भ	—	र	—	झो	—	री

अन्तरा

×					२		०			३			
ध	म	ग	म	ध	सां	—	सां	—	—	सां	—	रें	सां
ए	क	—	गा	—	व	—	त	—	—	ए	—	क	—
ध	ध	—	नि	सां	सां	—	रें	गं	—	रें	—	सां	—
मृ	दं	—	ग	ब	जा	—	व	त	—	ए	—	क	—
रें	नि	ध	म	ध	सां	नि	ध	म	ग				
अ	ला	—	प	त	हे	कि	सो	—	री				

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग सारंग (वृन्दावनी)

'सारंग' राग को शास्त्रोक्त, प्राचीन एवं लोकप्रिय राग माना जाता है। इस राग के विविध प्रकारो में से हवेली–संगीतपरंपरा में ६ प्रकारके सारंग गाये जाते हैं, कोई ८ अष्ट–प्रकार भी मानते हैं। इन सभी प्रकारों का गान–समय दोपहर का सर्वसम्मत है। ग्रन्थों में कहीं दिन का तृतीय प्रहर का भी उल्लेख प्राप्त होता है।

पुष्टिमार्ग की प्रातःसेवा में राजभोग–समय से लेकर राजभोग के दर्शन तक की सेवा में यह राग के छः प्रकार ऋतुक्रमानुसार गाये जाते हैं। जो इस प्रकार हैं। (१) सारंग, (२) मघमाघ सारंग, (३) सामंत–सारंग, (४) गौड-सारंग, (५) नूर–सारंग, (६) मेघ–सारंग.

किन्तु अधिकतर और सभी ऋतुओं के उत्सवादि क्रम में 'सारंग' ही गाया जाता है।

सम्प्रदाय के हस्तलिखित संग्रहों में सारंग राग के संख्याबन्ध कीर्तन प्राप्त होते हैं। सारंग राग के ६ या ८ प्रकारोंमें गाये जाने वाले पद–कीर्तनों का 'राग–सारंग' शीर्षक के अंतर्गत ही समावेश किया गया हैं। सारंग राग की शीतल प्रकृति होने से यह उष्णकालीन राग सम्प्रदाय में चैत्र मास से लेकर रथयात्रा के पूर्व दिन तक राजभोगसमय में गाने की प्रथा है। तदतिरिक्त जन्म–बधाई तथा त्यौहारोत्सव के समय पर भी यह 'सारंग' राग के पद गाये जाते हैं। संग्रहों में कहीं मघमाघ, सामंत, गौड या नूर सारंग का उल्लेख वहुत कम प्रमाण में प्राप्त होता है।

आजकल संगीत–समाज में 'शुद्ध–सारंग' नाम का जो राग प्रसिद्ध है, वह–हवेली–संगीतपरंपरा के सारंग से पृथक् है। अर्थात् यह 'शुद्ध–सारंग' हमारी परंपराका राग नहीं है, ऐसा लेखक का स्पष्ट मन्तव्य है। अष्टछाप–घरानों में जो सारंग राग गाया जाता है उसी को कोई–

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

कोई 'वृन्दावनी सारंग' नाम से पहिचानते हैं। 'सारंग' को वृन्दावनी सारंग या वृन्दावनी को सारंग नाम से पहिचानने की प्रथा इस सैंका के आरम्भ से ही प्रसिद्ध होने लगी, जो निम्न ग्रन्थों के उल्लेखों से स्पष्ट समझ सकते हैं :—

(१) ई. स. १८९२ में छपे हुए 'गायनदर्पण' नामक ग्रन्थ में पृष्ठ. ३६ पर "सारंग" शीर्षक का ही उल्लेख इस प्रकार किया गया है। "सारंग राग ओडव—पांच सुरका है। गान्धार—धैवत बाद है। मध्यम स्वर प्रधान है। निषाद दो हैं, आरोहमें तीव्र, अवरोहमें कोमल स्वर—सा रे म ध नि सां, सां नि प म रे सा।"

पं. आदित्यरामजी ने भी अपने ग्रंथ में 'रागिनी—सारंग' के ही शीर्षक में चार पांच चीजें लिखी हैं, जिनमें से पहली चीज के स्वरों क प्रयोगार्थ देखिए।

"रे मप निसां निप निपम मम पप निपनि निनि सां सां सां रें
सांनिपम पमरेसा सांनिपम, सारंग सरस कर लई, रे म प नि सा।"

उपर्युक्त चौताल के द्रुपद की स्थायी की रचना में जो स्वर—स्वरूप बताया है वह आजकल वृन्दावनी सारंग ही कहा जायगा। तदुपरान्त विवरण में लिखा है कि "सारंग को ग ध वर्जित कहि के मध्यम अंश स्वर बनाया है। और दो निषाद माने हैं।"

तदतिरिक्त "संपूरन रूप भी आजकल गाने में चालू है, कोई तीव्र मध्यम ही मिलाता हैं।" इस उल्लेख में आजकल के शुद्ध—सारंग का बोध होता है, किन्तु आपने ग ध वर्ज्य और दोनों निषादों के स्वरों को ही 'सारंग' कहा है।

['संगीतादित्य' पृष्ठ—८६,८७ प्रकाशन ई. स. १८८९].

(२) पं. गणपतराव बर्वेजी ने 'गायन वादन पाठमाला' पुस्तक के पृष्ठ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

—२६० पर क्रमांक १ में केवल 'राग सारंग' का ही नाम लिख कर जो विवरण दिया है वह ग ध वर्ज्य दोनों निषाद वाला 'सारंग' आज का वृन्दा-वनी सारंग है।

(४) पं. विष्णु दिगंबर' के घराने में भी आज के 'वृन्दावनी सारंग' को 'सारंग' कहने का अभी तक रिवाज दिखाई देता है। उनकी परम्परा के पं. विनायकराव पटवर्धन नें अपने ग्रन्थ में 'सारंग के शीर्षक में ही चीजें प्रसिद्ध की हैं। उन्होंने इस सारंग को वृन्दादनी सारंग कहा नहीं है।

[रागविज्ञान, भाग ३. पृ–१४७,१४८; प्रकाशन ई. १९३७]

(५) मास्टर दामोदर के 'गायनसंग्रह' में भी इस सारंग का वर्णन निम्न प्रकार किया है ! सा रे म प नि सां। सा नि प म रे सा।

[प्रकाशन ई. से. १९१४, पृष्ठ ४३]

(६) 'संगीतकौमुदी' में बताया गया हैं कि—

"ग्रन्थों में जो 'वृन्दावनी सारंग' नाम मिलता है, जिसको बिंद्राबनी सारंग भी कहते हैं। मथुरा जिले में 'वृन्दावन' नामक गाम के नाम से वृन्दावनी सारंग नाम पड़ा हुआ माना जाता हैं। सारंग राग के अन्य प्रकारों में यह राग अधिक लोकप्रिय होने से अधिक प्रचार में है। अतः केवल 'सारंग' राग कहने पर वृन्दावनी सारंग' का ही मतलब समझ में आता हैं। अर्थात् चाहें 'सारंग' राग कहो अथवा 'वृन्दावनी सारंग,' दोनों एक ही माने जाते हैं। जैसे 'दरबारी' को 'दरबारी कानडा' समझा जाता है, उसी प्रकार 'सारंग' अथवा 'बिंद्रावनी सारंग' एक ही चीज हैं। किसीको 'सारंग' गाने का कहोगे तो वह तुरन्त 'वृन्दावनी सारंग' ही शुरू करेगा।"

(६) स्वयं पं. भातखण्डेजी ने भी लिखा है कि :—

"प्रचारान्त नुसता सारंग म्हणजे कोणी कोणी 'शुद्ध सारंग' समजतात् व तोच 'ब्रिंद्राबनी सारंग' समजतात्" [मराठी हिं–सं. पं–भाग ४, पृ. ३९६]

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अब सारंग के विषय में कुछ शास्त्रीय उल्लेखों की ओर दृष्टि करेंगे। पन्द्रहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में 'पं. लोचन' ने अपने 'रागतरंगिणी' ग्रन्थ में निम्न प्रकार का उल्लेख किया है।

"एवं सति च गान्धारः शुद्धमध्यमतां व्रजेत् ।
धश्च शुद्धनिषादः स्यात् सारंगो जायते तदा ॥"

तदनुसार आज के उ.हिं. मेल के स्वर निम्न प्रकार होते हैं।

"सा रे म म॑ प नि नि॒ सां ।

पश्चात् इसी मेल के जन्य प्रकारों का भी इस प्रकार वर्णन किया है।

"सारंगस्वरसंस्थाने प्रथमा पटमंजरी ।
वृन्दावनी तथा ज्ञेया सामन्तो बडहंसकः ॥"

उपर्युक्त श्लोक में वृन्दावनी पटमंजरी सामन्त तथा बडहंस के उल्लेख प्राप्त होते हैं, परन्तु 'लोचन' ने इन रागों का स्वतन्त्र वर्णन किया नहीं है। केवल 'सारंगस्वरसंस्थान' कह कर सारंग मेल के स्वर बताये गये हैं।

पं. हृदयनारायणदेव ने भी लोचन का सारंग मेल लेकर अपने 'हृदयकौतुक' और 'हृदयप्रकाश' ग्रन्थों में कहा है कि :—

"सरी गमौ पधनिसां निधौ पमौ गरी च सः ।
सम्पूर्णः कथितः सर्वैः सारंगो रागसत्तमः ॥"

[हृदयकौतुक]

"अतितीव्रतमो गाख्यो मधौ तीव्रतरौ कृतौ ।
यत्र निः काकली तत्र सारंगः पटमंजरी ॥"

[हृदयप्रकाश]

पं. अहोबलने भी उसी प्रकार 'सारंग' का वर्णन किया है :—

पं. लोचन, हृदयनारायण एवं पं. अहोबल के उपर्युक्त उल्लेखानुसार निम्न प्रकार सम्पूर्ण मेल बताया गया है :—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सा रे ग मं प ध नि सां । सां नि ध प म ग रे सा। ये स्वरमेल अपनी उ. हिं. सं. पद्धति-अनुसार इस प्रकार क्रमशः होते हैं।

सा रे म मं प नि नि सां । सां नि नि प मं म रे सा।

यह सुप्रसिद्ध है कि स्वर(मेल)संस्थान के स्वरों में एक या दो स्वर कम करने से जन्य राग उत्पन्न हो सकते हैं, किन्तु जो स्वर मेल में नहीं है उस स्वर को प्रयुक्त करने से उसका जन्य स्वरूप नहीं रह सकता।

'सारंग' के उपर्युक्त शास्त्रीय स्वरमेल में से तीव्र-मध्यम का लोप हो जाने पर स्पष्ट रूप से अपना (बिंद्रावनी) 'सारंग' का स्वरूप दृष्टिगत होता है।

प्रचलित 'शुद्ध सारंग' में धैवत स्वर का नियमित रूप से प्रयोग किया जाता है। जो स्वर उपर्युक्त मेल में नहीं है, अतः उपर्युक्त शास्त्राधार का स्वरमेल (बिंद्राबनी) सारंग से ही अधिक सुसंगत होगा। मुख्यतः इस 'सारंग' को वृन्दावनी-सारंग कहने का प्रारम्भ काल का समय कोई निश्चित कहा नहीं जा सकता। फिर भी स्वामी हरिदासजी के समय में वृन्दावन तथा गोकुल मथुरा के देवालयों मे एवं सन्त कीर्तनकारों ने अधिकतर औडव जाति एवं दोनों निषादों के प्रयोग वाले 'सारंग' का ही गान किया हुआ सुप्रसिद्ध होने से भारत के अन्य प्रान्तों के कुछ लोग वृन्दावन के नाम पर से 'बिंद्राबनी सारंग' से पहचानने लगे होंगे। कुछ राग ऐसे भी हैं कि जिनके नाम प्रदेशों के नाम से प्रचलित हैं। जैसे सोरठ गुर्जरी इत्यादि।

ई. स. १९१८ की दिल्ही संगीत परिषद के पश्चात् ही यह प्रसिद्ध होने लगा। इस समय तक गायक-वादकोंमें दो-तीन प्रकार के मत-मतान्तर होने का पं. भातखण्डेजी के निम्न उल्लेख से स्पष्ट होता है :-

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

"वृन्दावनी के स्वरूप के बारे में एक—दो मतभेद दिखाई देते हैं। कोई कहते हैं कि बिंद्राबनी के आरोहावरोह में गान्धार और धैवत स्वर वर्ज्य करके दोनों निषाद उपयोग में लिये जायँ। उनका ऐसा भी मत था कि वृन्दावनी के अवरोह में क्वचित् धैवत का प्रयोग कुशलता से किया जाय।"

"दूसरे कोई कहते हैं कि 'वृन्दावनी' में ग और ध वर्ज्य करके एक ही तीव्र निषाद लिया जाय। यह मत सयुक्तिक है, लेकिन प्रचारमें दोनों निषाद लिए हुए स्वरूप ही अधिक दिखाई देते हैं।"

उपर्युक्त मतान्तर की चर्चा के पश्चात् परिषद् में 'बिंद्राबनी सारंग' का स्वरूप अधिक कलावन्तो के मतानुसार जो निश्चित किया गया जिसका पं. भातखन्डेजी ने निम्नप्रकार उल्लेख किया है :—

"सन् १९१८ ईसवीं में दिल्ली की संगीत परिषद् में इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी। और वहाँ इकठ्ठे हुए कलावंतोंने अपना मत ऐसा दिया कि 'वृन्दावनी' के आरोह—अवरोह में गान्धार और धैवत वर्ज्य करके दोनों निषाद यानी आरोहमें तीव्र और अवरोहमें कोमल लिये जायँ।"

[क्रमिक पु. ३. हिंदी आवृत्ति]

उपर्युक्त उल्लेखों के सारांश में यही कहा जा सकता है कि ई. स. १९१८ तक 'वृन्दावनी' का स्वरूप स्पष्ट हुआ नहीं था। पश्चात् अपनी क्रमिक पु. ३ में 'वृन्दावनी सारंग' नाम से 'सारंग' राग की संख्याबन्ध चीजें प्रगट की हुई दृष्टिगोचर होती हैं। और व्यवहार में भी 'वृन्दावनी सारंग' नाम से गायक—वादकों में अधिकतर प्रचार दिखाई देता हैं। अष्टछाप—घराने का सारंग वृन्दावन एवं गोकुल—मथुरा की परम्परा का राग होने से उसको 'वृन्दावनी सारंग' नाम से पहिचाना जाय तो उसमें कोई विसंगतता नहीं है। नामकरण के सम्बन्ध में प्रचार और व्यवहार का

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ध्यान रखना भी उचित ही है । अतः अष्टछाप-घराने की परम्परा मान्य 'सारंग' का 'सारंग' या 'बिंद्रावनी-सारंग' नाम से उल्लेख किया जाता हैं, जिसके स्वर-स्वरूपादि का वर्णन इस प्रकार है :—

राग सारंग : संक्षिप्त विवरण

'चढत तीव्र निखाद है, औड़ुव जाति सुहाई ।
रिप वादी संवादि तें, सारंग राग कहाई ॥'

(१) थाट काफी से सारंग राग उत्पन्न होता है ।

(२) स्वर-आरोह में शुद्ध निषाद और अवरोह में कोमल निषाद किया जाता है । ग ध स्वर वर्ज्य हैं, शेष शुद्ध हैं ।

(३) जाति औडव-औडव है

(४) वादी ऋषभ और संवादी पंचम स्वर है ।

(५) गान-समय मध्याह्न माना जाता हैं ।

(६) पकड़ स्वर-सारे, मरे, पमरे, सा

(७) आरोहावरोह—

सां, रेम, प, निसां । सांनिप, म, रेसा.

—

उदाहरणरूप-निम्न द्रुपद चौताल में निम्न प्रकार गाया जाता है ।

स्थायी : जाको बेद रटत ब्रह्मा रटत संभू रटत सेस रटत,
नारद सुक ब्यास रटत पावत नाहिं पार ।

अंतरा : ध्रुवजन प्रहलाद रटत, कुन्ती के कुंवर रटत,
द्रुपदसुता रटत नाथ अनाथन-प्रतिपाल ॥१॥

संचारी : गनिका गज गीध रटत, गौतमकी नारि रटत,
राजनकी रमनी रटत सुतन दे दे प्यार ।

आभोग : 'नंददास' श्रीगोपाल गिरिवरधररूप रसाल,
जसोदाको कुंवर लाल राधा- उर हार ॥२॥

स्थायी

नि	म	प
जा	–	को

×		०		२		०		३		४	
नि				प		प					
सां	–	सां	सां	नि	प	मप	नि	प	म	प	प
बे	–	द	र	ट	त	ब्र–	–	ह्मा	र	ट	त
प		म				प					
म	–	रे	म	प	प	नि	–	प	म	रे	सा
सं	–	भू	र	ट	त	से	–	स	र	ट	त
सा		रे				प					
नि़	सा	म	रे	म	प	नि	प	म	प	नि	सां
ना	–	र	द	सु	क	प्या	–	स	र	ट	त
						प					
नि	सां	रेंमं	रेंमं	सां	निसां	नि	–	प	नि	म	प
पा	व	त–	ना–	–	हिं	पा	–	र	जा	–	को

अन्तरा

×		०		२		०		३		४	
ध									सां		
म	प	नि	नि	–	सांनि	सां	–	सां	नि	सां	सां
भु	व	ज	न	–	प्रह	ला	–	द	र	ट	त

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सां		मं							प		
नि	सां	रें	मं	रें	सां	नि	सां	निसां	नि	प	ध
कुं	—	ती	—	के	—	कुँ	व	र—	र	ट	त
प						प			प		
म	प	प	नि	म	प	नि	नि	प	म	प	प
द्रु	प	द	सु	ता	—	र	ट	त	ना	—	थ
				सां		प					
नि	सां	रें	सां	नि	सां	नि	—	प	नि	म	प
अ	ना	थ	न	प्र	ति	पा	—	ल	जा	—	को

संचारी

×		०		२		०		३		४	
म	म	प	—	म	प	नि	—	प	म	प	प
ग	नि	का	—	ग	ज	गी	—	ध	र	ट	त
						प					
म	प	नि	नि	म	प	नि	नि	प	म	रे	सा
गौ	—	त	म	की	—	ना	—	रि	र	ट	त
सा		म				प					
ऩि	सा	रे	म	प	—	नि	नि	प	नि	म	प
रा	—	ज	न	की	—	र	म	नी	र	ट	त
			पा								
नि	सां	सां	नि	प	प	म	रे	म	प	—	—
सु	त	न	दे	—	दे	प्या	—	र	—	—	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

आभोग

×		०		२		०		३		४	
नि	—	नि	सां	—	सां	रें	सां	नि	सां	—	सां
नं	—	द	दा	—	स	श्री	—	गो	पा	—	ल
						सां					
नि	सां	रें	मं	रें	सां	नि	सां	रें	सां	नि॒	प
गि	रि	व	र	ध	र	रू	प	र	सा	—	ल
म	प	रें	रें	मं	मं	रें	सां	रें	सां	नि	सां
ज	सो	—	दा	—	को	कुँ	व	र	ला	—	ल
नि	सां	रें	सा	नि	सां	नि॒	—	प	नि॒	म	प
रा	—	धा	—	उ	र	हा	—	र	जा	—	को

राग सारंग—ताल चौताल

एसी बंसी बाजीरी वन घनमें व्यापि रही ध्वनि महामुनिनकी समाधि लागी ।
भयो ब्रह्मनाद उठत आह्लाद जहां तहां ब्रज घोख रत्न वृन्द भये सब त्यागी ॥१॥
रासादि अनेक लीला रसभाव पुरित मूरति मुखारविंदछबि धरे
विरह अनंग जागी ।
तब बेनुनाद द्वार अब लछमनभूपकुमार, 'कृष्णदास' दैवोद्धार अर्थ त्यागी ॥२॥

'पद्मनाभ' पाठांतर प्राप्त होता है ।

स्थायी

							म	प	नि	सां	नि
							ए	सी	बं	—	सी
×		०		२		०		३		४	
सां	—	—	नि॒	—	प	नि॒	प	म	रे	सा	—
बां		—	जी	—	री	ब	न	घ	न	में	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नि़	सा	—	म	रे	मप	नि	प	म	रे	—	सा
व्या	—	—	पि	—	र—	ही	—	—	ध्व	—	नि
म	—	रे	म	—	म	प	—	प	नि	म	प
म	—	—	हा	—	मु	नि	—	न	की	—	स
निसां	रें	रें	सांनि	सां	नि	प	म	प	निसां	रे	नि
मा—	—	धि	ला—	—	गा	—	ए	सी	बं—	—	सी

अन्तरा

×		०		२		०		३		४	
म	प	—	नि	—	नि	सां	—	सां	सां	सां	सां
भ	यो	—	ब्र	—	ह्म	ना	—	द	उ	ठ	त
नि	नि	सां	रें	मं	रें	सां	नि	सां	नि	—	—
आ	ह्ला	द	ज	हां	—	त	हां	—	ब्र	—	ज
रें	—	रें	रें	सां	सां	रें	नि	सां	—	नि	प
घो	—	ख	र	—	त्न	वृ	—	न्द	—	भ	ये
रें	—	—	सांनि	सां	नि	प	म	प	नि	सां	नि
स	ब	—	त्या	—	गी	—	ए	सी	बं	—	सी

राग सारंग—ताल चौताल

वृन्दावन कुंजनिमें मध्य खसखानो रच्यो
सीतल बयार झुकि गोखन बहत हें ।
सुगंधी गुलाबजल नाना बहु भांतिनिके
ले लाइ धाइ सखी सब छिरकत हें ॥१॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

धार धुरवा छूटत तहाँ नीके
दादुर मोर पिक शुक जु फिरत हे ।
'कृष्णदास' फुहारे छूटे मानों मन्मथ लूटे
झुकि झुकि झुकि धारे हौदनि भरत हे ॥२॥

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
सां			प			प					
नि	सां	सां	नि	प	प	नि	प	प	म	रे	सा
वृं	ऽ	दा	व	ऽ	न	कुं	ऽ	ज	नि	में	—
सा											
नि़	सा	रे	रे	—	रे	प	म	रे	रे	सा	सा
म	ऽ	ध्य	ख	ऽ	स	खा	ऽ	नो	र	ऽ	च्यो
नि़	सा	रे	म	प	प	नि	प	म	प	नि	सां
सी	ऽ	त	ल	ऽ	ब	या	ऽ	र	झु	—	कि
रें	—	सां	नि	—	प	नि	प	म	रे	म	प
गो	ऽ	ख	न	ऽ	ब्र	ह	ऽ	त	हे	ऽ	ऽ

अंतरा

×		०		२		०		३		४	
म	म	—	प	—	नि	सां	—	नि	सां	—	सां
सु	गं	ऽ	धी	ऽ	गु	ला	ऽ	ब	ज	ऽ	ल
नि	सां	रें	मं	रें	सां	नि	सां	रें	सां	नि	प
ना	—	ना	—	ब	हु	भां	—	ति	नि	के	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

म	प	रें	रें	—	सां	नि	सां	सां	(प) नि	—	प
ले	ऽ	ऽ	ला	ऽ	इ	धा	ऽ	इ	स	ऽ	खी
नि	सां	रें	सां	नि	प	नि	प	म	रे	म	प
स	ब	ऽ	छि	—	र	क	त	ऽ	हे	ऽ	ऽ

संचारी

×		०		२		०		३		४	
म	—	—	प	—	—	नि	प	—	प	—	—
धा	ऽ	ऽ	र	ऽ	ऽ	धु	र	ऽ	वा	ऽ	ऽ
म	—	म	प	—	नि	सां	—	—	(प) नि	—	प
छु	ऽ	ट	त	ऽ	त	हाँ	ऽ	ऽ	नी	ऽ	के
म	प	नि	प	—	प	म	—	रे	रे	—	सा
दा	ऽ	ऽ	दु	ऽ	र	मो	ऽ	र	पि	ऽ	क
नि़	नि़	सा	रे	—	प	म	रे	—	सा	—	—
सु	क	ऽ	जु	ऽ	फि	र	त	ऽ	हे	ऽ	ऽ

"आभोग" अन्तरानुसार।

राग सारंग–ताल सुलताल

स्थायी : बलि वामन हो जग पावन करन ।

अन्तरा : कहि न परत सोभा नील मनिनसी गोभा,
गगन गयो जब सुन्दर चरन ॥१॥

संचारी : बन्यो हे मेद अति उतते गंगाकी धार उज्ज्वल वरन ॥२॥

[उपर्युक्त पद श्रीनंददासजी–रचित है। वामनद्वादशी के दिन यह पद गाया जाता है। सम्पूर्ण पद के लिए देखिए काँकरौली–प्रकाशन–'तृतीयगृह कीर्तनप्रणाली के पद' पृष्ठ–५७]

स्थायी

								निं	सां
								ब	लि
×		०		२		३		०	
रें	—	सां	सां	नि	सां	सां	नि	—	प
वा	—	म	न	हो	—	—	ज	—	ग
नि	—	प	म	रे	मप	निप	मप	नि	सां
पा	—	व	न	क	र—	न—	—,	ब	लि

अन्तरा

×		०		२		३		०	
म	प	नि	नि	सां	नि	सां	सां	—	सां
क	हि	न	प	र	त	—	सो	—	भा
नि	सां	रें	मं	रें	सां	रें	सां	नि	प
नी	—	ल	म	नि	न	सी	गो	—	भा
म	प	निं	सां	रें	सां	रें	नि	सां	निंप
ग	ग	न	—	ग	यो	—	ज	—	ब—
नि	—	प	म	रे	मप	नि	प	नि	सां
सुं	—	द	र	च	र—	न	—,	ब	लि

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×		०		२		३		४	
नि	नि	प	—	नि	प	प	म	प	फ
ब	न्यो	हे	—	भे	—	द	अ	—	लि
म	प	नि	नि	सां	—	सां	नि	प	फ
उ	त	तें	गं	गा	—	की	धा	—	र
म	प	नि	प	नि	प	म	रे	—	सा
ध	सी	—	—	ध	र	नी	प	—	र
नि़	सा	रे	म	प	म	रे	रे	सा	—
उ	—	ज्ज्व	—	ल	—	ब	र	न	—

"आभोग" अन्तरानुसार।

राग सारंग–ताल धमार

श्रीलक्ष्मनगृह महामंगल भयो, प्रगटे श्रीवल्लभ पूरनकाम ।
माधव मास कृष्ण पक्ष सुभ लग्न, उदित एकादसी दूसरो जाम ॥१॥
मंगल कलस चोक मोतिनके, विविध विचित्र चित्र बने धाम ।
गावति मंगल गीत मानीनि, नखसिख सुभग कामसी वाम ॥२॥
मिट्यौ तिमिर दुखद्वंद जगतको भोर भयो मानो मिट गइ यामा ।
मानिकचंदप्रभु सदा बिराजो ओइ बसो श्रीगोकुलगाम ॥३॥

स्थायी

×					२		०			३			
नि	—	—	सां	—	सां	सां	नि	सां	—	नि	—	प	—
श्री	—	—	ल	—	क्ष्म	—	न	—	—	गृ	—	ह	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नि	नि	प	म	प	नि	—	सां	नि	—	सां	—	सां	—
म	हा	—	मं	—	—	—	ग	ल	—	भ	—	यो	—
रें	रें	—	रें	—	सां	—	सां	—	—	नि	—	प	—
प्र	ग	—	टे	—	श्री	—	व	—	—	ल्ल	—	भ	—
नि	—	—	प	म	प	म	रे	म	—	प	नि	म	प
पू	—	—	र	—	न	—	का	—	—	म	—	—	—

अन्तरा

×					२		०			३			
रें	—	—	रें	—	रें	—	रें	नि	—	सां	—	सां	—
मा	—	—	ध	—	व	—	मा	—	—	स	—	कृ	—
रें	मं	—	रें	—	सां	—	रें	नि	—	सां	—	सां	—
ष्ण	—	—	प	—	क्ष	—	सु	भ	—	ल	—	ग्न	—
नि	नि	—	सां	—	सां	रें	नि	सां	—	नि	—	प	—
उ	दि	—	त	—	—	—	ए	का	—	द	—	सी	—
नि	—	—	प	—	म	प	नि	—	—	नि	प	म	प
दू	—	—	स	—	रो	—	जा	—	—	म	—	—	—

संचारी

×					२		०			३			
नि	—	—	नि	—	नि	—	सां	सां	—	सां	—	सां	रें
मं	—	—	ग	—	ल	—	क	ल	—	स	—	चो	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नि	सां	—	नि	—	म	प	नि	नि	—	सां	—	—	—
क	—	—	मो	—	—	—	ति	न	—	के	—	—	—
रें	रें	—	सां	—	नि	सां	नि	—	—	प	—	—	—
वि	वि	—	ध	—	वि	चि	—	—	—	त्र	—	—	—
प	नि	—	प	—	प	म	रे	म	—	प	—	—	—
चि	त्र	—	त्र	—	ने	—	धा	—	—	म	—	—	—

"आभोग" अन्तराऽनुसार ।

(सारंग राग के अन्य पदोंकी स्वरलिपि के लिए "संगीतसुबोधिनी" एवं "संगीतकीर्तनपद्धति" ग्रन्थ को देखिये)

चलती

निनि	—नि	सांसां	सांसां	नि—	मप	निनि	सा—
मिटयो	—ति	मिर	दुख	द्वं—	दज	गत	को—
रें—	रेंरें	सां—	निप	निनि	पम	रे—	सां—
भो—	रभ	यो—	मानो	मिट	गइ	या—	म—
मं—	मंमं	रेंरें	सांसां	रेंरें	—सां	रेंनि	सां—
मा—	निक	चंद	प्रभु	सदा	—बि	रा—	जो—
नि—	निनि	सां—	निप	नि—	मप	नि—	सां—
आ—	इब	सो—	श्री—	गो—	कुल	गा—	म—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग मधमाध सारंग

'मधमाध–सारंग' के अन्य नाम मधमाद, मध्यमादि, मधु–माधवी, मध्यमावती भी प्राप्त होते हैं। यह प्राचीन राग है। 'संगीतरत्नाकर' जैसे प्राचीन ग्रन्थ में पं. शार्ंगदेव ने इस राम की व्याख्या में 'मध्यमादिर्म-ग्रहांशा × ×' इत्यादि उल्लेख किया है।

'मध्यमादि' का स्वरूप–ध्यान 'दर्पणकार' ने इस प्रकार कहा है।

"पत्या सहासं परिरभ्य कामं सचुम्बितास्या कमलायताक्षी।
स्वर्णच्छविः कुंकमलिकुंप्तदेहा सा मध्यमादिः कथिता मुनीन्द्रैः ॥

'रागतरंगिणी' ग्रन्थ में कहा हैं कि :—

"बागीश्वरीकानरयोर्योगात् स्याद् मधुमाधवी ॥"

किन्तु मधुमाधवी का थाट या लक्षण का कोई उल्लेख किया नहीं है। 'हृदयकौतुक' ग्रन्थ में 'मेघ' राग का थाट कहा है, तदनुसार इस राग के 'सा रे ग म प नि॒ नि सां' स्वर अर्थात् खमाज थाट होता है।

'पं. व्यंकटमखी' ने मध्यमावती का श्री—मेल में समावेश किया है, किन्तु इस राग का वर्णन किया नहीं है। 'संगीतसारामृत' ग्रन्थ में भी श्री मेल (अपना काफी मेल) कहा गया है।

यह मध्यमादि राग श्री(काफी)मेल से उत्पन्न होता है। गान्धार तथा धैवत स्वर वर्ज्य हैं, जाति औडुव है, जो सायंकाल के समय गाया जाता है।

'सारामृत' के आधार पर ही 'रागलक्षण'कारने स्पष्ट कहा है :—

"अधिकारी खरहरप्रियमेलात् सुनामकः।
आरोहेऽप्यवरोहे च गधवर्जं तथौडुवम् ॥
सा रे म प नि॒ सां। सां नि॒ प म रे सा" [पृष्ठ २८]

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

'पं. अहोवल' ने 'मध्यमादि' का वर्णन निम्न मतलब किया है।

'मध्यमादि' राग में गांधार और धैवत दोनों स्वर वर्ज्य होते हैं, । जाति औडुव है । मध्यम स्वर ग्रह है तथा मध्यग आदि में भी है, अतएव इसका नाम 'मध्यमादि' है । इसमें (भरतादि) मुनीश्वरों ने ऋषभ मध्यम निषाद को अंश स्वर बताया है । उदाहरण :—

म प नि सां, रें मं रें सां, नि सां निप, मप, निप, मपमरे, सा । नि नि प नि सा, मरे, सा, निसा।

[सं. पारिजात, श्लोक–३८०]

पं. 'श्रीनिवास' नें भी 'रागतत्त्वाविबोध' में इसका ही समर्थन किया है :

राजासाहब टागोर कहते हैं कि : "मतांतर की दृष्टि से इस राग को षाड़व जाति का भी माना जाता है । पं. भावभट्ट के मत से तो यह राग औड़व ही है, परंतु प्रचार में षाड़व–रूप का गायन भी दिखाई देता है।" इस मत के सम्बन्ध में पं. भातखण्डे लिखते हैं कि "बंगाल में राग का षाडव प्रकार कदाचित् प्रचार में होना संभवित हैं, किन्तु विवादी स्वर के नाते से रागरक्तिवर्धन के लिये अवरोह में धैवत का प्रयोग व्यवहार में होता होगा । राजासाहेब टागोर ने इस राग का विस्तार निम्न प्रकार किया है ।

निसा, रेम, पनिनि, प, निनिसां, सांनिमप, निसां निप, मपधपमरे, सारे निसां रेप, मरेसा ।"[1]

१ विशेष माहिति के लिए देखिये :– हि. सं. पद्धति–भाग ४]

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

पं. आदितरामजी ने भी 'मधुमाध' रागिनी के वर्णन में कहा है कि :

"निषाद कोमल और बाकीके सब सारंगके सुर हैं. निषाद पर न्यास है. औड़ुव जाति है. निषाद व मध्यम प्रधान सुर हैं। गांधार धैवत वर्ज है, 'मधुमाध' का रूप और वृन्दावनी सारंग का रूप है। ग्रीष्म में वीर व सिंगार से दुपहर को गाई जाय।"

[संगीतादित्य, पृष्ठ ८८ + ९४]

हवेली–संगीत के कुछ कीर्तनसंग्रहों में मधमाध सारंग का उल्लेख दृष्टिपथ होता है, इतना ही नहीं, सारंग राग के अन्तर्गत लिखे हुए कतिपय कीर्तनों की बंदिशों के आधार से भी कहा जा सकता है कि यह राग अष्टछाप–घराने का परम्परागत राग है।

हमारे मतानुसार प्राचीन परम्परा में अवरोह धैवत स्वर के प्रयोग वाले जो पद सारंग राग के शीर्षक में समाविष्ट किये गये हैं वहाँ अधिकतर होली धमार के पदो में दिखाई देते हैं। उनको मधमाद सारंग कहने का रिवाज सम्भवित था अतः बृन्दावनी सारंग के अवरोह में धैवत का प्रयोग कहने से मधमाद सारंग भिन्न हो जाता है वही अष्टछापीय परम्परा का मधमाध सारंग होना सुमुचित है। किन्तु यहाँ व्यवहार में गाये जाने वाला मधमाद सारंग का उदाहरण दिया गया हैं।

सारंग राग का गानसमय सामान्यतः मध्याहन का सर्वसंमत है, जो दिन के तृतीय प्रहर के आरम्भ का समय माना जाता है। परन्तु ग्रीष्म ऋतु मे हवेली–संगीत के नियमानुसार तृतीय प्रहर तक सारंग राग के कुछ प्रकारों का गान किया जाता है। जिस प्रकार "भैरव" राग का ठीक गान-समय अरुणोदय है, किन्तु भैरव एवं इनके अन्य प्रकारों का गानसमय दिन का प्रथम प्रहर माना जाता है उसी प्रकार सारंग राग का समय सभी ऋतुओंमें 'मध्याह्न' ठीक ही है, किन्तु ग्रीष्म ऋतु में उनकी समय मर्यादा तृतीय प्रहर के अन्त तक मानी जायगी। अनएव मधमाध–सारंग को सम्प्रदाय में सायं–सेवा

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प्रणाली के आरम्भ के उत्थापन तथा भोग के दर्शन में अधिकतर गाने की प्रथा सशास्त्रीय कही जायगी।

'संगीतसारामृत' ग्रन्थ में तो 'मधमाध' का समय सायंकाल का कहा है[1] परन्तु उसका अर्थ हमारी दृष्टि से सायंकाल दिन के चतुर्थ प्रहर के अन्त का भाग होने से चतुर्थ प्रहर का समय समझा जाय तो इस राग का समय तृतीय प्रहर के अन्त एवं चतुर्थ प्रहर के आरम्भ-समय तक की मर्यादा ग्रीष्मऋतु के लिए सुसंगत कहना अनुचित नहीं है।

'मध्यमादि-सारंग' की संक्षिप्त माहिती :

१. थाट—काफी से उत्पन्न होने वाला सारंगप्रकार है।

२. गान्धार—धैवत स्वर वर्ज्य है।

३. जाति—औडव—औडव है।

४. वादी—ऋषभ और संवादी पंचम है।

५. गान-समय दुपहर का माना जाता है।

६. पूर्वांग में 'प री' और उत्तरांग में 'नि प' संगति रागबोधक है।

७. आरोहावरोहस्वरूप :— निसा, रे, मप, निसां। सां, नि पमरे, सा

८. पकड़ स्वर :— निप, मपरे, सा, निसा, रे, मप।

९, स्वरविस्तार :—

(अ) निसा, रे, मरे, पमरे, निसारेम, पनिपमरे, सा।

(ब) निसारे, पमरे, नि नि प, मप, रे परे, निसा।

(क) सा, निसा, पनि, प नि सा, निसारे, स, प, रे, निसा।

---

१. गधलोपादौडुबोऽयं सायंकाले। [पृष्ठ १२]

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(ड) मप, नि निप, निमप, सां, निप, मप, निपमरे, निसारे,

मपनिनिपमरे, पमरे, परे, मरे, सा ।

(ढ) मपनि, सां, निसां, निसांरें, मंरें, पंरें, सां, निप, मरे परे, सा ॥

[उदाहरण–१ जमुनातट खसखाने की रावटी का निम्न पद जो राजभोग अथवा भोगसमय के दर्शन में गाया जाता है]

स्थायी– जमुनातट नवनिकुंज द्रुमदल नव पोहोपपुंज,
तहाँ रची नागरवर रावटी उसीरकी ।
अन्तरा– कुंकुम घनसार घोर पंकजदल बोर बोर,
चरचित चहुँ ओर अवनी पंकज पाटीरकी ॥१॥
संचारी– सोभित तन गौर स्याम, सुखद सहज कुंज धाम,
परसत सीतल सुगंध, मंद गति समीरकी ।
आभोग– 'नंददास' पिय प्यारी निरखि सखी ललिता ओर,
स्रवनन धुनि सुनि किंकिनी मंजीरकी ॥२॥

उपर्युक्त पद की स्वरलिपि

राग–मधमाध सारंग

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
प नि	नि	प	–	म	प	नि	प	प	म	रे	सा
ज	मु	ना	–	त	ट	न	व	नि	कुं	–	ज
नि	सा	रे	रे	म	प	नि	प	म	रे	–	सा
द्रु	म	द	ल	न	व	पो	हो	प	पुं	–	ज

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

					म				प		
नि	प	निसा	रे	रे	म	प	प	प	नि	—	प
त	हाँ	——	र	ची	—	ना	ग	र	व	—	र
सां	—	सां	नि	—	प	प	म	रे	म	प	मप
श	—	ब	टी	—	उ	सी	—	र	की	—	——

अन्तरा

×		०		२		०		३		४	
म	—	प	प	नि	प	सां	—	सां	सां	—	सां
कुं	—	कु	म	घ	न	सा	—	र	घो	—	र
सां/नि	सां	रें	रें	सां	सां	रें	सां	सां	नि	—	प
पं	—	क	ज	द	ल	बो	—	र	बो	—	र
म	प	नि	सां	रें	रें	रें/मं	रें	रें	सां	नि	प
च	र	चि	त	च	हुँ	ओ	—	र	अ	व	नी
सां	—	नि	प	—	प	नि	प	म	रे	म	प
पं	—	क	ज	—	पा	टी	—	र	की	—	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×		०		२		०		३		४	
म	—	म :	प	प	प	नि	—	प	प	—	प
सो	—	भि	त	त	न	गौ	—	र	स्या	—	म
प रे	रे	म	प	नि	प	रे	—	रे	सा	—	सा
सु	ख	द	स	ह	ज	कुं	—	ज	धा	—	म
नि	प	सांनि	रे	—	प	रे	म	प	निध	नि	प
प	र	स	त	—	सी	त	ल	सु	गं—	—	ध
म	रे	रे	प	म	नि	प	—	रे	सा	—	—
मं	—	द	ग	ति	स	मी	—	र	की	—	—

'आभोग' अन्तरानुसार ।

राग मधमाध सारंग—ताल चर्चरी (झपतालअंग)

[निम्न पद का प्रायः भोग के दर्शन में गान किया जाता है]

एसी घूपन में कहाँ चली कामिनी,
कमलसी कुमलानी चरन लुभानी ।
हौं तो आई फूल बिनन, सखियनकी सुध लेन,
हौं जु भई प्यासी, नेक प्याओ पानी ॥१॥
पानी तोकों प्याय देहों, सखिकों मिलाय देहों,
आछे नेक बेठो कदंब छैया सुखदानी ।
'सूरदास मदनमोहन' आये अचानक,
रीझ-रीझ रहे दोऊ कंठ लपटानी ॥२॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्थायी

×		२			०		३		
(प)नि	(प)नि	प	म	प	(म)रे	रे	सा	—	रे
झू	—	सी	—	धू	प	न	में	—	क
(सा)नि	सा	(म)रे	रे	प	रे	—	रे	सा	—
हाँ	—	च	ली	—	का	—	मि	नी	—
नि	सा	रे	म	—	प	प	नि	—	प
क	म	ल	सी	—	कु	म	ला	—	नी
सां	सां	रें	—	सां	(प)नि	(प)नि	पम	रे	मप
च	र	न	—	लु	भा	—	नी—	—	—

अन्तरा

×		२			०		३		
म	म	प	निप	नि	सां	सां	सां	सां	सां
हों	तो	आ	—	ई	फू	ल	बि	न	न
नि	सां	रें	मं	रें	सां	सां	(प)नि	—	प
स	खि	य	न	की	सु	ध	ले	—	न

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

म	प	रें	रें	रें	सां	—	सां	नि	प
हों	—	जु	—	भ	ई	—	प्या	—	सी
म	प	सां	—	सां	^प^नि	^प^नि	पम	रे	मप
ने	क	प्या	—	ओ	पा	—	नी	—	—

संचारी

×		२			०		३		
म	रे	म	प	प	^प^नि	प	प	—	प
पा	नी	तो	—	कों	प्या	य	दे	—	हों
म	प	रे	—	म	रे	रे	सा	—	सा
स	खि	कों	—	मि	ला	य	दे	—	हां
नि	सा	रे	रे	सा	नि	प	सा	रे	सा
आ	छे	ने	क	बे	ठो	—	क	दं	ब
म	प	नि	प	प	रे	—	सा	—	—
छै	—	यां	सु	ख	दा	—	नी	—	—

'आभोग' अन्तरानुसार।

राग मधमाध सारंग—ताल चौताल

सूर आयो सिर पर छाया आई पायन तर
पंछी सब झूक रहे देख छांह गहिरी ।
धंधीजन धंध छांड रहरी धूपके लिये,
पशुपंछी जीवजंतु चीरियां चूप रहिरी ॥२॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

व्रज के सुकुमार लोग देदे किंवार सोये,
उपवन की व्यार तामें पोढे पिय हे प्यारी।
सूर अलबेली चलि काहे कों डरात हे
माहकी मधरात जेसे जेठकी दुपहरी ॥२॥

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
सां	नि	प	म	प	प	रे	रे	—	सा	—	सा
सू	—	र	आ	—	यो	सि	र	—	प	—	र
नि	सा	सा	रे	—	प	प	म	रे	रे	सा	सा
छा	—	या	आ	—	ई	पा	य	न	त	—	र
सा	—	रे	म	प	प	नि	प	म	रे	म	प
पं	—	छी	—	स	ब	झू	क	—	र	—	हे
सां	रें	सां	नि	—	प	नि	प	म	रे	म	प
दे	—	ख	छाँ	—	ह	ग	हि	—	री	—	—

अंतरा

×		०		२		०		३		४	
म	—	म	प	नि	प	नि	सां	सां	सां	—	सां
धं	—	धी	ज	—	न	धं	—	ध	छां	—	ड
नि	सां	—	रें	मं	रें	सां	सां	सां	नि	—	प
र	हि	—	री	—	धू	प	न	के	लि	—	ये

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

म	प	—	नि	—	प	रे	—	रे	म	प	प
प	शु	—	पं	—	छी	जी	—	व	जं	—	तु
रें	रें	सां	नि	प	प	नि	प	म	रे	म	प
ची	रि	यां	—	चू	प	र	हि	—	री	—	—

संचारी

×		०		२		०		३		४	
म	म	प	—	म	प	रे	—	रे	म	रे	सा
व्र	ज	के	—	सु	कु	मा	—	र	लो	—	ग
										सा	सा
रे	—	सा	नि	सा	रे	म	रे	सा	नि	—	प
दे	—	—	दे	—	किं	बा	—	र	सो	—	ये
सा	सा	रे	रे	प	प	रे	—	रे	म	प	प
उ	प	ब	न	की	—	ब्या	—	र	ता	—	में
नि	—	प	म	प	प	रे	—	—	सा	—	सा
पो	—	ढे	पि	—	य	हे	—	—	प्या	—	री

"आभोग" अन्तरानुसार।

राग मधमाध सारंग—ताल चौताल

अपने अपने घरके किंवार देके,

सोय रहे एसे समें आली क्यों न रहिरी ॥

सूर आयो सिर पर छाया आई पायन तर

बाटके बटाउ घूप देखिके झूकेरी ॥१॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
प	म	रे	सा	रे	सा	नि	सा	—	सा	—	सा
अ	प	ने	अ	प	ने	ध	र	—	के	—	कि
सा	—	सा	रे	—	रे	व	—	म	प	म	सा
वा	—	र	दे	—	के	सो	—	य	र	—	हे
रे	—	सा	नि	सा	रे	म	रे	म	प	—	नि
ए	—	—	से	—	स	में	—	—	आ	—	ली
सां	—	—	नि	—	प	प	म	रे	म	प	नि
क्यों	—	—	न	—	र	हि	—	—	री	—	—

अन्तरा

×		०		२		०		३		४	
म	—	म	म	—	म	प	—	नि	सां	—	सां
छू	—	र	आ	—	यो	सि	—	र	प	—	र
सां	सां	—	रें	—	रेंमं	रें	सां	सां	सां	नि	प
छा	या	—	आ	—	ई—	पा	य	न	त	—	र
म	—	म	रे	म	म	म	प	प	नि	म	प
वा	—	ट	के	—	ब	टा	—	उ	धू	—	प
सां	—	सां	नि	—	प	प	म	रे	म	प	नि
दे	—	खि	कें	—	झू	के	—	—	री	—	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग सामंत सारंग

इस राग को कोई सामन्त, सामत, सावन्त तथा सावंत सारंग भी कहते हैं। ग्रन्थों में अधिकतर 'सांमंत' नाम से उल्लेख प्राप्त होते हैं। 'संगीतरत्नाकर' में इस राग का उल्लेख नहीं हे, किन्तु तत्पश्चात् के उत्तरीय एवं दाक्षिणात्य ग्रन्थों में इस राग के विधान दृष्टिगत होते हैं। उत्तरीय पद्धति में प्रथम पं. लोचन के 'रागतरंगिणी' ग्रन्थ में इस राग का उल्लेख प्राप्त होता है। उन्होंने वृन्दावनी, बडहंस और सामंत को सारंग के ही प्रकार माने हैं।

पं. लोंचन के सारंग संस्थान(मेंल) के स्वर अपनी आधुनिक पद्धति में "सा रे म मं प नि नि सां" इस प्रकार होते हैं।

पं. हृदयनारायण देव नें सामंत को औडुव जाति का सारंग मेल का राग कहा है। ३

'रागतरंगिणी' में वताये हुए सारंग संस्थान के गान्धार व धैवत यानि अपने शुद्ध मध्यम और कोमल निषाद स्वर 'हृदयकौतुक' और 'हृदयप्रकाश' ग्रन्थ में वर्जित किये हुए हैं। अतः उनके मतानुसार "सा रे मं प नि" स्वर होते हैं। ४ किन्तु इन स्वरों में 'नूर-सारंग' जैसा कुछ रूप प्रगट होता है।

---

१. सारंगस्वरसंस्थाने प्रथमा परमंजरी।
वृन्दावनी तथा ज्ञेया सामन्तो बडहंसकः॥

२. एवं सति च गान्धारः शुद्धमध्यमतां व्रजेत्।
धश्चशुद्धनिषादः स्यात् सारंगो जायते तदा॥

३. सामन्तो हि तदौडुवः।

४. हिं०सं० प० भा० ४ [मराठी-पृ. ४३३]

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

उपर्युक्त स्वरो मे से 'इमन' के म नि स्वर हटा कर उन्होंने सामन्त का निम्न प्रकार कहा हैं ।

"मनित्यागादौडुवेषु सामन्तः सादिरिष्यते ।

सारेगपधसां धपगरिसा"

अर्थात् आधुनिक सा री म प नि सां । सारंग राग के ही स्वर बताये गये हैं । ५

पं. अहोबला नें सामन्त का रुप इस प्रकार कहा है : १

रिस्तु तीव्रतरः प्रोक्तस्तीव्रगान्धारशोभिते ।

सामन्तसंज्ञके रागे न्यासोद्ग्रहांशषड्जके ॥४५१॥

अर्थात् सामन्त नामक राग में तीव्रतर ऋषभ कहा है और तीव्र-गान्धार द्वारा यह शोभित होता है (एक ही स्वर के दोनों नाम) तथा ग्रह न्यास अंश तीनों षड्ज पर ही (संवादी पंचम) हैं । इति सामन्तः । तृतीयप्रहरोत्तरम् ।

अहोबल के स्वर "सा ग ग म प ध नि सां । होते हैं अहोबल में सामन्त स्वतन्त्र रूप में माना है । हृदय पंडित ने भी मात्र "सामन्त" संज्ञा दी है, परन्तु उन्होंने सारंग मेल कहकर सारंग प्रकारजन्य माना है । आज समाज में भी सामन्त-सारंग' नाम सर्वत्र प्रसिद्ध है । पं. श्रीनिवास नें भी अहोबल के अनुसार ही सामन्त का विधान क्या हैं ।

सामन्त के स्वरूप के उपर्युक्त ग्रन्थोक्त विधानों में एकवाक्यता दिखाई नहीं देती ।

पं. भातखंन्डेजी नें इस राग के विषय में संख्यावधि ग्रन्थमतो का विवेचन किया हैं, तथापि प्रचार के स्वरूप को पूर्वोक्त किसी भी

---

५. " " [मराठी—पृ. ४३४]

१, संगीत पारिजात (हिंदी हाथरस—प्रकाशन—पृ. १७९)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ग्रन्थ का समर्थन प्राप्त न होने पर 'लक्ष्यसंगीत' के आधार पर निम्न प्रकार अपना मत प्रदर्शित किया है ।२

सामंत सारंग में मल्लाइ व सारंग ये दोनों रागों का मिश्रण है । इस राग में निदान गांधार स्वर का अभाव है किन्तु धैवत संबंधी मतभेद हैं । किन्तु मैंने जो प्रकार सीखा है उसमें धैवत अवश्य है । जो अवरोह में 'निधप' इस प्रकार लेने का गुरुनें कहा हैं । कोई–कोई गायकों के गायन में धैवत का 'धनिप' इस प्रकार प्रयोग भी करते हैं ।

अवरोह में एवं उत्तरांग में धैवत दुर्बल होते हुए भी इनके संयोग से राग–भिन्नता के साथ सारंग की छाया नष्ट होनी न चाहिए, इस प्रकार धैवत का प्रयोग होना चाहिए ।"

उपर्युक्त चर्चा के सारांश में यह कहा जा सकता है कि वैष्णव मन्दिरों की अपेक्षा राज्याश्रित गायक–वादकों में इस राग का प्रचार बहुत कम होगा । अप्रचलित रागों में इस राग की गणना होती रही है । पं. भातखण्डेजी नें भी अपने गुरु से सीखी हुई चीज के आधार पर इस राग का रूप प्रगट किया है । उनकी क्रमिक ७ वीं पुस्तक में सामन्त सारंग की केवल एक ही चीज दी गई है अतः इस राग का समाज में प्रचार और प्रसार मर्यादित रूप में दिखाई देता है ।

परन्तु पुष्टि. वैष्णव–मन्दिरों में इस राग की परम्परा अष्टछाप के समय से चालू रही हैं । इस राग के पद प्रायः अष्टछाप के गायकों में से सूर गोविन्दस्वामी कृष्णदास और छीतस्वामी के प्राप्त होते हैं । जो अष्टछापकी स्थापना के बाद उन्हों ने अपने उत्तर जीवन में श्रीजी को यह राग निवेदित किया हुआ माना जायगा । पश्चात् तानसेन चतुरबिहारी और व्रजपतिजी आदि महानुभावों ने इस राग में अनेक पद गाये

२. हिं. सं. प. भा–४ मराठी पृष्ठ–४४३,४४४

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

हुए दिखाई देते हैं, जो आज पर्यंत वसंत और ग्रीष्म ऋतु में मंदिरों (हवेलीओं) में गाने की प्रथा चालु है। होरी-खेल के दिनों में इस राग की बहुत कुछ धमारें गाई जाती हैं। जिनसें संगीताचार्य गोविन्दस्वामी के "प्यारी तें मोहन को मन हर्यो। तथा छीतस्वामी की 'सुरंगी होरी खेलें सांवरो' यह धमार सुप्रसिद्ध हैं।

वसंत ऋतु के अतिरिक्त ग्रीष्म ऋतु में गाये जाने वाले खसखाने के तथा दुपहरी के पदों में यह राग के पद प्राप्त होते है इन पदों में से उदाहरण के लिये[1] 'अनत न जैये अहोपिय' यह कीर्तन की स्वर-लिपि विवरण सहित यहां दे जा रही है।

यह राग काफी थाट से उत्पन्न होता हैं। वादी स्वर ऋषभ और संबादी पंचम है। गांधार स्वर वर्ज्य है। केवल अवरोह में मध्यम से ऋषभ की मींड में इनका आभास होता हैं। सोरठ और सारंग का मिलाप से यह राग में दिखाई देता है। धैवत-स्वर का अवरोह में नि ध प, ध नि प, इस प्रकार प्रयोग किया जाता हैं।

आरोहावरोह :—सा, रे, मप, निसां। रेंसां निप, मप नि धप, मरे, सा।

स्वविस्तार :—(१) सा, ऩिसा, रेमप, निधप मप, निप, मनिधप, मरे, पमरे, रेसा।

(२) सा, रेमप, धप, निधप, मनिधप, मरे, सा, निपधप, मरे, पमरे, सा.

---

१. इस पद को आजकल कोई गौड-सारंग में गाते हैं, किन्तु गौड-सारंग के पद-रचना में 'धन', 'दामिनि' या 'मेह' शब्द प्रयोग अनिवार्य और आवश्यक रूप में माना जाता है। अतः यह सामंत सारंग का ही पद हैं देखिए संगीत कीर्तन मंजरी पृ. ८२

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(३) सारे, मपनिसां, रेंसां, निधप, मपधपमरे, निधपमरे, धपमरे, पमरे, मरे, रेसा.

(४) मप, नि, सां निसां, रें रें, सां, निप, मपनिधम, मप, मरे, मपमरे, सा ।

खसखाने का पद.

अनत न जैये अहो पिय, रहिए मेरेही महल ।
जोई जोई कहोगे, सोई सोई करुंगी टहल ॥१॥
सख्या सामग्री बसन आभूषण, सबबिधि कर रारवोंगी पहल ।
चतुर विहारी गिरिधारी पियाकी, रावरी यही सहल ॥२॥

राग—सामंत—सारंग ताल—आडाचौताला मात्रा—१४

										प	म	रे	नि	सा
										अ	न	त	—	न
×		२		०		३		०		४		०		
म	—	रे	—	सा	—	म	—	रे	—	प	—	प	—	
जै	—	ये	—	—	—	अ	—	हो	—	पि	—	य	—	
म	नि	ध	—	प	—	म	—	प	—	नि	—	सां	—	
र	हि	ये	—	—	—	मे	—	रे	—	ही	—	म	—	
नि	सां	रें	नि	ध	प	म	रे	—	धनि	प	म	रे	सा	
ह	—	—	—	ल	—	—	—	—	अ—	न	त	—	न	

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अंतरा

×		२		०		३		०		४		०			
म	—	प	—	म	प	नि	—	—	—	सां	—	सां	निसां		
जो	—	ई	—	—	—	जो	—	—	—	ई	—	क	—		
रें	—	नि	—	सां	—	नि	सां	रें	—	मं	—	रें	—		
हो	—	गे	—	—	—	सो	—	ई	—	सो	—	ई	—		
रें	—	सां	—	—	—	नि	—	ध	—	म	प	नि	सां		
क	—	रू	—	—	—	गी	—	—	—	—	—	ट	—		
रें	सां	रें	नि	ध	प	म	रें	—	धनि	प	म	रे	सा		
ह	—	—	—	ल	—	—	—	—	अ—	न	त	—	न		

संचारी

×		२		०		३		०		४		०			
म	—	म	—	म	—	प	—	—	—	नि	—	म	प		
स	—	ख्या	—	सा	—	म	—	—	—	ग्री	—	—	—		
म	प	नि	—	नि	—	सां	—	सां	—	सां	नि	म	प		
व	स	न	—	आ	—	भू	—	ख	—	न	—	स	ब		
ध	—	ध	—	नि	—	प	—	प	—	म	—	रे	—		
वि	—	धि	—	क	—	र	—	रा	—	खों	—	गी	—		
रे म	—	म	—	—	—	रे	—	—	—	सा	—	—	—		
प	—	ह	—	—	—	—	—	—	—	ल	—	—	—		

आभोग

×		२		०		३		०		४		०	
म	प	नि	–	–	नि	सां	–	सां	–	रें	–	रें	–
च	तु	र	–	वि	–	हा	–	री	–	गि	–	रि	–
नि	सां	रें	–	मं	–	रें	–	सां	–	रें	नि	सां	–
धा	–	री	–	पि	–	या	–	–	–	जु	–	का	–
नि	–	ध	नि	ध	प	म	–	प	–	नि	–	सां	–
रा	–	व	–	री	–	य	–	ही	–	–	–	स	–
रें	सां	रें	नि	ध	प	म	रे	–	धनि	प	म	रे	सा
ह	–	–	–	ल	–	–	–	–	अ–	न	त	–	न

राग गौड–सारंग

ग्रन्थों में इस राग का शंकराभरण थाट में समावेश किया हुआ दिखाई देता हैं। इस राग के उत्तरांग में कुछ बिलावल की छाया होने की शक्यता से यह मान्यता को विसंगत कहना ठीक नहीं है। शंकराभरण यानि बिलावल थाट से उत्पन्न होने वाले रागों का गान–समय दिन का प्रथम प्रहर ही उचित और शास्त्रोक्त है, तथापि गौड–सारंग गाने का समय मध्याह्न ही माना गया है। यह कृत्य केवल अपवाद ही कहा जायेगा।

इस रागमें निषाद स्वर का गौणत्व है, तथापि कुछ पंडित लोग

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(निषाद वर्जित) षाडव जाति भी मानते हैं । पुष्टिसम्प्रदाय के पं. आदित्यरामजी ने गौडसारंग के विवेचन में षाडव-भेद बताया है तदुपरान्त निषाद मिलाकर संपूर्ण जाति के प्रचार की मान्यता का स्वीकार भी किया है । * शास्त्र में इस राग को सम्पूर्ण कहा है× तथा मेघ- मल्हार और गौड-सारंग की उत्पत्ति का थाट एक ही माना गया है। + पुष्टिसम्प्रदाय की सेवाप्रणाली में 'गौड-सारंग' राग के पदों को ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा से (राजभोग के समय) रथयात्रा (आषाढ शुक्ल २) तक ही गाने की प्रथा आज भी प्रचलित हैं । रथयात्रा से वर्षाऋतु का प्रारम्भ माना गया है और उसी रोज से मल्हार और मल्हार के प्रकारों में पदगान किये जाते हैं । अतः अष्टछाप-घराने के मतानुसार 'गौड-सारंग' राग को वर्षाऋतु के आगमन का संधि-वाचक राग कहा जायगा ।

---

* संगीतसाहित्य. पृष्ठ ८८ इस प्रकार उल्लेख प्राप्त होता है । षाडव भेद है । निषाद नाद है । शुद्ध म व तीव्र म ऐसे दो म कहे हैं । शुद्ध मध्यम पें ठहरना और मूर्छना लगाना वो दुरस्त है. और दूसरे सव शुद्ध स्वर है । गांधारसे मध्यम पहुंच कर पंचम तक मींड की राह से जाना वो खूबी देता है । निषाद मिला के संपूरन भी मानते हैं ।

× 'मादिर्गवांशः संपूर्णः गौडसारंग उच्यते । भावार्थ-गौड-सारंग सम्पूर्ण है और गान्धार अथवा प अंश है' । [हृदय-प्रकाश]

\+ मेघरागस्य संस्थाने मेघो मल्लार एव च ।
गौडसारंगनाटौच रागो बेलावली तथा ॥

[रागतरंगिणी]

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

इस राग में किंचित् कल्याण का स्वरूप दिखाई देता है तथापि तीव्र मध्यम पर राग का कोई अपलम्वन नहीं है, किन्तु पं. भारतखण्डेजी नें मध्यम वाले हमीर और केदार राग के माफिक इस राग का भी कल्याण थाट में समावेश किया है।

इस राग में दो मध्यम का प्रयोग होता है, तीव मध्यम केवल पंचम की संगति से ही लिया जाता हैं। यदि तीव्र मध्यम वर्ज्य किया जाय तो भी इस राग का स्वरूप पहिचानने में कोई बाधा नहीं होती, परन्तु मपधमप, मग, रेगरेमग, प, रेसा। इस प्रकार तीव मध्यम का प्रयोग करने से राग का वैचित्र्य बढता है।

गौड-सारंग का संक्षिप्त विवरण

१. यह राग कल्याण थाट से उत्पन्न होता है।

२. स्वर-दोनों मध्यम वादी के सब शुद्ध स्वर।

३. जाति-सम्पूर्ण-सम्पूर्ण।

३. वादी-गान्धार, संवादी धैवत स्वर।

५. हमीर और केदार के माफिक गान्धार व निषाद स्वर का वक्रत्व है। चलान भी वक्र है।

६. गा-समय दुपहर का सर्वसम्भत है।

७. तीव मध्यम का प्रयोग आरोह में क्षम्य है।

८. पकड स्वर-सा, गरेमग, परेसा.

९. आरोहावरोह स्वरूप-

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सा, गरेमग पमंधप निधसां ।

सांधनिप, धमंपग, मरे, प, रेसा.

राग गौड–सारग, ताल–चौताल

भलेई मेरे आये हो पिय, टीक दुपहर की बिरियाँ ।
सुभ दिन सुभ नच्छत्र, सुभ मुहूरत, सुभ पल छिन सुभ घरियाँ ॥१॥

भयो है आनंद फंद मिटयो बिरहदुःखद्वंद, चंदन घसि अंग लेपान, ओर पाँयन परियाँ । 'तानसेन' के प्रभु मया कीनी मो पर, सूकी वेल कीनी हरियाँ ॥२॥

स्थायी

						प	रे	सा	रे	सा	गरे
						भ	ले	ई	मे	–	रे–
×		०		२		०		३		४	
गम	ग	–	गरे	म	ग	प	–	रे	सा	रे	सा
आ	–	–	ये–	–	–	हो	–	–	पि	–	य
सा	–	मग	प	–	प	ध	प	मं	प	धनि	सां
टी	–	––	क	–	दु	प	ह	–	र	की–	–
ध	प	म	गरे	म	ग,	प	रे	सा	रे	सा	गरे
बि	रि	–	यां–	–	–,	भ	ले	ई	मे	–	रे–

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

अन्तरा

×		०		२		०		३		४	
प	व	—	सां	—	सां	सां	सां	रें	सां	—	सां
सु	भ	—	दि	—	न	सु	भ	न	च्छ	—	त्र
नि											
सां	—	प	सां	—	रें	सां	नि	ध	प	म	ग
सु	—	—	भ	—	सु	हू	—	—	र	—	त
प	—	प	ध	मं	प	सां	रें	सां	ध	धनि	ब
सु	—	भ	प	—	ल	छि	न	—	सु	—	म
ध	प	म	गरे	म	ग	—	प	रे	सारे	सा	गरे
घ	रि	—	यां	—	—	—	भ	ले	ई—	मे	रे—

संचारी

×		०		२		०		३		४	
म	ग	रे	म	ग	प	प	—	ध	प	—	प
भ	यो	—	हे	—	आ	नं	—	द	कं	—	द
ग						प					
म	ग	प	पमं	ध	प	सां	प	म	गरे	म	ग
मि	टचो	—	वि—	र	ह	दुः	ख	—	द्वं—	—	द
प	मंप	ध	प	म	ग	म	—	रे	सा	रे	सा
चं	द	न	व	—	सि	अं	—	ग	ले	प	न

सा	–	ग	रे	म	ग	प	रे	–	सा	सा	–
ओ	–	र	पाँ	य	न	–	प	–	रि	याँ	–

आभोग

×		०		२		०		३		४	
प	–	प	सां	–	सां	सां	–	–	रें	सां	–
ता	–	न	से	–	न	के	–	–	प्र	भु	–
सां	प	–	सां	गं	रें	मं	गं	पं	रें	–	सां
तु	म	–	ब	–	हु	ना	–	–	य–	–	क
प	–	–	सां	–	रें	सां	–	–	ध	धनि	प
सू	–	–	की	–	बे	ल	–	–	की	–	नी
ध	प	म	गरे	म	ग,	प	रे	सा	रे	सा	सा
ह	रि	–	याँ	–	–,	भ	ले	ई	मे	–	रे

राग गौड–सारंग–ताल धमार

हों नहिं जान्यो री माई बहु नायक को नेह ।
मास असाढकी घटा घुमड आई, रिमझिम बरखत मेह ॥१॥
काहु त्रियन संग नेह जोरि के, काहुके आवत उठि गेह ।
'धोंधी'के प्रभु रसबस फर लीने, बडभागिन जुवती ऐह ॥२॥

स्थायी

ग			
म	रे	सारे	सा
में	–	न–	हिं

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

×					२		०			३			
म ग	रे	म	ग	—	प	ध प	रे	—	सा	सा	गरे	म	ग
जा	—	—	न्यो	—	री	—	मा	—	ई	ब	हु—	ना	—
प	प	—	निध	सां	धप	मंप	गम	—	ग,	ग म	रे	सारे	सा
य	क	—	को—	—	ने—	——	——	—	ह,	हों	—	नी—	के

अन्तरा

×					२		०			३			
प	प	सां	सां	—	रें	सां	सां	ध	प	म	गरे	म	ग
मा	स	अ	सा	—	ढ	की	घ	टा	घु	म	ड—	आ	ई
सासा	म	ग	प	पमं	ध	प	गरे	म	ग,	ग म	रे	सारे	सा
रिम	झि	म	ब	र	ख	त	मे—	—	ह,	हों	—	नी—	के

संचारी

×					२		०			३			
म	म	मग	प	प	प	प	ध	प	मंप	मप	मंप	म	ग
का	हु	त्रि—	य	न	सं	ग	ने	ह	जो—	——	रि—	कें	—
ग म	रे	सा	रे	सा	म	ग	प	रे	—	सा	रे	सा	—
का	हु	के	आ	—	व	त	उ	ठि	—	गे	—	ह	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

आभोग

×					२		०	गं		३			
प	प	सां	सां	सां	रें	सां	गंरें	मं	रें	सां	धप	म	प
धौं	धी	के	प्र	भु	र	स	बस	क	र,	ली	ने–	ब	ड
धप	म	ग	प	पम	ध	प	रे	–	सा,	ग म	रे	सारे	सा
भा–	गि	न	जु	व–	ती	–	ते	–	ह	हौं	–	न–	हिं

राग नूर-सारंग

भारतीय संगीत के घरानों में इस राग की परम्परा केवल अष्टछाप-(हवेली) संगीत के घराने में ही अविच्छिन्न रूप में दिखाई देती है। जोकि नूर-सारंग में गाये जाने वाले पद सम्प्रदाय के पदों की पुरानी पोथियों में 'सारंग' शीर्षक के अन्तर्गत्त ही पाये जाते हैं। परन्तु नूर-सारंग ही नहीं, सारंग के अन्य परम्परागत सभी प्रकार केवल 'सारंग' शीर्षक में ही प्राप्त होते हैं, तथापि पश्चात् लिखे हुए लगभग से सवासो वर्षों के कुछ संग्रहों में 'मधमाध', 'सावन्त,' गौडसारंग, और 'नूरसारंग' के उल्लेख दृष्टिगत होते हैं। नूर को कोई लहर सारंग भी कहते हैं। नूर-सारंग का स्वरूप समझने के लिये प्रथम प्रचलित 'शुद्ध सारंग' के रूप को देखना आवश्यक है। पं. भातिखण्डेजी ने 'नूर-सारंग' के विषय में किया हुआ उल्लेख और स्वर-स्वरूप के लिये देखिये (हिं. सं. प. पृ. ४०६-८)।

पं. भातखण्डेजी ने अपने समय के मुस्लिम घरानों के गायक लोगों की प्रचारदृष्टि के आधार पर निर्णय किया हुआ मालूम होता है। पं. भातखण्डेजी ने शुद्ध सारंग के सम्बन्ध में जो शास्त्रीय उल्लेख किया है,

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

उसमें 'सारंग, सारंगताट, सारंगी' नामादि प्राप्त होते हैं । किन्तु ग्रन्थों में, शुद्ध-सारंग' राग नाम दिखाई देता नहीं है । अतः शुद्ध-सारंग नाम एवं उसका स्वरूप तथा 'नूर-सारंग' के स्वरादि का जो विवरण किया है, वह उनके समय के गायकों से सुने हुए और कहे हुए वर्णन पर निर्धारित दिखाई देता है, किन्तु हवेली-संगीत की परम्परानुसार के नूर-सारंग का विचरण निम्न-प्रकार है :—

नूर-सारंग में मन्द्र और मध्य सप्तक का ही विस्तार होता है । कोमल निषाद और कोमल गान्धार का प्रयोग अवरोह में ही होता हैं। तथा शुद्ध गान्धार का प्रयोग अवरोह में मींड के स्वरूप में किया जाता है। आरोह में क्वचित् तीव्र मध्यम का विवादी के नाम से प्रयोग किया जा सकता हैं । इस प्रकार हमारे नूर-सारंग का स्वरूप आधुनिक अन्य गायकों की मान्यता से स्वतन्त्र है, यही नहीं, एक महत्त्व की विशिष्टता यह है कि यह राग 'मध्यम-ग्राम' से भी गाया जाता है ।

थाट काफी वारी–रे संवादी–पंचम रूप

आरोह—ऩिसा, रे, मप, निप, निसां ।

अवरोह—सां, निप, मगरे, गरे, ऩिसारे ।

---

१. मध्यम स्वर को षड्ज मानने पर सात स्वर क्रमानुसार ४–७–११ १३–१७–२० और २२ श्रुति पर स्थित होंगे । इस प्रकार रे और ग में चार श्रुति का अन्तर है, जो तीव्र गान्धार का तथा ध और नि में दो श्रुति का है जो कोमल निषाद का सूचक है । अतः प्राचीन मध्यम ग्राम लगभग खमाज थाट के समान माना जायगा । इस राग में भी कोमल निषाद और तीव गान्धार का उपयोग किया जाता है । अतः उठाव की दृष्टि से 'मध्यम ग्राम' समुचित कहा जायगा । अधिक विवरण 'ग्राम' की चर्चा में देखिए ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

पकड-स्वरुव—

सा, रेसा, ऩिप़, म़प़, ऩिसा, रे, ग॒रे, मगरे, सारे, ऩिसारे,

उदाहरणार्थ—परमानन्ददासजी का निम्न पद स्वरलिपिसहित निम्न प्रकार दिया गया है ।

राग नूर–सारंग–ताल तीनताल, मात्रा–८

चलों सखी कुंज गोपाल ।
जहां तेरी सौंह मदनमोहन पे चलि ले जाऊं तहां ॥१॥
नीले कमल मंद मलयानिल तरु कदंबकी छांह ।
तहां निवास कियो नंदनंदन चित तेरे तन मांह ॥२॥

स्थायी

सा | ऩि सा | रे सा | नि॒ — | म़ प़ | ऩि सा | रे सा
च | लो — | स खी | कुं — | ज गो | पा — | ल ज

× | २ ० | ३ × | २ ० | ३
म रे
रे — | — ऩिसा — | — — | — मरे — | मप — | — —
हाँ — | — — | — — | — — | ते — | —री सों — | — ह

अन्तरा

× २ ० ३ × २ ० ३

म म | प नि॒ | प म | म गा | रे रेग॒ | रे सा | ऩि सा | रे सा
म द | न मो | ह न | पे — | — चलि | ले — | जा — | ऊं त

म रे सा
रे — | — मरे सा | ऩि सा | — नि॒ | म़ प़ | ऩि सा | रे सा
हां — | — चलो — | स खी | — कुं | ज गो | पा — | ल ज

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×	२	०	३	×	२	०	३
नि —	सा —	रे सा	नि पं	मं पं	नि नि	सा निसा	रे रे
नी —	— ले	— क	म ल	मं —	द म	ल या	— — नि ल
— रेग	रे सा	नि सा	रे सा	रे —	— नि	सा —	— —
— त	— रु	क द	व क्री	— छां	— —	— —	— — ह

आभोग

×	२	०	३	×	२	०	३
म रे	म प	— प	नि नि	सां —	नि प	मप निप	मग रे
त हां	— नि	वा —	स क्रि	यो —	नं द	नं —	द न
— रेग	रे सा	नि सा	रे सा	रे(म) —	सा रेम	रे सा	नि सा
— चित	ति —	रे —	त न	मां —	ह च	— लो	— स खी

राग-नूर—सारंग ताल त्रिताल

आजु दधि कंचन मोल लई ।
जा दधिकों सनकादिक इच्छत सो ग्वालन बांटि दई ॥१॥
दधिके पलटें दुलरी दीनी जसुमति खबर भई ।
'सूरदास'प्रभु कुंवर लाडिलो, बरवट प्रीति नई ॥२॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्थायी—अन्तरा

२				०				३				×			
रे	रेम	रे	सा	नि	प	म	प	नि	—	सा	निसां	रे	रेग	रे	नि
आ	ज—	द	धि	कं	—	च	न	मो	—	ल	ल—	ई	—	—	—
सा	—	—	—	रे	—	म	म	प	—	प	प	नि	म	म	प
—	—	—	—	जा	—	द	धि	कों	—	स	न	का	—	दि	क
म	रे	सानि	सा	रे	रेग	रे	सा	नि	सा	गे	प	म	रे	—	सा
इ	—	च्छ—	त	सो	ग्वा—	ल	न	बां	—	टि	द	ई	—	—	—

स्थायी

२				०				३				×			
नि	नि	नि	—	सा	सा	सा	—	रे	रेम	रे	सा	निसा	रेसा	नि	प
द	धि	के	—	प	ल	टें	—	दु	ल—	री	—	दी—	— —	नी	—
नि	सा	रे	स	प	प	म	प	नि	प	म	रे	रे	नि	सा	—
ज	सु	म	ति	ख	व	र	भ	ई	—	—	—	—	—	—	—

'आभोग' अन्तरानुसार।

राग—वडहंस सारंग

यह राग खमाज थाट से उत्पन्न होता है। सम्प्रदाय में आजकल प्रचार में अप्रसिद्ध है, किन्तु प्राचीन हस्तलिखित कीर्तनसंग्रहो में यह नाम प्राप्त होता है अतः यह राग पुर्व समयमें प्रचार में होगा। वृन्दावनी से मिलता झूलता इस राग का वादी स्वर रिषभ और संवादी पंचम हैं। ग-ध वर्जित होने से इस राग की जाति औडव है। मुक्त मध्यम के कारण यह राग वृन्दावनी

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सारंगसे भिन्न दिखाई देता है । गानसमय मध्याह्न :होनें से सम्प्रदाय में उष्णकाल में राजभोग समय गाया जाता है ।

आरोहावरोह :– सा, रेम, पम, निप, निसां । सां निप, म, रे, सा ।

राग वडहंस सारंग, ताल त्रिताल (८ मात्रा)

चलो किनि देखन कुंजकुटी ।
मदनगोपाल जहां मध्यनायक, मन्मथ फोज लुटी ॥१॥
सुरतसमरमें लरत सखीकी मुक्तामाल तुटी ।
उरजवेंजु कंचुकी चुरकुट भई, कटिपट ग्रंथि छुटी ॥२॥
रसिकसिरोमनि हेंजु नंदसुत दीनी अधर घुटी ।
'परमानंद' गोविंद ग्वालिनिकी नीकी जोट जुटी ॥३॥

स्थायी

×		२		०		३		×		२		०		४	
सांनि	सां	नि	प	म	रे	सा	रे	म	—	—	—	म	म	म	प
दे—	—	ख	न	कुं	—	ज	कु	टी	—	—	—	च	लौ	कि	न

अंतरा

×		२		०		३		×		२		०		३	
म	प	प	प	नि	प	म	प	नि	सां	सां	सां	सांनि	रें	सां	सां
म	द	न	गो	पा	—	ल	ज	हाँ	—	म	ध्य	ना—	—	य	क
नि	सां	रें	मं	रें	—	सां	सां	सांनि	सां	नि	प	म	म	प	प
म	न	म	थ	फो	—	ज	कु	टी—	—	—	—	च	लौ	कि	न

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×	२	०	३	×	२	०	३	
म	म|म	म|म	प|प	—|म	म|प	निं|प	म|प	—
सु	र|त	स|म	र|में	—|ल	र|त	स|खी	—|की	—
म	नि|नि	प|म	प|मरे	सारे|म	—|—	—|रे	नि|सा	—
सु	—|क्ता	—|मा	—|ल—	तु—|टी	—|—	—|—	—|—	—

राग मधमाध सारंग (प्राचीन अंग)—ताल धमार

स्यामा नकवेसर अति वनी छवि कविपे बरनी न जाइ हो ।
सोने सरस सुनार गढी हे, हीरा लाल जराइ हो ॥१॥

आधे अधर बिराजत मोती, लाल रहे ललचाइ ।
ताकी सोभा अति बाढी हे, भयो गुंजको सुभाइ हो ॥२॥

तनसुख सारी रातो लहँगा क्यों न स्याम मन भाइ हो ।
सोभा हितहरिवंस सांवरे, चितें चली मुसिकाइ हो ॥३॥

स्थायी

३				×					२		०		
म	प	नि	सां	रें	—	—	सां	—	सां	—	नि	ध	प
हो	—	स्या	—	मा	—	—	न	—	क	—	बे	—	—
म	रे	म	प	नि	ध	प	प	—	म	—	रे	—	—
स	—	र	—	अ	—	—	ति	—	ब	—	नी	—	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सा	—	सा	—	म	म	—	म	—	रे	—	रे	रे	—
छ	—	वि	—	क	वि	—	पे	—	—	—	ब	र	—
म	—	प	—	ध	—	—	नि	ध	नि	ध	प	—	—
नी	—	न	—	जा	—	—	—	—	—	—	इ	—	—

अन्तरा

×					२		०			३			
म	प	—	नि	—	नि	—	सां	सां	—	सां	—	नि	सां
सो	—	—	ने	—	—	—	स	र	—	स	—	सु	—
रें	मं	रें	सां	—	सां	—	रें	नि	—	सां	—	—	—
ना	—	—	र	—	ग	—	ढी	—	—	हे	—	—	—
नि	सां	—	रें	—	मं	—	रें	—	—	सां	—	सां	रें
ही	—	—	रा	—	—	—	ला	—	—	ल	—	ज	—
सां	नि	—	सां	—	रें	—	नि	ध	प	म	प	नि	सां
रा	—	—	—	—	—	—	इ	—	—	हो	—	स्या	—

संचारी

×					२		०			३			
म	—	—	म	—	रे	—	रे	रे	—	म	—	प	—
आ	—	—	धे	—	—	—	अ	ध	—	र	—	थि	—
ध	—	—	नि	—	प	—	म	प	म	रे	—	सा	—
रा	—	—	ज	—	त	—	मो	—	—	ती	—	—	—
म	—	—	म	—	म	—	रे	—	—	म	—	प	—
ला	—	—	ल	—	र	—	हे	—	—	ल	—	ल	—

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ध	—	— नि	ध	नि	ध	प	—	—	म	— प	—
चा	—	— —	—	—	—	इ	—	—	—	— —	—

रागमाला, ताल चौताल

राग सारंगसे आरम्भ होनेवाली यह रागमाला हमारे पूर्व प्रकाशन 'अष्टछाप—भक्तिसंगीत !' ग्रन्थ—१, खण्ड—१, पृष्ठ १८३ पर देखिये ।

स्थायी (सारंग)

							म	प	निसां	रें	नि
							सा	—	रं—	—	ग
×		०		२		०		३		४	
सां	—	—	नि	—	प	नि	—	प	म	रे	सा
ने	—	—	नी	—	—	री	—	—	तूं	—	—
नि	सा	रे	—	म	—	प	प	म	प	नि	सां
कां	—	हे	—	को	—	कि	यो	—	ए	—	तो
रें	—	नि	सां	प	नि	प	म	प	निसां	रें	नि
मा	—	—	—	न	—	—	सा	—	रं—	—	ग

अन्तरा (गौरी, कल्याण)

×		०		२		०		३		४	
म	ध	—	नि	—	नि	रे	रें	—	सां	—	सां
गौ	—	—	री	—	ग	हे	रु	—	छां	—	डि

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

निसां	रें	सां	नि	ध	प	ध	मं	ग	रे	रे	सा
मि–	ल	–	ला	–	लें	–	म	–	न	ऋ	म
नि	सां	सां	प	मं	ध	सां	–	ध	प	–	प
ब	च	न	या	–	तें	हो	–	–	त	–	ऋ
ध	मप	प	रे	–	सा	–	म	प	निसां	रें	नि
ल्या	–	–	–	–	न	–	सा	–	रं–	–	ग

संचारी (नट भैरव)

×		०		२		०		३		४	
सां	सां	ध	ध	प	प	ध	प	म	म	–	–
जि	न	–	ह	–	ठ	क	र	–	री	–	–
प	प	रे	रे	ग	म	प	ग	–	म	रे	सा
न	ट	–	ना	–	–	ग	र	–	सो	–	–
ध	–	–	सां	ध	प	म	ग	रे	ग	म	प
मे	–	–	रो	–	–	ही	–	–	दे	–	व
म	–	–	रे	–	–	ग	रे	–	सा	–	–
गा	–	–	–	–	–	–	–	–	न	–	–

आभोग (कान्हरो)

×		०		२		०		३		४	
म	प	–	नि	प	मप	नि	सां	–	सां	–	–
मु	र	–	ली	–	——	ता	–	–	न	–	–

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नि	सां	–	रें	–	सां	नि	सां	–	ध	नि	प
का	–	–	न्ह	–	र	गा	–	–	व	–	त
म	–	–	प	नि	प	ग	–	म	रे	–	सा
सो	–	–	सु	–	न	ले	–	–	री	–	–
नि	सा	–	रे	–	सारे	ग	–	म	रे	सा	–
का	–	–	–	–	–	–	–	–	–	न	–

संचारी–२ (नायकी, अडानो)

×		०		२		०		३		४	
प	ग	म	रे	सा	रे	प	–	–	नि	म	प
रं	–	–	ग	–	रं	गी	–	–	ली	–	–
म	प	–	नि	म	प	सां	–	निध	नि	प	–
सु	ध	–	र	–	–	ना	–	य–	की	–	–
म	प	नि	सां	रें	रें	गं	–	मं	रें	–	सां
तू	–	–	जि	–	य	में	–	–	न	–	अ
रें	सां	रें	नि	सां	निध	नि	प	–	नि	म	प
डा	–	–	–	–	–	–	न	–	–	–	–

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

आभोग–२ (केदारो, बिहाग)

×		०		२		०		३		४	
म	–	–	प	–	–	ध	प	म	मग	प	धप
नं	–	–	द	–	–	दा	–	–	स–	–	के–
सां	–	रें	सां	–	–	नि	ध	प	पमं	धप	म
दा	–	–	रो	–	–	क	रि	–	के–	––	–
सा	–	–	म	ग	मग	प	–	–	नि	–	निं
यों	–	–	हा	–	बि–	हा	–	–	ग	–	यो
सां	–	नि	प	ग	म	ग	सा	म	प	नि	निं
मा	–	–	–	–	–	न	–	सा	–	रं	ग

मल्हार के प्रकार

ग्रन्थों में 'मल्हार' राग को वर्षाऋतु का प्रधान राग कहा है। कुछ ग्रन्थों में 'मेघ' नाम से और कुछ ग्रन्थकारों ने 'मल्हार' नाम से उल्लेख किया है। पुष्टिमार्गीय हवेलीसंगीत–प्रणालि में भी यही शास्त्रदृष्टि अनुसार प्रातःकाल से सायंकाल की प्रत्येक सेवा में हर–समय मल्हार राग के कीर्तन गाये जाते हैं। आषाढ शुक्ल द्वितीया से 'मल्हार' का आरम्भ होता है और श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के बाद हिंडोला (झूला) विसर्जन होते ही राग समाप्त होता है। श्री...कों जगाये वे से लेकर पोढायने तक की वर्षाऋतु की लीला के सेंकडों पद इस राग में गाये जाते हैं। सम्प्रदाय में 'मल्हार' के लगभग ६ प्रकार गाये जाते हैं, परन्तु संग्रह–ग्रन्थों में यह सभी पदों का समावेश 'राग–मल्हार' शीर्षक के अन्तर्गत ही किया हुआ दृष्टिगोचर होता है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

कतिपय संग्रहों में 'मेघ मल्हार' 'सोरठ मल्हार' और 'गौड मल्हार' नाम पाये जाते हैं, किन्तु कुछ दो चार नियत पदों के शीर्षक रूप में ही दिखाई देते हैं। सम्प्रदाय के लिखित संग्रहग्रन्थों तथा क्रियात्मक गान-शैली की ओर दृष्टि करने से स्पष्ट होता है कि ऋतुप्रधान रागों के छः प्रकार व्यवहार में होते हुए केवल मल्हार राग के नाम से संबोधन करने की प्रथा परम्परागत रूप में चालू रही है, किन्तु आजकल हवेलीसंगीत के रागप्रकारों का विभाजन करना संशोधनीय दृष्टि से अत्यावश्यक है। अतः हमारे मतानुसार सम्प्रदाय में मल्हार राग की गानशैली में षड्-विध प्रकार के मल्हार दृष्टिगत होते हैं। (१) मेघ मल्हार—शुद्ध मल्हार, (२) गौड मल्हार, (३) सोरठ मल्हार, (४) सूर मल्हार, (५) धूरिया मल्हार और (६) मल्हार।

राग मेघ, प्राचीन मल्हार

संस्कृत ग्रन्थों में मेघ एवं मल्हार कों वर्षाऋतु का मुख्य राग माना गया है और यह दोनों नामो के वर्णन प्राप्त होते हैं। 'संगीतरत्नाकर' 'रागलक्षण' 'संगीतदर्पण' 'हृदयकौतुक' 'हृदयप्रकाश' 'संगीतपारिजात' इन ग्रन्थों में 'मेघ' राग का उल्लेख किया गया है, परन्तु अन्य ग्रन्थकारों ने 'मल्हार' का ही वर्णन किया है, मेघ का उल्लेख किया नहीं है। दर्पणकारने मेघ राग का स्वरूप-ध्यान तथा राग-लक्षण इस प्रकार कहा है।

---

१. मेघरागो मन्द्रहीनो ग्रहांशन्यासधैवतः। [सं. रत्नाकर]
२. मेघः पूर्णो धत्रयः स्यादुत्तरायतमूर्छनः। (सं. दर्पण)
३. गायकप्रियमेलाच्च मेघरागः सुनामकः। (रागलक्षण)
४. पसौ मेघो हि षाडवः। (हृदयकौतुक)
५. तत्र मेले भवेन्मेघः। (हृदयप्रकाश)
६. यतो वर्षासु गेयोऽयं मेघ इत्यपि कीर्तितः। (सं. पारिजात)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ध्यान—नीलोत्पलाभवपुरिन्दुसमानवक्त्रः पीताम्बरस्तृषितचातकयाच्यमानः ।
पीयूषमन्दहसितो घनमध्यवर्ती वीरेषु राजति युवा किल मेघरागः ॥
लक्षण—मेघः पूर्णो धत्रयः स्यादुत्तरायतमूर्छनः ।
विकृतो धैवतो ज्ञेयः शृंगाररसपूर्वकः ॥ [सं. दर्पण]

इसमें 'वीरेषु राजति'' 'शृंगार–रस, तथा मेघ को विकृत धैवतयुक्त सम्पूर्ण माना गया है। जैसे–ध नि सा रि ग म प ध।

लोचन पण्डित ने ''धनिषादौ च शार्गंस्य कर्णाटस्य गमौ यदि'' कहा है। इसमें शार्गदेव (सारंगदेव) का धैवत अर्थात् ''धश्च शुद्धनिषादः स्यात्'' समझा जाय गा, अतः शुद्ध धैवत अपना कोमल निषाद होता है। इस श्लोक के सम्बन्धानुसार 'मेघ' का थाट 'सा रि ग म प नि सां' होता है। इनमें 'कर्णाटस्य गमौ' के उल्लेख से अपनी पद्धति का गान्धार कोमल कहा जायगा, किन्तु सम्प्रदाय के धूरिया मल्हार के अतिरिक्त प्रकारों में कोमल गान्धार वाला मल्हार का कोई भी प्रकार गाया नहीं जाता।

हृदय पण्डित ने अपने ग्रन्थों में मेघ का निम्न प्रकार दिया हे—
'गधैवतनिषादास्तु यत्र तीव्रतराः स्मृताः ।
तत्र मेले भवेन्मेघः मेघः सम्पूर्ण उच्यते ॥ [हृदयप्रकाश]
सा रि ग म प ध निसां। रि सा नि ध प म म, रि सा। नि ध प म प सां। *

उपर्युक्त ग्रन्थोक्त उल्लेखो में ग ध नि तीव्रतर बताये हैं, जो अपनी प्रचलित पद्धति का शुद्ध ग, कोमल नि, और शुद्ध नि होता है। हवेलीसंगीत की प्राचीन परम्परा का मेघ–मल्हार इसी स्वर-स्वरुप में गाया जाता था, परन्तु यह प्राचीन प्रकार आजकल सुनने में आता नहीं है।

'मेघ' राग के सम्बन्ध में कुछ ग्रन्थोक्त उल्लेख हम देख चुके हैं, परन्तु बहुत से ग्रन्थकारों ने मेघ का वर्णन नहीं, किन्तु मल्हार का

* हिं. सं. पद्धति, भाग ४ (पं. भातखण्डे), पृ. ५५९

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

वर्णन किया है। जैसा कि पुण्डरीक ने 'सद्रागचन्द्रोदय' 'रागमंजरी' 'रागमाला' ग्रन्थों में मेघ का वर्णन किया नहीं है। तदुपरान्त 'स्वरमेलकलानिधि' 'चतुर्दण्डिप्रकाशिका' 'रागविबोध' तथा 'संगीतसारामृत' आदि ग्रन्थों में मेघ का नहीं, मल्हार का वर्णन प्राप्त होता है।

किंवदन्ती के आधार पर कहा जाता है कि अकबर बादशाह के समय में 'दीपक' और 'मेघ' राग के गानों से बनी हुई करुण घटना के कारण वैष्णव सम्प्रदायों के संगीताचार्यों ने[१] 'दीपक' और 'मेघ' का गान किया नहीं होगा। सम्भव है कि इसी कारणवशात् उपर्युक्त ग्रन्थकारों ने भी मेघ के स्थान पर 'मल्हार' का ही वर्णन किया है।

पं. अहोबल ने 'संगीतपारिजात' ग्रन्थ के आरम्भ में ही कहा है कि "अथ मेघो मल्लारोऽपि अर्थात् यही 'मेघ' राग है और मल्हार भी।" यहीं मान्यता दूसरे श्लोक में स्पष्ट करते हुए कहा है कि "यतो वर्षासु गेयोऽयं मेघ इत्यपि कीर्तितः।"

अर्थात् 'यह वर्षाऋतु में गाया जाता या गाने योग्य है, अतः इसे 'मेघ' राग भी कहते हैं'।

लोचन पण्डित ने भी कहा है कि—

"मेघरागस्य संस्थाने मेघो मल्हार एव च।" (तरंगिणी)

उपर्युक्त ग्रन्थों के उल्लेखानुसार का 'मेघ-मल्हार' जो आजकल अप्रचलित है वही अष्टछाप—संगीत-परम्परा का शुद्ध-मल्हार भी कहा जायगा। इस प्रकार 'मेघ मल्हार' का उल्लेख केवल 'श्रीकुम्भनदासजी' और 'श्रीकृष्णदासजी' के प्राचीन पदसंग्रहों में एक-एक पद ही प्राप्त होता है। तानसेन सम्बन्धित 'दीपक' और 'मेघ' की घटना के पश्चात्

---

१. मेघ-मल्हार का उल्लेख केवल अष्टछाप के श्रीकुम्भनदासजीकृत एक पद में (देखिये 'कुंभनदास' कांकरौली प्रकाशन, पृ. १२१) तथा 'कृष्णदास' (पृष्ठ ३६२, कांकरोली प्रकाशन) के पद में प्राप्त होता है।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

उन्होंने तथा अष्टछाप के अन्य संगीताचार्यों ने मेघ—मल्हार के स्थान पर 'मल्हार' का ही उल्लेख किया हुआ प्राचीन हस्तलिखित पद-संग्रहों से स्पष्ट होता है ।

मेघ—मल्हार के इस प्राचीन प्रकार को हम 'शुद्ध मल्हार' कहना ही उचित समझेंगे । सम्प्रदाय के पदसंग्रहों में 'मल्हार' के शीर्षक में ही इस प्रकार के कतिपय पदों का समावेश किया हुआ है । संवत् २००० के पुर्व यानि ई. स. की चालू शताब्दी के पुर्व भाग के प्राचीन कीर्तनकारों से इस प्रकार का मल्हार सुनने का कुछ सुयोग प्राप्त हुआ था । इस लेखकने अपने पिताजी से भी इस प्रकार के दो—चार कीर्तन जो सुने हुए थे, इसी आधार पर यहाँ 'शुद्ध मल्हार' की चर्चा के पश्चात् उसी पदों को स्वरलिपि—बद्ध करके प्रकाशित किया गया है ।

राग शुद्ध-मल्हार (प्राचीन मेघमल्हार)

शुद्ध मल्हार का यह प्राचीन प्रकार आजकल प्रचार में नहीं है । इस राग का थाट काफी मानना उचित है । इस में दोनों निषाद साथ साथ में लिये जाते हैं । गान्धार और धैवत स्वर वर्ज्य होने से जाति औडुव है । दोनों निषाद साथ में लेते समय कोमल निषाद पर धैवत स्वर कणरूप में व्यक्त होता है, किन्तु जब दोनों निषादों को मींड से लिया जाता है तव धैवत का कण बहुत कम दिखाई देता है । ऋषभ स्वर पर मध्यम का कण इस राग में आवश्यक है । वादी स्वर सा संवादी पंचम माना जाता है । मध्यम स्वर मुक्त रहता है । प्रकृति गंभीर है ।

उचित स्थान पर मींड और गमक का प्रयोग किया जता है इस राग का गानसमय प्रहर की दृष्टि से रात्रि का तीसरा प्रहर माना जाता

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

हैं, किन्तु वर्षाऋतु का यह मोसमी राग होने से इस ऋतु में हर समय चाहे जब गा सकते हैं । ग नि वर्ज्य का 'शुद्ध मल्हार'भी आजकल प्रचार में दिखाई देता है, किन्तु हवेली-संगीतपरम्परा के 'प्रचलित मल्हार से वह भिन्न है । दोनों निषादों का साथ ही प्रयोग तथा धैवत का कण लेने से 'मियां मल्हार' का कुछ भास होता है, किन्तु शुद्ध ध तथा कोमल गान्धार इस राग में वर्ज्य होने से रागभेद स्पष्ट होता है । कुछ मान्यतानुसार इस राग के आधार को दृष्टि समक्ष रख कर 'मियां मल्हार' का सर्जन होना असम्भवित नहीं है । निसा, मरे, रेप, निमप, तथा मरे, मरे, मरे, रेसा और पनिनिसां' इस स्वरसमुदाय से इस राग स्पष्ट होता है और सारंग का अंग दूर हो जाता है ।

म म ध
आरोह—सा, रेम, रेप, मप, नि, निसां ।

म
अवरोह—सां, निप, म, मरे, प, मरे, रेसा ।

ध
पकड—मरे, प, मप, नि, निसां, निमप, मरे सा ।

अष्टछाप के संगीताचार्य श्री परमानंददासजी ने गाये हुए निम्न पद को 'राग शुद्ध-मल्हार (मेघ मल्हार)' में स्वरांकन-सहित उदाहरणरूप में प्रगट कर रहे हैं ।

राग मेघ (प्राचीन मल्हार)—ताल प्राचीज रूपक

इन मोरन की भांत देखि नाचत गोपाला ।
मिल्वत * गति-भेद नीके, मोहन नटसाला ॥१॥
गरजत घन मंद-मंद, दामिनी दरसावे ।
रिमकि झिमकि बूंद परें, राग मल्हार गावे ॥२॥

---

* पाठान्तर 'सूर'

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

चातक पिक सघन कुंज, बार बार कूजे ।
वृंदावन कुसुमलता चरन कमल पूजे ॥३॥
सुर नर मुनि कामधेनु कौतिक देखनि आवे ।
वारि फेरि भक्ति उचित, 'परमानंद' पावे ॥४॥

स्थायी

×		२				×		२			
म	रे	म	रे	प	—	नि	—	नि	सां	—	सां
मो	—	र	न	का	—	भाँ	—	त	दे	—	खि
नि	मप	म	रे	प	प	म	रे	सा	रे	नि	सा
ना	——	च	त	—	गो	पा	—	ला	—	इ	न

अन्तरा

×		२				×		२			
म	म	प	प	नि	प	सां	—	सां	नि	सां	सां
मि	ल	व	त	ग	ति	भे	—	द	नी	—	के
रें	—	मं	रें	सां	सां	नि	प	मप	म	रे	सा
मो	—	ह	न	न	ट	सा	—	ला—	—	इ	न

संचारी

×		२				×		२			
म	म	रे	रे	म	म	प	—	प	प	—	प
ग	र	ज	त	घ	न	मं	—	द	मं	—	द

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

नि	—	नि	सां	नि	प	मप	म	रे	रे	नि	सा
दा	—	मि	नी	द	र	सा—	—	—	वे	—	—

आभोग

×		२				×		२			
रें	रें	रें	सां	रें	पं	मं	—	मं	रें	सां	—
रि	म	कि	झि	म	कि	बूं	—	द	प	रें	—
म	म	मरे	प	—	प	मप	निप	मप	म	रे	सा
श	ग	म—	ल्हा	—	र	गा—	——	——	वे	इ	न

अष्टछाप के संगीताचार्य श्रीछीत स्वामी ने गाया हुआ निम्न पद भी उदाहरणार्थ इसी राग में स्वरांकन—सहित दिया गया है।

राग (शुद्ध) मल्हार—ताल चौताल

यह नागर नंदलाल कुंवर मोरन संग नाचें। कटि—तट पट किंकिनी कल, नूपुर रुनझुन करें, नृत्य करत चपल—चरन, पात घात साँचें ॥१॥ उदित मुदित सघन गगन घोरत घन दे दे भेद कोकिला कल—गान करत, पंचम सुर साचे। 'छीतस्वामी' गोवर्धननाथ साथ बिहरत वर, रासबिलास वृंदावन प्रेमवास यांचे ॥२॥

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
		म	म								
म	रे	रे	रे	म	रे	प	—	प	नि	म	प
ना	—	ग	र	नं	द	ला	—	ल	कुं	व	र

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

म	–	म	रे	प	प	म	–	रे	सा	नि़	सा
मो	–	र	न	सं	ग	ना	–	चैं	–	य	ह

अन्तरा

×		०		२		०		३		४	
							ध				
म	म	म	प	प	प	नि	नि	नि	–	सां	सां
क	टि	त	ट	प	ट	किं	कि	नी	–	क	ल
									ध		
म	–	प	प	नि	प	निसां	रें	नि	नि	प	–
नू	–	पु	र	रु	न	झु–	न	क	रें	–	–
	प	मं					गं				
प	रें	रें	सां	रें	पं	मं	मं	रें	सां	नि	सां
नृ	–	त्य	क	र	त	च	प	ल	च	र	न
	म	रे	प	म	प	मप	सां	निप	मप	म	रे
निप	मप	म	रे	प	प	म	–	रे	सा	नि़	सा
पा–	––	त	पा	–	त	सां	–	चैं	–	य	ह

संचारी

×		०		२		०		३		४	
			म	म	म		ग				
म	म	म	रे	रे	रे	म	म	मरे	प	प	प
उ	दि	त	शु	दि	त	स	घ	न–	ग	ग	न

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

म	रे	प	प	म	प	नि	नि	नि	सां	नि	प
घो	—	र	त	घ	न	दे	—	दे	भे	—	द
म	रे	(म)रे	(म)रे	(म)रे	प	म	—	रे	सा	रे	सा
को	—	कि	ला	क	ल	गा	—	न	क	र	त
म	रे	प	प	म	प	म	—	रे	प	—	—
पं	—	च	म	सु	र	सां	—	—	चें	—	—

राग गौड मल्हार

गौड मल्हार राग खमाज थाट से उत्पन्न होता है । कोई इसका बिलावल (शंकराभरण) थाट भी मानते हैं । गौड और मल्हार के संयोग से यह राग बना हुआ है । क्वचित् बिलावल की छाया भी दिखाई देती है । 'रेगरेमगरेसा' यह गौड राग का अंग है, इसके साथ मल्हार का 'मरे, प, मपधसां, धपम' इन स्वरों को जोड़ने से गौड़-का स्वरूप स्पष्ट होता है । कभी कभी 'पपनिध, निसांरेंसां' इन स्वरों का प्रयोग कोई गुणीलोग करते हैं तब बिलावल राग की छाया भी मालूम होती हैं । रेप की संगति सुन्दर दिखाई देती है । रेम, रेप, धसां, धनिपं और धसांधपम, तथा रेग, सारेम, मप, मग, मग, रेगरेमगरेसा, इन स्वरसंगतियों को जोड़ने से गौड मल्हार के अतिरिक्त मल्हार का कोई प्रकार संभवित नहीं है । वादी मध्यम तथा संवादी षड्ज स्वर है, कोई पंचम को भी वादी मानते हैं । गानसमय रात्रि का दूसरा प्रहर है, किन्तु वर्षाऋतु में सर्वकालीन यानि चाहे जब गाया जाता है ।

× खमाजीमेलके ख्यातो गौडमल्लारनामकः ।
शंकराभरणेऽप्येनं केचिदाहुर्विपश्चितः ॥

(लक्ष्यसंगीत)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

जाति सम्पूर्ण है यानि आरोह अवरोह दोनों में सातों स्वरों का उपयोग होता है। शुद्ध निषाद आरोह में लिया जाता है, परन्तु दुर्वल होने से 'धसां' और 'सांध' की संगति अधिकतर दिखाई देती है। कोमल निषाद् हमेशां अवरोह में 'निप' अथवा 'धनिप' संगति से ही लिया जाता है। गौड मल्हार का एक अन्य प्रकार भी प्रचार में है, जिस में कोमल गान्धार का प्रयोग होता हैं, किन्तु अष्टछाप–परम्परा के द्रुपदों में शुद्ध गान्धार का गौड मल्हार ही गाया जाता है। हवेली-परम्परा में गाये जाने वाले मल्हार के पदों में यह राग अधिकतर दिखाई देता है। प्रचार में कुछ द्रुपद गायक कोमल गान्धार का प्रयोग करते हैं तथा दोनों गान्धार लेने वाले द्रुपद भी देखने में आते हैं। कोमल गान्धार का प्रयोग करने वाले इसे काफी थाट का राग मानते हैं। ख्याल–गायक हमेशां तीव्र गान्धार का प्रयोग करते हैं। तीव्र गान्धार का गौड मल्हार अधिक प्रचलित है। यही नहीं, हवेली–संगीत' परम्परा में तीव्र गान्धार का ही गाने की प्रथा परम्परागत होने से लेखक के मतानुसार इस राग को खमाज थाट का राग मानना :अधिक ठीक है। सम्प्रदाय में :इस प्रकार के बन्दिश के सभी पदोंको केवल 'राग मल्हार' ही कहने का रिवाज है।

आरोह—रे ग रे म ग रे सा, रेप, मप, धसां।

अवरोह—सांधनिप, मपमग, रेसा

पकड–स्वर—रेगरेमगरेसा, रेपमप, धसां, धपम

राग (गौड) मल्हार–ताल चौताल

माई तेसोई वृंदाबन तेसीय हरित भूमि, तेसीय बीरबधू चलत सुहाई माई।
तेसेई कोकिला कल कुहू कुहू कूजत,
तेसेई नाचत मोर निरखत सोभा नेननि सुखदाई ॥१॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तेसी ही नवरंग नवरंग बनी जोरी, तेसेई गावत राग मल्हार तान मनभाई ।
'गोविंद' प्रभु सुरंग हिंडोरे झूलें फूलें आछे,
रंगभरे चहुँदिस तें घटा जुरि आई ॥२॥

स्थायी

×		०		२		०		३		४	
नि	ध	—	नि	प	ध	नि	सां	—	नि	सा	सां
ते	सो	—	ई	—	झूं	दा	—	—	ब	—	न
नि	प	म	प	—	प	धनि	सां	धप	मग	प	म
ते	सा	—	य	—	ह	रि—	—	त—	भू—	—	मिं
म	रे	रे	ग	म	प	मग	म	रे	रे	सा	सा
ते	—	सी	—	य	—	बी—	—	र	ब	—	धू
म	रे	प	प	म	प	धनि	सां	धप	म	ग	म
ल	ग	—	त	—	सु	हा—	—	ई—	मा	—	ई

अन्तरा

×		०		२		०		३		४	
नि	—	नि	सां	—	नि	सां	सां	—	नि	सां	सां
ते	—	से	ई	—	को	कि	ला	—	क	—	ल
सां	म	प	प	नि	प	निसां	रें	—	ध	नि	प
कु	हू	—	कु	हू	—	कू—	—	—	ज	—	त
मग	रे	रे	ग	म	प	मग	म	रे	रे	सा	सा
ते—	—	से	ई	—	ना	च—	—	त	मो	—	इ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

प	रें	—	सां	रें	गं	पं	गं	मं	रें	—	सां
नि	र	—	ख	—	त	सो	—	—	भा	—	—
सां	ध	नि	प	म	प	धनि	सां	धप	म	ग	म
ने	—	न	नि	सु	ख	दा—	—	ई	मा	—	ई

संचारी

×		०		२		०		३		४	
म	—	म	म	रे	रे	रे	प	—	ध	नि	प
बे	—	सी	ही	—	न	व	—	—	रं	—	ग
म	म	रे	प	म	प	धनि	सां	ध	प	म	ग
न	व	—	रं	—	ग	ब—	नी	—	जो	—	री
म	गम	रे	ग	म	प	ध	प	म	रे	—	सा
बे	से—	ई	गा	व	त	रा	ग	म	ल्हा	—	र
म	रे	प	प	म	प	ध	नि	प	म	रे	सा
ता	—	न	मं	—	न	भा	—	—	ई	—	—

राग (गौड) मल्हार—ताल सूलताल

माईरी घन मृदंग रस भेद सों बाजत, नाचत चपला चंचल गति ।
कोकिला अलापत, पपैया उरप लेत, मोर मधुर सुर साजत ॥१॥
दादुर ताल धारि धुनि सुनियत हे, रुनझुन रुनझुन नूपुर बाजत ।
'तानसेन' के प्रभु तुम बहुनायक, कुंजमहल दोऊ राजत ॥२॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्थायी

×		०		२		३		०	
नि	ध	नि	सां	—	सां	—	ध	नि	प
ध	न	मृ	दं	—	ग	—	र	—	स
म	रे	प	प	मप	धसां	ध	प	म	ग
मे	—	द	सों	बा—	——	ज	—	त	—
रें	ग	प	ग	म	रे	—	सा	रे	सा
ना	—	च	त	च	प	—	ला	—	—
ध	—	नि	सां	नि	प	म	प	ग	म
चं	—	च	ल	ग	ति	मा	—	ई	री

अन्तरा

×		०		२		३		०	
नि	नि	नि	नि	सां	नि	सां	सां	—	—
को	कि	ला	अ	ला	—	प	त	—	—
प	प	नि	ध	नि	सां	रे	नि	ध	प
प	पै	या	—	उ	र	प	ले	—	त
रें	—	गं	मं	रें	सां	रें	सां	ध	प
मो	—	र	म	धु	र	—	सु	—	र
नि	ध	नि	सां	नि	प	म	प	ग	म
सा	—	—	—	ज	त	मा	—	ई	री

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

संचारी

×		०		२		३		०	
म	—	म	म	प	—	प	प	म	प
दा	—	दु	र	ता	—	ल	धा	—	रि
म	रे	प	प	ध	सां	ध	प	म	ग
धु	नि	सु	नि	य	त	—	हे	—	—
रे	ग	म	प	म	ग	म	रे	सा	सा
रु	न	झु	न	रु	न	—	झु	—	न
म	रे	म	प	ध	सां	ध	प	म	—
नू	—	पु	र	बा	—	—	ज	त	—

राग (गौड) मल्हार—ताल धमार

तुम घन से हो घनस्याम गरज गरज आये अनत जाइ बरसे ।
कहूं बरसत कहूं नेह जनावत, कहूं लावत झरसे ॥१॥
मुखकी अलबलाई (जूठीं मीठी नात ने) हम ही करने आये,
ओरनके पग परसे हो ।
'घोंधी'के प्रभु तुम बहुनायक, इन बातन सरसे ॥२॥

स्थायी

गरे	सा	ग	रेग
तु–	म	घ	न–

×					२		०			३			
म	—	—	ग	प	प	पध	ग	प	मग	म	रे	प	प
से	—	—	हो	—	घ	न–	स्या	—	म–	ग	र	ज	ग

नि	ध	नि	सां	–	सां	–	रें	सां	ध	नि	प	म	प
र	ज	–	आ	–	ये	–	अ	न	त	जा	–	इ	–
मप	धनि	सां	ध	प	ग	प	म	ग	रेंसा				
ब–	र–	–	से	–	–	–	हो	–	––				

अंतरा

×					२		०			३			
म	प	–	नि	ध	नि	नि	सां	सां	–	रें	–	सां	–
क	हूं	–	–	–	ब	र	स	त	–	क	–	हूं	–
सां	गं	–	गं	मं	पं	गं	मं	रें	सां	ध	नि	प	–
नें	–	–	ह	–	ज	–	ना	–	–	ब	–	त	–
म	रे	प	पध	निसां	ध	प	ग	प	मग	रेग	सा,	ग	रेग
क	हूं	–	ला–	––	ब	त	झ	र	से–	––	–,	घ	न–

संचारी

×					२		०			३			
म	म	रे	म	–	–	–	प	प	प	ध	–	प	–
सु	ख	–	की	–	–	–	अ	ल	ब	ला	–	ई	–
म	म	रे	प	–	–	प	ध	नि	सां	ध	प	म	–
ह	म	–	ही	–	–	क	र	नं	–	आ	–	ये	–

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सां	नि	सां	ध	प	म	—	ग	रे	ग	सा	रे	ग	—
ओ	—	—	र	—	न	—	के	—	—	प	—	ग	—
प	प	ध	म	—	—	—	ग	रे	ग	सा	—	—	—
प	र	—	से	—	—	—	—	—	—	हो	—	—	—

राग सोरठ मल्हार

यह राग सोरठ और मल्हार के संयोग से बना हुआ है । पुष्टि-सम्प्रदाय की कीर्तनप्रणाली में न गाये जाने वाले मल्हार के प्रकारों में अधिकतर सोरठ मल्हार और गौड मल्हार के ही पद गाये जाते हैं ।

थाट खमाज है । आरोह में शुद्ध तथा अवरोह में कोमल निषाद का प्रयोग होता है । वादी रे तथा संवादी धैवत है, कोई पंचम भी मानते हैं । अवरोह में गान्धार वर्ज्य अथवा मींड में छुपा हुआ रहता है । अतः जाति षाडव अथवा कोई सम्पूर्ण भी मानते हैं । सोरठ राग से मिलता हुआ हैं । राग 'देस' में गान्धार स्पष्ट रूप से लिया जाता है, शुद्ध गान्धार अधिकतर मींड में ही लिया जाता है ।

आरोहावरोह :—सा, रे, म, प, निमप, ध, सां । सां, निध, प, धम, रे, प, मगरे, नि, सा.

पकड :—मपनि, सां, रें निध, प, ध, मरे, प, धसां, निधप, मप, मरे, नि, सा ॥

स्वरविस्तार :—

(१) सा, म, पमरे, मरे, मप, धपमगरे, पमप, मपध, सां, धप, मगरे निसा ॥

(२) मप, मरेमप, ध, सां, धपम, पम, रे, मपधसां, निसां, निसांरें, सां, पंसं, रें, सां, पनिसां, निधप, धमगरे, निसा ॥ (३)

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(३) मप, प, मपधसां, धपम, निसां, ऩिधपम, मगरे ऩि, सा ॥

(४) मप, नि, सां, मं, रें, रेंगंरें रेंनिसां, निध पमगरे, प, मगरे, निसा ।

राग सोरठ मल्हार—ताल आडचौताल (द्विगुण मात्रा ७)

सखीरी (मोहि) बूंद अचानक लागी ।
सोवत हुती मदन मदमाती, घन गरज्यो तब जागी ॥१॥

दादुर मोर पपैंया कोयल, बोलत हें अनुरागी ।
'कुंभनदास' लाल गिरिधरसों, जाय मिली बडभागी ॥२॥

स्थायी

×	२		३		४		×	२		३		४	
नि	सां	रें	नि	धप	म	गरे	मरे	प	—	धनि	सां	धप	म
बूं	द	अ	चा	ऽऽ	न	कऽ	लाऽ	गी	—	स—	खी	रीऽ	ऽ
म	रे	ऩिसा	रे	प	मग	रेप	म	—	रे	ऩि	—	सा	—
बूं	द	अऽ	चा	ऽ	नऽ	कऽ	ला	ऽ	ऽ	गी	ऽ	ऽ	ऽ

अंतरा

३		४		×	२		३		४		×	२	
म	प	नि	नि	सां	सां	—	—	—	—	सां	रें	रें	रेंगं
सो	ऽ	व	त	हु	ती	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	म	द	न	ऽ
रें	सां	रें	नि	सां	—	—	प	नि	सां	रें	नि	ध	प
म	द	मा	ऽ	ता	ऽ	ऽ	घ	न	ग	र	ज्या	ऽ	ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

ध प	मग रेसा	म रे म	प — —	— —	मप धनि सां
त_ ऽ	बऽ ऽऽ	जा ऽ ऽ	गी ऽ ऽ	ऽ ऽ	सऽ खीऽ ऽ
ध प	म प	म रे ऩिसा	रे प	मग रेप	म — रे
री ऽ	ऽ ऽ	बूं द अऽ	चा ऽ	नऽ कऽ	ला ऽ ऽ

संचारी

× २	३	४	× २	३	४
म रे म	प —	प प	म प —	ध सां	धप म
दा दु र	मो ऽ	र प	पै या ऽ	कोऽ ऽऽ	यऽ ल
रे ऩि सा	रे —	रे गरे	म — —	रे —	ऩि —
बो ल त	हैं ऽ	अ नु	रा ऽ ऽ	गी ऽ	ऽ ऽ
सा — —					
ऽ ऽ ऽ					

राग सोरठ मल्हार—ताल आदिताल (त्रिताल मात्रा)

क्यों न भये हम मोर, वृंदाबन ।
करत निवास गोवरधन ऊपर, निरखत नंदकिसोर ॥१॥
क्यों न भये बंसीकुल सजनी, अधर पीवत घनघोर ।
क्यों न भये गुंजा बनबेली, रहत स्यामजुकी ओर ॥२॥
क्यों न भये मकराकृत कुंडल, स्याम स्रवन झकझोर ॥
'परमानंददास'को ठाकुर, गोपिनके चितचोर ॥३॥

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

स्थायी

×	२	०	३	×	२	०	३	
सां	निसां	रेंनि	धपमग	रेम	रेप	पधनि	सांधप	म
क्यों	ऽन	भये	ऽऽहऽ	ममो	ऽर	वृंदाऽ	ऽबऽ	न
—	गरेनि़	सारे	पमग	रेपम	—रे	—नि़	—सा	—
ऽ	क्योंऽन	भये	ऽहऽ	मऽमो	ऽऽ	ऽऽ	ऽर	ऽ

अन्तरा

×	२	०	३	×	२	०	३	
—	मपनि	निसां	—सां	सांम	मम	रेंरे	निसां	सां
ऽ	करत	निबा	ऽस	गोव	रध	नऊ	ऽप	र
प	निसां	रेंनि	धपम	रेम	रेप	पधनि	सांधप	म
नि	रख	तनं	ऽऽद्	किसो	ऽर	वृंदाऽ	ऽबऽ	न

संचारी

×	२	०	३	×	२	०	३	
म	रेंम	मप	—प	—धनि	सांध	पम	पम	—
क्यों	—न	भये	ऽबं	ऽसीऽ	ऽकु	लस	जनी	ऽ
नि	निसां	सांनिध	पमग	रेपम	——	रेनि़	—सा	—
अ	धर	पीवऽ	तघऽ	नऽघो	ऽऽ	ऽऽ	ऽर	ऽ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

राग सूर मल्हार

यह राग काफी थाट से उत्पन्न होता है। आरोह में धैवत और गान्धार वर्ज्य है तथापि अवरोह में धैवत लिया जाता है। दोनों निषादों का प्रयोग होता है। वादी स्वर षड्ज और संवादी पंचम है। मध्यम स्वर न्यास है। ग वर्ज्य स्वर है और धैवत स्वर अवरोह में ही किया जाता हैं। यह राग सारंग जैसा दिखाई देता है। मल्हार में मरे मरे की मींड के प्राधान्य से सोरठ राग का भास होता है। निमप और निधप इत्यादि स्वरसे सूर-मल्हार स्पष्ट होता है। मधमध-सारंग और मल्हार के मिश्रण से यह राग उत्पन्न होता है। यह राग अष्टछाप के सूरदासजी ने निर्माण किया है, जो वर्षाऋतु के अन्य मल्हारों के समय तक गाया जाता है।

(चोखडा) राग सुर मल्हार—ताल चंपक (अर्ध आडाचौताल)

सरस हिंडोरना माई झूले श्रीगोकुलचन्द ॥ध्रुव॥
द्वे खंभ कंचन के मनोहर रतनजटित सुरंग।
चार डांडी सरल सुंदर निरखि लज्जित अनंग।
पटली पिरोजा लाल लटकत झूमका बहुरंग।
मरुवे मानिक चूनी लागी बिच बिच हीरा तरंग ॥१॥
नव कुंज कुंज झुलाइ झुलवति सहचरी चहुँ ओर।
मनहु कुमुदिनी कमल फूले निरखि जुगल-किसोर।
ब्रजवधू तृन तोरि ड़ारती देति प्रान अंकोर।
'कृष्णदास' ब्रजवास दीजे नागर नंदकिसोर ॥४॥

स्थायी

नि	नि	म	प
स	र	स	हिं

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

१	२		३		४		१	२		३		४	
रें	नि	सां	नि	प	म	प	नि	नि	प	म	रे	म	प
डो	—	र	ना	—	मा	ई	झू	ले	श्री	गो	—	कु	ल
नि	ध	प	म	प	नि	सां	रें	नि	सां	नि	प	सां	—
चं	—	द	स	र	स	हिं	डो	—	र	ना	—	ढे	—

चलति

१	२		३		४		१	२		३		४	
सां	—	सां	नि	ध	म	प	सां	—	सां	नि	ध	प	प
खं	—	भ	कं	—	च	न	के	—	म	नो	—	ह	र
म	प	प	ध	नि	ध	प	म	—	रे	म	—	प	—
र	त	न	ज	टि	त	सु	रं	—	—	—	—	ग	—
सां	—	सां	नि	—	प	निध	नि	सां	सां	नि	ध	प	पं
चा	—	र	डां	—	डी	—	स	र	स	सुं	—	द	र
म	प	प	ध	नि	ध	प	म	—	प	म	—	नि	नि
नि	र	खि	ल	ज्जि	त	अ	नं	—	—	ग	—	प	डु

चलति

१	२		३		४		१	२		३		४
नि	—	नि	नि	—	सां	—	रें	मं	रें	सां	नि	सां सां
ली	—	पि	रो	—	जा	—	ला	—	ल	ल	ट	क ब

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

रें — रें	सां —	सां सां	नि — प	नि सां	सां सां
झू — म	का —	ब हु	रं — —	ग —	म रु
सां — —	सां —	सां सां	नि प प	नि —	सां —
बें — —	मा —	नि क	चू — नी	ला —	गी —
रेंरें मं मं	रें सां	निसां रेंसां	नि ध प	म प	नि सां
बिच बि च	ही —	रा— त—	रं — ग	स र	स हिं

राग धूलिया मल्हार

इस ग्रन्थ के प्रथम भाग के प्रथम खण्ड में पृष्ठ १८९ पर नायक घोंघी का वर्णन किया गया है। यह राग उसीकी देन होना सम्भवित है। जैसे घोंघी का घोंदी; धूंडी नाम अपभ्रंश हुआ है उसी प्रकार धूंडिया–मल्हार का अपभ्रंश धूलिया मल्हार नाम प्रचलित होना असम्भवित नहीं है।

